दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 11 अंक : 24 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 10 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st



# राजस्थान की मिट्टी में आयुर्वेद की जड़े गहरी, देश को विश्व गुरु बनाने में आयुर्वेद और योग की प्रमुख भूमिका : भजनलाल शर्मा

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित ओपीडी सुश्रुत भवन का किया लोकार्पण, इस मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रताप यादव, उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा, विधायक बालमुकुंद आचार्य भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजधानी जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि राजस्थान की मिट्टी में आयुर्वेद की जड़ काफी गहरी हैं, यहां औषधि उत्पादन की अद्भुत क्षमता है, प्रदेश की पहाड़ी, वन औषधि पौधे इसके साक्षी हैं यहां की भूमि सदियों से आयुर्वेद का केंद्र रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आयुर्वेद के संवर्धन तथा जनमानस में उसके व्यापक उपयोग के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1976 में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान एक महाविद्यालय के रूप में आरंभ होकर आज देश के प्रमुख डीम्ड टू बी आयुर्वेद यूनिवर्सिटी के रूप में विकसित हो गया है। राजस्थान की धरती पर स्थापित इस संस्थान ने 50 वर्षों में जिस ऊंचाई प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय नेतृत्व को प्राप्त किया है वह प्रेरणादायक है उन्होंने कहा कि शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रोगी सेवा इन चारों स्तंभों पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ने पिछले 5 दशकों में नेतृत्व स्थापित किया है, उन्होंने कहा कि हमारे देश को विश्व गुरु बनाने में आयुर्वेद और योग की प्रमुख भूमिका रही है आयुर्वेद के माध्यम से हम यह पहले से ही जान लेते हैं कि कौन से महीने में कौन सी बीमारी होगी और उसका उपचार कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि वेदों के साथ हमारे ऋषियों ने आयुर्वेद के माध्यम से मानव जीवन को समझा है चरक सुश्रुत व भट्टजी जैसे महान व्यक्तियों ने इस विद्या को व्यवस्थित रूप दिया उन्होंने कहा कि चरक संहिता में कहा गया है कि स्वस्थ शरीर धर्म का प्रथम साधन है सुश्रुत को आज पूरा विश्व शल्य चिकित्सा का जनक मानता है।

### पीएम मोदी ने योग को वैश्विक पहचान दिलाई और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए मोदी सरकार लगातार कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आयुर्वेद को बढ़ावा देने में निरंतर प्रयास कर रहे हैं इसके लिए उन्होंने पहले आयुष मंत्रालय की स्थापना की जिसके माध्यम से एक तरफ जहां आयुर्वेद अनुसंधान में निवेश बढ़ाया जा रहा है तो दूसरी तरफ आयुर्वेद संस्थाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आयुर्वेद की चिकित्सा पद्धति में शुरू से ही गहन विश्वास रखते हैं और वह आयुर्वेद की महत्व के बारे में संपूर्ण जानकारी रखते हैं इसलिए उन्होंने आयुर्वेद को आधुनिक तरीके से पूरी दुनिया में स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र संघ में योग की महत्ता के बारे में दमदार तरीके से अपनी बात कह कर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित करवाया जिसके माध्यम से योग आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय है और योग को पूरी दुनिया में वैश्विक पहचान मिली है।





### राजस्थान सरकार भी प्रदेश में आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए हर संभव कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने भी आयुर्वेद के विकास अनुसंधान प्रशिक्षण और विस्तार के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही। उन्होंने कहा कि हमने आयुर्वेद के लिए नए आयुर्वेद चिकित्सालय, महाविद्यालय और डिस्पेंसरी की स्थापना से सुलभ चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित की है तथा स्नातक स्नातकोत्तर सीटों में बढ़ोतरी की है आधुनिक लैब ड्रग स्टैंडर्डाइजेशन यूनिट और शिक्षक फार्मेसी को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद अस्पतालों का विस्तार, पंचकर्म इकाइयों का सुदृढ़ीकरण, दवाखानों का आधुनिकरण, शिक्षा एवं अनुसंधान के नए अवसर सहित विभिन्न निर्णय से आयुर्वेद को जन स्वास्थ्य स्वास्थ्य की मुख्य धारा में आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आरजीएचएस योजना में एक ही कार्मिक को चमनपरास के 75 डिब्बे आवंटित करने की गड़बड़ी पर नाराजगी जाहिर की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में आरजीएचएस योजना में एक ही कार्मिक को चमनपरास के 75 डिब्बे देने की गड़बड़ी पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि सरकार हर पात्र व्यक्ति की मदद करना चाहती है। हर तरह से सबका सहयोग करना चाहती है लेकिन यह आप लोगों का भी फर्ज बनता है कि आप ईमानदारी से सरकार और आमजन के प्रति कार्य करें उन्होंने कहा कि अगर एक ही कार्मिक को चमनपरास के 75 डिब्बे दे दिए जाएं तो फिर यह दूसरे जरूरतमंद व्यक्ति और सरकार के साथ ना इंसाफी होगी उन्होंने कहा कि सरकार की हर जगह निगरानी है सरकार हर जगह मॉनिटरिंग कर रही है और अगर कोई गड़बड़ी करते हुए पकड़ा गया तो फिर उसके खिलाफ सरकार कार्रवाई भी करेगी।

### केंद्रीय मंत्री प्रताप यादव ने प्रदेश में आयुर्वेद की क्षेत्र में भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की तारीफ की

केंद्रीय मंत्री प्रताप जाधव ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रदेश में आयुर्वेद के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार आयुर्वेद के क्षेत्र में बहुत अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की 50 वर्ष की यह यात्रा केवल समय की गणना नहीं है बल्कि उन संख्या चिकित्सकों शोधकर्ताओं और कर्म योगो की अटूट निष्ठा समर्पण और तपस्या का प्रतीक है जिन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी आयुर्वेद के दीपक को जलाए रखा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लोगों की असंतुलित जीवन शैली के कारण मधुमेह विटामिन बी 12 और डी की कमी जैसी अनेक बीमारियां पनप रही है इन बीमारियों की निदान के लिए योग और आयुर्वेद महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का विजन स्पष्ट है परंपरा की जड़ों में विज्ञान का संरक्षण और कल्याण की शाखों का विस्तार सुनिश्चित किया हुआ है। भारत सरकार का उद्देश्य केवल रोग का उपचार करना ही नहीं बल्कि स्वस्थ सशक्त और संतुलित व्यवस्था का निर्माण करना है उन्होंने इस वर्ष के बजट में आयुर्वेद के तीन नए अखिल भारतीय संस्थान सहित सभी घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राजस्थान में आयुष के क्षेत्र में हो रहे उल्लेखनीय कार्य की भी काफी सराहना की।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आयुर्वेद संस्थान को जमीन उपलब्ध करवाने का भी आश्वासन दिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में आयुर्वेद संस्थान के लिए जयपुर में जमीन उपलब्ध करवाने का आश्वासन भी दिया उन्होंने कहा कि जब केंद्रीय आयुर्वेद मंत्री खुद अपने भाषण में जयपुर में आयुर्वेद संस्थान के विस्तार के लिए गंभीर है तो यह हम सबके लिए अच्छा है इसलिए राजस्थान सरकार भी राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के विकास और विस्तार के लिए अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह आयुर्वेद संस्थान काफी पुराना है और अब जगह के हिसाब से काफी छोटा है और चार दिवारी क्षेत्र होने की वजह से संस्थान के आसपास तो जमीन मिल नहीं सकती लेकिन जयपुर की सीमा में जहां भी आपको आयुर्वेद संस्थान के लिए जमीन सूटेबल लगे इसके लिए जमीन की तलाश करें,संस्थान के प्रशासन से जुड़े लोग मेरे अधिकारियों से जाकर बातचीत कर सकते हैं जगह देख सकते हैं जहां भी जगह उन्हें संस्थान के लिए हर तरह से संपूर्ण लगे उस जगह के बारे में सरकार को बताएं सरकार हर तरह से आयुर्वेद संस्थान को जमीन देने के लिए तैयार है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में आयुर्वेद में स्थापित हुए नए आयाम

कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में आयुर्वेद के क्षेत्र में कई उल्लेखनीय कार्य किया और कई निर्णय लेकर प्रदेश में आयुर्वेद को बढ़ावा देने में और विस्तार करने में ऐतिहासिक कार्य किया है उन्होंने कहा कि प्रदेश में आयुष्मान आदर्श ग्राम योजना लाकर आयुर्वेद और योग के माध्यम से आरोग्य ग्राम बनाए जा रहे हैं उन्होंने कहा कि विश्व को आयुर्वेद और योग भारत की देन है बैरवा ने केंद्रीय मंत्री प्रताप राव जाधव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नेशनल आयुष मिशन में वर्ष 2025-26 की कार्य योजना के तहत राजस्थान को देश में सर्वाधिक 348 करोड रुपए आवंटित किए।

### कोरोना महामारी के उपचार में गिलोय और चवनप्राश का बहुत बड़ा योगदान रहा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि कोरोना महामारी के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति काफी प्रभावशाली रही इस दौरान जयपुर सहित पूरे राजस्थान में लोगों ने गिलोय और चमनप्राश का भरपूर सेवन करके अपनी ह्यूमैनिटी को बनाए रखा कोरोना महामारी में घर-घर में गिलोय और चवनप्राश का सेवन किया गया इसके अलावा आयुर्वेद औषधियां में भी लोगों को इस तरह की सुविधा दी गई ताकि लोगों में ह्यूमैनिटी बनी रहे उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान केंद्र की मोदी सरकार ने आयुर्वेद पद्धति से रोगियों के उपचार की व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया था जिसमें गिलोय और चवनप्राश का लोगों ने भरपूर सेवन किया जिसकी बदौलत कोरोना महामारी का मुकाबला करने में गिलोय और चमनपरास की बहुत बड़ी भूमिका रही।

# कल बजट में विकसित राजस्थान की झांकी की तस्वीर दिखाने को तैयार भजनलाल शर्मा

**कल का उगता हुआ सूरज राजस्थान की प्रगति की एक और नई पटकथा लिखने को तैयार, प्रदेश के सभी 200 विधानसभा सीटों के समुचित विकास तथा हर क्षेत्र में प्रदेश की तरक्की की झांकी दिखाने के पूरे आसार, युवा महिला किसान मजदूर व्यापारी उद्योगपति सब के बजट को सुनकर खिल उठेंगे चेहरे**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** कल का सूरज प्रदेश के विकास की एक नई पटकथा लिखने के संकल्प के साथ आसमान में उगेगा प्रदेश की जनता को यह उम्मीद है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछले एक महीना में बजट की रूपरेखा तैयार करने में विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों, उद्योगपतियों सरकारी कर्मचारी संगठन, मजदूर संगठनों, महिला संगठन, युवाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, किसान इत्यादि सभी से सामूहिक चर्चा करके और सुझाव सलाह लेकर बजट तैयार किया है तो यह बजट निश्चित रूप से हर जाति और बिरादरी के लोगों को पसंद आएगा और इस बजट में कहीं ना कहीं प्रदेश की सभी 200 विधानसभा सीट के समुचित विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं से लबालब होगा क्योंकि यह बजट सामूहिक चर्चा और सामूहिक सलाह के आधार पर तैयार किया गया है और बजट जल्दीबाजी में नहीं बल्कि एक लंबी प्रक्रिया के तहत तैयार किया गया है तो निश्चित रूप से यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास को दर्शाते हुए समावेशी और स्पर्शी नजर आएगा जो हर किसी को प्रभावित करेगा जानकार लोगों का कहना है कि पिछले 2 साल में भजनलाल सरकार की ओर से राजस्थान विधानसभा में जो भी बजट प्रस्तुत किया गया वह बजट सभी को पसंद भी आया और सरकार ने बजट में किए गए अधिकांश वादों को पूरा करके प्रदेश के लोगों का विश्वास और भरोसा भी जीता इसलिए लोगों को अब इस नए बजट से भी उम्मीद है कि नए बजट में सरकार की ओर से जो भी वादे किए जाएंगे वह सब वादे पिछले बजट की तरह पूरे होंगे जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का हमेशा से ही नेचर रहा है कि हर महत्वपूर्ण फैसला वे सामूहिक रूप से चर्चा करके लेते हैं किसी भी फैसले में जल्दी बाजी नहीं करते और उनका हर फैसला जन भावनाओं से जुड़ा रहता है इसलिए बजट तैयार करने में उन्होंने इस बार काफी होमवर्क किया इसके लिए उन्होंने पिछले करीब एक महीने से कई कई घंटे तक रोजाना विभिन्न क्षेत्र से जुड़े लोगों संगठनों से मुलाकात की पार्टी के विधायकों और संगठनों से जुड़े लोगों से भी बजट के बारे में सलाह और रैली इसके अलावा व्यापारियों उद्योगपतियों मजदूर कर्मचारी संगठनों महिला संगठनों छात्र-छात्राओं युवाओं और स्वयंसेवी संस्थाओं को मुख्यमंत्री आवास पर बुलाकर उनके साथ कई घंटे तक बातचीत की उनकी भावनाओं को सुना और बजट के बारे में उनसे सलाह और राय भी ली मुख्यमंत्री शर्मा मानते हैं कि सामूहिक सलाह और सुझावों के आधार पर लिए गए निर्णय ज्यादा प्रभाव कार्य होते हैं और ज्यादा लाभकारी होते हैं इसीलिए उन्होंने बजट में हर विभाग और हर क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ लोगों के साथ भी बातचीत की इसके अलावा वह अफसर जो बजट तैयार करने में हमेशा अपनी बड़ी भूमिका निभाते हैं जो नए-नए नवाचार और नए-नए उपाय और प्रयोग के माध्यम से प्रदेश के विकास को नई दिशा देने के आधार पर बजट तैयार करवाते रहे हैं उनसे भी उन्होंने बजट को लेकर काफी चर्चा की अखिल अरोड़ा जो बजट तैयार करने में काफी माहिर माने जाते हैं पिछली गहलोत सरकार में भी अरोड़ा ने बजट तैयार करने में बड़ी भूमिका निभाई थी अरोड़ा अभी वर्तमान में मुख्यमंत्री कार्यालय में सचिव हैं और इस बार भी बजट तैयार करने में उनकी बड़ी भूमिका बताई जा रही है फिलहाल इस बजट की परिकल्पना से लेकर इसके निर्माण में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में एक-एक बिंदु पर गंभीरता से मंथन करके उसे बजट में शामिल किया है बजट में इस बार किसान युवा मजदूर महिला उद्योगपति रोजगार शिक्षा चिकित्सा सड़क पानी बिजली स्किल डेवलपमेंट इत्यादि सभी क्षेत्रों में काफी कुछ प्रदेश की जनता को मिलने वाला है क्योंकि आने वाले दिनों में बहुत जल्दी ही प्रदेश में पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव होने वाले हैं वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की ओर से जिस तरह से मनरेगा को लेकर महासंग्राम छेड़ा हुआ है उसको देखते हुए इस बार प्रदेश के गांव में और भी खुशहाली और चमन लाने के प्रयास बजट में किया जा सकते हैं ग्राम पंचायत में अत्यधिक संसाधन और गांव की खुशहाली से जुड़े विभिन्न विषयों पर बजट में काफी कुछ देखने को मिल सकता है किसान और खेती के साथ-साथ युवाओं के रोजगार और स्किल डेवलपमेंट के बारे में सरकार की ओर से बजट में और अच्छे प्रयास किए जा सकते हैं इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा और महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबन बनाने की दिशा में इस बार भी बजट में और प्रावधान किया जा सकते हैं युवाओं के लिए भजनलाल सरकार पहले से ही कई तरह के कार्यक्रम और नीतियां संचालित की हुई है इसलिए बजट में युवाओं को और राहत दी जा सकती है तथा व्यापारी वर्ग को खुश करने के लिए भी बजट में बहुत सी राहत दी जा सकती है इस बार लोगों को उम्मीद है कि बजट से कहीं ना कहीं महंगाई से भी राहत दिलाने की कोशिश भजनलाल शर्मा जरूर कर सकते हैं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के पास वित्त मंत्रालय है इसलिए कल राजस्थान विधानसभा में दिया कुमारी खुद बजट प्रस्तुत करने जा रही हैं दिया कुमारी यह पहले ही कह चुकी है कि इस बार का बजट समावेशी और स्पर्शी होगा और पिछली बजट की तरह ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी होगा इसलिए बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोग और भाजपा के विधायक काफी उत्साहित और खुश जरूर नजर आ रहे हैं उन्हें यह पूरी उम्मीद है कि भजनलाल शर्मा पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को अपने दिल और दिमाग में पूरी तरह से फिट रखा हुआ है और उसी क्रम में राजस्थान को भी विकसित राजस्थान बनाने की दिशा में दूर दृष्टि रवैया अपनाते हुए निर्णय और योजनाएं तैयार कर रहे हैं ताकि राजस्थान विकसित राजस्थान के रूप में उभर कर सामने आए इस बार बाड़मेर की रिफाइनरी प्रदेश सरकार के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जा सकती है इस रिफाइनरी से एक तरफ जहां प्रदेश में रोजगार के अवसर पैदा होंगे तो दूसरी तरफ पश्चिमी राजस्थान में विकास का एक नया दौर शुरू होगा और इस विकास के नए दौर से राजस्थान सरकार की तिजोरी में पैसा भी आएगा जो प्रदेश के विकास के लिए काफी फायदेमंद साबित होगा इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मोदी सरकार के सभी मंत्रियों का पूरा सहयोग मिल रहा है इसलिए मोदी सरकार के सहयोग और मार्गदर्शन से भजनलाल शर्मा प्रदेश के विकास के एक स्वर्णिम युग का शुभारंभ कर चुके हैं जो प्रदेश की जनता के लिए काफी खुशी की बात है इसीलिए प्रदेश की जनता कल के बजट का बेताबी से इंतजार कर रही है।

## शहर के श्रीराम मंदिर अशोक टॉकीज से निकली बाबा श्याम की 11वीं पदयात्रा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री सांवरिया श्याम सलोने समिति टोली का कुआं के तत्वावधान में सोमवार को 11वीं विशाल पदयात्रा गाजे बाजे के साथ निकल गई। यह यात्रा श्रीराम मंदिर अशोक टॉकीज से खाटू श्याम के लिए रवाना हुई। खाटू धाम के लिए निकल गई पदयात्रा को नगर निगम अलवर के रहे महापौर घनश्याम गुर्जर ने बाबा श्याम की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उसे रवाना कया। भक्तों ने बताया कि खाटू श्याम बाबा की पदयात्रा में सभी भक्तों ने श्याम बाबा की ध्वजा हाथों में लेकर बाबा के भजन गाते हुए चल रहे। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या भक्तों ने भाग लिया। जिसमें मौजूद कलराम प्रजापत, अमर सिंह, विक्की प्रजापत, विजय कुमार, ओमप्रकाश प्रजापत, लेखराज यादव सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## नि:शुल्क लीवर, बीएमडी एवं थाइरॉइड जॉच शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा आयोजित नि:शुल्क लीवर, बीएमडी (हड्डीयों की जॉच) एवं थाइरॉइड जॉच शिविर बर्फी देवी पुरूषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास, में वरिष्ठ रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर आयोजित किया जा रहा है। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 10 फरवरी 2026 मंगलवार को प्रातः 09:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक नि:शुल्क लीवर, बीएमडी (हड्डीयों की जॉच) एवं थाइरॉइड जॉच शिविर लगाया जावेगा। एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.जी.एस राठौड भूतपूर्व प्रमुख चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिदिन सेवाये दी जा रही है।

## वर्कमन (Workman) टूरिज्म से संबंधित तीन दिवसीय कार्यशाला संपन्न



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान सरकार द्वारा तीन दिवसीय रैंप कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। टूरिज्म के प्रचार प्रसार के लिए आयोजित की गई इस कार्यशाला में वर्कमन टूरिज्म से संबंधित कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनर सुनेश चौहान, कृष्ण दावरिया ने एमएसएमई Schemes से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों को Ashoka hotel अलवर पर ले जाया गया और वहां का अवलोकन कराया गया कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सूक्ष्म एवं लघु उद्योग से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा एमएसएमई से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। अंतिम दिवस जिला उद्योग केंद्र, अलवर के सहायक कमिश्नर संजय प्रधान ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में सभी प्रतिभागियों को सशक्त बनाने और उन्हें नई तकनीक एवं प्रबंधन के साथ जोड़ना बताया गया।

## सरस्वती सभागार में पद्मश्री गफरुद्दीन मेवाती जोगी का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सरस्वती सीनियर सैकेंडरी स्कूल के सरस्वती सभागार में पद्मश्री गफरुद्दीन मेवाती जोगी का स्वागत किया गया। लोक कला भपंग वादन के संरक्षण व प्रसार के लिए उन्हें यह पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इस अवसर पर एन सी शर्मा इसे अलवर का सौभाग्य बताते हुए उन्हें शॉल व साफा बंधन करवाकर स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। भाजपा जिला प्रवक्ता जितेंद्र गोयल ने इस अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया कि जबसे मोदी सरकार आई है तब से इस तरह के सम्मान नामदारों को इस कामदारो को दिया जाता है व गफरुद्दीन मेवाती जोगी को पद्मश्री देना इस बात का प्रमाण है। विशिष्ट अतिथि राजेश बसवाल ने गफरुद्दीन खान मेवाती के बारे में कहा कि इस भपंग वादन पर महाभारत कालीन' पाण्डून का कड़ा ' का गायन कर मेवाती ने न केवल भारतीय कला को अपितु इतिहास को भी संरक्षण प्रदान कर अलवर का नाम रोशन किया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राजरानी शर्मा द्वारा की गई। धन्यवाद सुमित शर्मा द्वारा ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर शाहरुख खान मेवाती, डॉ. कुश कौशिक, खुशी यादव, कमल शर्मा, श्रुति गर्ग, पूजा चौधरी, कृतिका गौतम, पूजा प्रजापत, नीलाक्षी यादव, अतुल सिंह, विनय, क्रिश, रूपेश उपाध्याय, आंशिक शर्मा, दिया गुप्ता, ऋतु, प्रियांशी कौशिक, मयंक सैनी, कोमल प्रजापत, सुहाना गोयल आदि उपस्थित रहे।

## गुरुजी श्री हरिकिशन सैनी की स्मृति में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच मेला आज

**चौमूं(निस)।** गुरुजी श्री हरिकिशन सैनी की 59वीं जयंती के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में 22वां विशाल रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन मंगलवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक गुरुजी हरिकिशन भवन, एमजेएफ नर्सिंग कॉलेज कैंपस, रींगस रोड, चौमूं में संपन्न होगा। आयोजकों ने बताया कि गुरुजी हरिकिशन सैनी शिक्षा, समाजसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रतीक थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिससे जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिल सके। इस अवसर पर रक्तदान के साथ-साथ आमजन के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम श्रद्धावंत संत सुवालाल तंवर, हरिकिशन सैनी जनकल्याण फाउंडेशन के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की है। गौरतलब है कि गुरुजी हरिकिशन सैनी (10 फरवरी 1967 - 31 अक्टूबर 2018) समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं और उनकी स्मृतियां आज भी लोगों को सेवा और समानता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।

# ट्रैफिक पुलिस का सख्त एक्शन, नो-पार्किंग में खड़े दुपहिया वाहनों को ट्रैक्टर में भरकर किया जप्त

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के होप सर्कस पर सोमवार को यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने नो पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों और अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने करीब 15 से अधिक वाहनों को जब्त किया और उन्हें ट्रैक्टर में भरकर थाने भिजवाया। इस कार्रवाई को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ भी जुट गई। वहीं बिना हेलमेट वाहन चालक पुलिस को दूर से देखकर वापस लौटते नजर आए।



कार्रवाई के दौरान नगर निगम की ईओ निशा लखानी भी मौके पर पहुंचीं और घंटाघर व त्रिपोलिया के आस पास दुकानों के बाहर रखे सामान को जब्त करने की कार्रवाई की। निगम की टीम को देखते ही दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया, हालांकि टीम के जाते ही कुछ दुकानदारों ने दोबारा सामान बाहर लगा दिया।

इस दौरान टीम ने रशीद काटने की कार्यवाही भी की वही ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा ने बताया कि नो पार्किंग क्षेत्र में खड़ी बाइक और स्कूटी को मौके पर ही जब्त कर थाने भिजवाया गया है। इस दौरान करीब 15 दोपहिया वाहन और एक इको कार को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस शहर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले भी होप सर्कस इलाके से नो पार्किंग जोन में खड़ी कारों को जब्त किया जा चुका है। अब दोपहिया वाहनों के खिलाफ भी सख्ती बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि दरअसल होपसर्कस, बजाजा बाजार और घंटाघर क्षेत्र में लोग नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा कर खरीदारी करने चले जाते हैं, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को घंटों तक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## पशुपतिनाथ व शिव कथा के द्वितीय दिवस में शिव अवतार, ज्योतिर्लिंगों व मातृ-पितृ भक्ति का संदेश

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** श्री त्रिपोलेश्वर शिव शक्ति सेवा समिति के अध्यक्ष महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि समिति द्वारा आयोजित पशुपतिनाथ व शिव कथा के द्वितीय दिवस में पशुपतिनाथ भगवान के अवतार की भावपूर्ण कथा का वाचन किया गया। कथावाचक आचार्य दीपक अवस्थी ने कहा कि भगवान शिव ने त्रिपुर दहन, तारकासुर के पुत्रों के वध तथा पृथ्वी पर संत, ब्राह्मण और देवताओं के उद्धार के लिए विशाल नंदी का अवतार लेकर पशुपतिनाथ के रूप में अवतरण किया। कथा के दौरान द्वादश ज्योतिर्लिंगों की महिमा का वर्णन करते हुए आचार्य अवस्थी ने सोमनाथ एवं मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने अपने पुत्रों की योग्यता परखने हेतु एक प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें गणपति जी ने शिव-पार्वती को आसन पर विराजमान कर उन्हीं की परिक्रमा करते हुए माता-पिता को ही सर्वस्व बताया। उन्होंने कहा कि जिस संतान के रहते माता-पिता को कष्ट मिले, वह संतान कहलाने योग्य नहीं होती। आचार्य अवस्थी ने श्रोताओं को संदेश दिया कि माता-पिता की आज्ञा का पालन करना, उन्हें प्रसन्न रखना और जीवनभर तन-मन-धन से सेवा करना हर संतान का प्रथम धर्म है। शास्त्रों में माता-पिता को भगवान से भी बड़ा बताया गया है, क्योंकि मातृ-पितृ ऋण से परमात्मा भी स्वयं को उऋण नहीं कर सकते। कथा में आगे बताया गया कि अपने रूठे हुए पुत्र कार्तिकेय को मनाने के लिए माता पार्वती मल्लिका तथा भगवान शिव अर्जुन बनकर श्रीशैल पर्वत पर विराजमान हुए जो मल्लिकार्जुन के नाम से प्रसिद्ध हुए। द्वितीय दिवस की कथा में महाकालेश्वर एवं ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग की महिमा का भी वर्णन किया गया। अंत में विधिवत आरती के साथ दूसरे दिन की कथा का समापन हुआ।

## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय की सहायता हेतु दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाइम एक्सीलरेशन के माध्यम से परिवादों के उच्च स्तर पर जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए विभागीय अधिकारियों को टाइमलाइन के अनुसार परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर विशेष निर्देश दिए और कहा कि सभी शिकायतों का समाधान गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन कम से कम दो शिकायतकर्ता परिवारों से फोन पर संवाद कर फीडबैक लें, ताकि निस्तारण की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और इसका विधिवत रिकॉर्ड भी संधारित किया जाए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जिले में विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के व्यक्तियों को राज्य एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित सहायता शिविरों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सहायता शिविरों के माध्यम से घुमन्तु समुदाय के पात्र व्यक्तियों के मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, मूल निवास प्रमाण-पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनवाने हेतु आवेदन करवाए जाएंगे, ताकि वे राज्य एवं केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक के दौरान समाज कल्याण अधिकारी रमेश देहमिवाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग वीरेंद्र त्यागी, कृषि अधिकारी गोपाल लाल मीणा, सहायक निदेशक कोऑपरेटिव वेद प्रकाश सैनी, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, अधिशासी अभियंता वाटरशेड छत्रपाल, सहायक अभियंता बिजली विभाग दिनेश भड़ाना, प्रवर्तन अधिकारी पूनम चौधरी, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## भगवान शिव की कृपा के बिना जीवन में आनंद नहीं आ सकता - संत डॉ. शिवम् साधक महाराज

### शिव कृपा आनंद महोत्सव के प्रथम दिन शिव कथा का भक्तों ने किया रसपान

जयपुर टाइम्स





**अलवर(निसं.)।** अपना घर शालीमार के श्री राम मंदिर में चल रही शिव कृपा आनंद महोत्सव के प्रथम दिन भक्तों ने शिव कथा का रसपान किया। शिव कृपा आनंद महोत्सव में शिव कथा के दौरान संत डॉ. शिवम साधक महाराज ने सुनाया कि धर्म हमें वर्तमान में जीना सिखाता है, धर्म से दूर रहने वाला व्यक्ति या तो अपने भूतकाल की गलतियों पर पछताता हैं या भविष्य की चिंता में लगा रहता है। जिस कारण वह अपने आज की जिंदगी का सुख नहीं ले पाता है। भगवान शिव की कृपा के बिना जीवन में आनंद नहीं आ सकता, इसलिए जीवन में खुश रहना है तो हमेशा शिव की शरण में रहो। साथ ही बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। भगवान की पूजा कुछ पाने के लिए नहीं बल्कि सिर्फ भगवान को प्रसन्न करने के लिए करनी चाहिए ! डॉक्टर शिवम साधक महाराज ने सुनाया कि चंचुला जैसी महा पापिनी जो वेश्यावृत्ति में लीन हो गई शिव कथा से उसका भी कल्याण हुआ और मां पार्वती ने अपनी निज सखियों के स्वरूप में उसे स्वीकार किया था। शिव कथा ही हमारे जन्म-जन्मानतरों के पापों का नाश कर सकती है। संत ने शिव कथा के अंतर्गत गणेश जी का 1008 सहस्त्रनाम का वचन भी किया। शिव कथा में यजमान सेठ मदनलाल गुप्ता, डॉ.एस.सी.मित्तल, अशोक सैनी, सुभाष मित्तल, अनिल खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में भक्तगणों ने शिव भक्ति का आनन्द लिया। शिव कथा पश्चात् भक्तगणों ने भक्तिमय गीतों पर नृत्य करके अपनी खुशी का इजहार किया। वही भोले बाबा को प्रसन्न करने का तरीका शिव कथा में डॉ शिवम साधक महाराज से जाना। साधक सेवा समिति अलवर के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि यह भव्य आयोजन 15 फ़रवरी तक रोजाना दोपहर 1 बजे से 4 बजे के मध्य श्रीराम मंदिर, अपना घर शालीमार सोसाइटी अलवर में आयोजित किया जाएगा। वहीं 10 फ़रवरी को खाटूश्याम ज्योति पूजन का भक्तगण आनन्द ले पायेंगे।

## नन्हे खिलाड़ियों का जोश, वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** फर्स्ट क्राय इनटेलिटोटस प्री स्कूल (अलवर) का वार्षिक खेल दिवस दुगोट क्लब में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनेश भार्गव (अध्यक्ष, अलवर बॉक्सिंग एसोसिएशन), कमल जीत सिंह (जोनल हेड, फर्स्ट क्राय), निहाल, रश्मिका (डायरेक्टर), एस.एल. भार्गव (अंतरराष्ट्रीय रेफरी), डॉ. विजय लक्ष्मी एवं उपस्थित अभिभावकों द्वारा गुब्बारे उड़ाकर किया गया।
खेल दिवस की शुरुआत टॉडलर, पीपी-1 एवं पीपी-2 के बच्चों द्वारा मशाल एवं मार्च पास्ट के साथ हुई। इसके पश्चात विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के मनोरंजन के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी प्रतियोगिताएं रखी गईं, जिससे कार्यक्रम और भी रोचक बन गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों को खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास का महत्व बताया तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।
प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल आयोजन नेहा (सेंटर हेड), दीप्ति, रतिका, अनामिका एवं समस्त स्टाफ के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शुभी ने किया, जबकि अंत में सेंटर हेड द्वारा सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया।

## जगन्नाथपुरा में जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर का भागवत रस वर्षण

जयपुर टाइम्स



**जयपुर।(निसं.)** जयपुर के सांगानेर क्षेत्र स्थित जगन्नाथपुरा गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत रस वर्षण का भव्य शुभारंभ जगद्गुरु निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित श्याम शरण देवाचार्य जी श्रीजी महाराज के सानिध्य में हुआ। शुभारंभ अवसर पर गांव के मंदिर से गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने नाचते-गाते हुए भाग लिया और कथा स्थल तक पहुंचीं। कथा के शुभारंभ से पूर्व दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वासुदेव देवनानी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व घुमन्तु जाति कार्य के अखिल भारतीय प्रमुख दुर्गादास, वृंदावन से पधारे किशोरी जी, कथा आयोजक हनुमान कंडीरा सहित अन्य अतिथियों ने सहभागिता निभाई। कथा का शुभारंभ करते हुए जगद्गुरु श्रीजी महाराज ने भजन 'हे निम्बार्क दीन बंधु सुन पुकार मेरी...' का गायन किया। उन्होंने कहा कि सात दिवसीय भागवत कथा का श्रवण एवं आयोजन करने से जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट होते हैं और जीवन में आध्यात्मिक शांति प्राप्त होती है। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत महापुराण के प्रसंगों का रसपूर्ण वर्णन किया गया। कार्यक्रम में सीएमओ कोऑर्डिनेटर राकेश कुमार शर्मा, निम्बार्क पीठ के परिकर, इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष सर्वेश्वर शर्मा, आयोजन परिवार से अंकित कंडीरा, डॉ. महेश कंडीरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, रिश्तेदार, परिवारजन एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। द्वितीय दिन की कथा के समापन पर आरती की गई

## सीतापुर में विशाल धर्मसभा, तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी रहे उपस्थित

जयपुर टाइम्स






**अलवर/सीतापुर।** तिजारा विधायक महंत बालकनाथ योगी उत्तर प्रदेश के सीतापुर में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पुण्य तपोधाम सदगुरु गिरधारी नाथ जी महाराज आश्रम में आयोजित विशाल धर्मसभा एवं भंडारे में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान आश्रम परिसर में नवनिर्मित भवन तथा गोरक्षमृतधारा का विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे संत-महात्मा, योगेश्वर एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिससे आयोजन अत्यंत भव्य एवं गरिमामय बन गया। महंत बालकनाथ योगी ने सनातन धर्म एवं संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम के लिए तपोधाम आश्रम परिवार का आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने देश के कोने-कोने से पहुंचे सभी संतों एवं श्रद्धालुओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

## मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत एसएमडी स्कूल में निर्वाचन साक्षरता उत्सव का हुआ आयोजन

### प्रतिभागियों को दिलाई मतदाता शपथ

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला तथा जिला स्वीप नोडल अधिकारी व सीईओ जिला परिषद सालुखे गौरव रविंद्र के निर्देशन में मतदाता जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत ईएलसी (निर्वाचन साक्षरता क्लब) राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एसएमडी, अलवर के द्वारा 'निर्वाचन साक्षरता उत्सव' का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक कलक्टर अरविंद कविया ने दीप प्रज्वलन कर किया तथा संबोधन देते हुए कहा कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि एक कर्तव्य एवं महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। एक जागरूक मतदाता ही एक सशक्त लोकतंत्र की नींव रख सकता है। हम सभी को यह समझना चाहिए कि हर एक वोट का महत्व है और यह हमारे देश के भविष्य को दिशा देता है। कार्यक्रम में आयोजित रंगोली, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने बढ़ - चढ़कर भाग लिया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रश्मि शर्मा और लोकेश चौधरी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश गुप्ता, जिला स्वीप समन्वयक शिवकुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य सीमा शर्मा, भामाशाह अमित छाबड़ा सहित विद्यालय के गुरुजन एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# गोवंश की हत्या के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस का हल्का बल प्रयोग, लोगों को हटाया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** बारा शहर में गोवंश की हत्या की विरोध में हिंदू संगठनों का गुस्सा चरम सीमा पर पहुंच गया है इसी क्रम में शहर के विभिन्न जन संगठनों व्यापारियों और हिंदू संगठनों की ओर से सोमवार को बंद का आवाहन किया गया था जो पूरी तरह से सफल रहा शहर के छोटे-बड़े सभी बाजार गोवंश की हत्या के विरोध में बंद रहे व्यापारियों ने अपनी मर्जी से बाजार बंद रखें तथा शहर के प्रताप चौक में प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन करके गोवंश की हत्या करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और प्रताप चौक पर धरने पर बैठ गए हालांकि पुलिस ने लोगों के आक्रोश को देखते हुए पहले से ही पूरे शहर में सुरक्षा के मजबूत प्रबंध किए थे और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हुआ था तथा जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए थे इसी क्रम में जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक लगातार प्रदर्शन कर रहे लोगों से संवाद करके शांतिपूर्वक तरीके से इस मामले को सुलझाना चाहते थे प्रशासन और पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझने का भरपूर प्रयास किया लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोग नहीं माने इसके बाद पुलिस ने प्रताप चौक पर



धरने पर बैठे लोगों को जबरन उठाने का प्रयास किया विरोध करने पर पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया और लोगों को वहां से खदेड़ा हालांकि स्थानीय विधायक राधेश्याम बेरवा का कहना था कि इस मामले में उनकी पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन से बात हुई है और दोनों ने ही इस मामले में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन देकर दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा भी दिलाया है बैरवा का कहना है कि इस मामले में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है लेकिन प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि इस मामले में पुलिस सिर्फ खाना पूर्ति ही कर रही है गोवंश का ठीक तरह से पोस्टमार्टम भी नहीं करवाया गया है लोगों में इस बात का आक्रोश है कि रोजाना कहीं ना कहीं किसी न किसी जगह पर गोवंश की सुनियोजित तरीके से हत्या की जा रही है लेकिन पुलिस हथियारों को पकड़ने में सफल नहीं हो पा रही जिसकी वजह से इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं और वह आए दिन गोवंश की हत्या कर रहे हैं

## शहर में धारा 144 लागू, कुछ पुलिस अधिकारियों को हटाने की कर रहे थे मांग

जानकारी के अनुसार पुलिस की इस कार्रवाई को लेकर शहर के हिंदू संगठनों और विभिन्न सामाजिक संगठनों में गहरा गुस्सा अच्छा गया है इसलिए लोगों के गुस्से को देखते हुए प्रशासन ने पूरे शहर में धारा 144 लागू कर दी है तथा बड़ी संख्या में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है तीन दिन पहले बालाजी मंदिर के पास एक बछड़े की बॉडी मिली थी इससे पहले तीन दिन पहले बालाजी मंदिर के पास एक बछड़े की बॉडी मिली थी इसके बाद शहर के हिंदू संगठनों और सामाजिक संगठनों में गहरा गुस्सा छाया हुआ था इसके लिए शहर के प्रबुद्ध लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से भी इस मामले में न्याय की मांग की थी और कहा था कि शहर में बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही है गोवंश की हत्या हो रही है लेकिन पुलिस इस तरह के मामलों का पर्दाफाश करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है इसलिए हिंदू संगठनों ने प्रशासन और पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया था लेकिन पुलिस की ओर से गोवंश की हत्या करने वाले लोगों को गिरफ्तार नहीं किया गया इसके बाद सोमवार को पूरे शहर को बंद रखा गया और प्रताप चौक में गौ सेवक धरने पर बैठ गए हालांकि जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक खुद प्रताप चौक पर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए आए प्रदर्शनकारियों ने कुछ पुलिस अधिकारियों को हटाने की पुरजोर डिमांड की इसके अलावा बछड़े की हत्या करने वाले अपराधियों की भी गिरफ्तारी की मांग की और भी कई तरह की मांग थी लेकिन पुलिस और प्रशासन के बार-बार भरोसा दिलाने के बाद भी प्रदर्शनकारी नहीं माने और धरना स्थल से हटने को तैयार नहीं थे इसके बाद पुलिस ने धरने पर बैठे लोगों को जबरन उठाना शुरू किया इस दौरान पुलिस पर पत्थर भी फेक गए इसके बाद पुलिस ने मौके पर लाठी चार्ज करके लोगों को हटाया

## पेंशन विभाग के ए.ए.ओ. को 10000 रुपए की रिश्वत लेते एसीबी ने पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए राजधानी जयपुर में लाल कोठी स्थित पेंशन विभाग में नियुक्त ए. ए. ओ . राजेश कुमार खंडेलवाल को 10000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार खंडेलवाल के ऑफिस में मौजूद दस्तावेज पत्रावलियां कंप्यूटर डिजिटल डाटा इत्यादि की जांच पड़ताल कर रही है । खंडेलवाल के पास लंबित पड़ी फाइल आवेदन पत्रों इत्यादि की भी जांच कर रही है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त राजेश कुमार खंडेलवाल है जो लाल कोठी स्थित पेंशन विभाग में ए ए ओ पद पर नियुक्त है जिसने परिवादी से उसके पिता की मौत के बाद उसकी मां को पेंशन देने के लिए आवश्यक कागजी कार्रवाई संपूर्ण करने के बदले रिश्वत की डिमांड की थी जिसकी शिकायत परिवादी ने एसीबी कार्यालय में दर्ज करवाई एसीबी ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत को सही पाई गई इसके बाद एसीबी ने आरोपी राजेश कुमार खंडेलवाल को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की किसी कार्य योजना के तहत सोमवार को जैसे ही परिवार देने आरोपी राजेश कुमार खंडेलवाल को रिश्वत के 10000 रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ खंडेलवाल को मौके पर ही पकड़ लिया एसीबी की इस कार्रवाई के बाद पेंशन विभाग में तैनात अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में खलबली मच गई है । भ्रष्टाचार निरोधक विभाग इस बात की भी जानकारी जुटा रहा है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी और कर्मचारियों का हिस्सा तो निश्चित नहीं है।

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एग्जाम से पहले 12वीं के छात्र ने हॉस्टल में फांसी लगाई, एक दिन पहले ही घर से लौटा था

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के भरतपुर शहर में 12वीं क्लास के एक नाबालिक स्टूडेंट ने सरकारी हॉस्टल में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के एग्जाम आगामी 13 फरवरी से शुरू होने वाले हैं एग्जाम शुरू होने से पहले ही इस नाबालिक स्टूडेंट ने जिस तरह से आत्महत्या की है उससे साफ जाहिर है कि बच्चों में बोर्ड एग्जाम का कितना टेंशन रहता है बड़ी बात यह है कि मृतक बच्चा एक दिन पहले ही अपने घर से हॉस्टल लौटा था मृतक नाबालिक बच्चा रुदावल क्षेत्र का रहने वाला है जानकारी के अनुसार भरतपुर के मथुरा गेट थाना इलाके में सरकारी हॉस्टल है इस हॉस्टल में मृतक छात्र 2 साल पहले 11वीं कक्षा में एडमिशन लेने के दौरान रहने लगा था मृतक बच्चे का चचेरा भाई भी इसी हॉस्टल में रहता था लेकिन रविवार होने की वजह से उसका चचेरा भाई एक अन्य हॉस्टल में अपने साथियों के पास चला गया था मृतक बच्चा जिस हाल में रहता था उस हाल के कमरों में 14 अन्य बच्चे भी रहते थे लेकिन रविवार की छुट्टी होने की वजह से बच्चे एंजॉय करने के लिए अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अन्य जगहों पर चले गए थे रविवार को मृतक बच्चे ने हॉस्टल के कुछ अन्य साथियों के साथ खाना खाया और फिर वह अपने कमरे में सोने चला गया सोमवार की सुबह रसोईया और एक अन्य छात्र जब मृतक छात्रा को नाश्ता देने के लिए उसके कमरे के बाहर गए और आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया इसके बाद रसोई ने जोर-जोर से कमरे के दरवाजे को झटका दिया तब भी दरवाजा नहीं खुला इसके बाद रसोईया ने दरवाजे को तोड़ डाला तो कमरे में छत की पंखे की कुंडी से मृतक बच्चे की बॉडी लटकी हुई देखकर वह घबरा गया उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बॉडी को कब्जे में किया तथा मृतक बच्चे के परिजनों को सूचित किया जानकारी के अनुसार मृतक बच्चा प्राइवेट स्कूल में पढ़ता था इसलिए पुलिस अब स्कूल प्रशासन और मृतक बच्चे के साथ पढ़ने वाले छात्रों से भी पूछताछ कर रही है इसके अलावा हॉस्टल में रहने वाले अन्य छात्रों से भी पूछताछ करके यह पता लगाया जा रहा है कि मृतक बच्चे ने पढ़ाई की टेंशन में आत्महत्या की है या फिर स्कूल प्रशासन या किसी शिक्षक या किसी अन्य से परेशान होकर उसने सुसाइड किया है इस मामले में मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ की जा सकती है क्योंकि मृतक बच्चा एक दिन पहले ही अपने घर से लौटा था इसलिए पुलिस को यह भी शक है कि कहीं ना कहीं घर पर छात्र की परिजनों से कोई कहा सुनी तो नहीं हुई फिलहाल पुलिस का कहना है कि परिजन सदमे में है इसलिए अभी उनसे बातचीत करना मुनासिब नहीं होगा

### जयपुर टाइम्स की खबर का असर

## राजस्व नुकसान व फर्जीवाड़े के मामलों की एसीबी जांच के आदेश, डीजी गोविंद गुप्ता ने भीलवाड़ा एसीबी को सौंपी जांच

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/भीलवाड़ा(निसं)।** राजस्थान के तेजी से लोकप्रिय होते अखबार जयपुर टाइम्स में प्रकाशित खबरों का बड़ा असर सामने आया है। सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व नुकसान से जुड़े खनन प्रकरण और शिक्षा समिति से जुड़े फर्जीवाड़े के मामलों को गंभीरता से लेते हुए महानिदेशक (एसीबी) गोविंद गुप्ता ने भीलवाड़ा एसीबी को जांच के आदेश दिए हैं। दोनों मामलों में अधिकारियों और संबंधित व्यक्तियों की भूमिका संदिग्ध बताई गई है। पहले मामले में सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचाने के आरोपों के बावजूद एक आरोपी अधिकारी को पदोन्नति दिए जाने का मामला सामने आया था। खनिज विभाग से जुड़े इस प्रकरण में अवैध खनन, नीलामी राशि जमा नहीं कराने और कार्रवाई में लापरवाही के आरोप लगाए गए थे। खबर के अनुसार मामले में समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं होने से सरकार को भारी राजस्व हानि हुई, जबकि जिम्मेदारों पर कार्रवाई की बजाय संरक्षण दिए जाने के आरोप लगे।

### शिक्षा समिति फर्जीवाड़ा मामला भी जांच के दायरे में:

दूसरा मामला शिक्षा समिति से जुड़ा है, जहां बैंक से करीब 18 करोड़ रुपये का लोन लेने के बाद फर्जी दस्तावेजों और ऑनलाइन रिकॉर्ड में हेरफेर कर समिति के प्रबंधन में अवैध बदलाव किए जाने का आरोप है। इस प्रकरण में समिति अध्यक्ष को गारंटर बनाकर लोन स्वीकृत कराया गया, बाद में फर्जी त्यागपत्र और दस्तावेजों के जरिए रिकॉर्ड में बदलाव किया गया। मामले में मुख्य आरोपी अभिमन्यु की गिरफ्तारी के बाद उसे चार दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। जांच में यह भी सामने आया कि सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद नहीं रहे स्टांप पेपर का इस्तेमाल कर ऑनलाइन रिकॉर्ड में बदलाव किया गया। पुलिस के अनुसार रिमांड अवधि में लोन राशि के उपयोग, दस्तावेजों की कड़ियों और पूरे नेटवर्क की जांच की जाएगी।

### एसीबी जांच से बढ़ी हलचल:

जयपुर टाइम्स में दोनों मामलों के उजागर होने के बाद डीजी (एसीबी) गोविंद गुप्ता ने इन्हें गंभीर मानते हुए भीलवाड़ा एसीबी को जांच के आदेश दिए हैं। एसीबी अब यह जांच करेगी कि राजस्व नुकसान और फर्जीवाड़े में किन अधिकारियों और व्यक्तियों की भूमिका रही और क्या किसी स्तर पर मिलीभगत या संरक्षण दिया गया। सूत्रों के अनुसार एसीबी जांच के बाद बड़े अधिकारियों पर भी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है। अब सभी की नजरें एसीबी की रिपोर्ट पर टिकी हैं, जिससे दोनों मामलों में जिम्मेदारों पर शिकंजा कसने की उम्मीद है।

## चांदपोल में धार्मिक स्थल विवाद: निर्माण कार्य रोका गया, पुलिस बल तैनात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के क्रम में राजधानी जयपुर के चांदपुर बाजार में परकोटे के पास दरगाह पर छत निर्माण के कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं प्रशासन से जुड़े अधिकारियों को भी हर पल स्थिति का जायजा लेने को कहा गया है किसी भी तरह का सांप्रदायिक स्वाद और माहौल नहीं बिगड़े इसके लिए पुलिस और प्रशासन के लोग सामाजिक संगठनों व्यापारिक संगठनों सभी से बातचीत करके इस मामले को शांतिपूर्वक तरीके से सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि रविवार को भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने मौके पर जाकर चांदपोल बाजार के पर कोट के पास दरगाह के निर्माण कार्य को लेकर गहरा एतराज जताया था और कहा था कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह से अवैध है क्योंकि जयपुर का परकोटा क्षेत्र यूनेस्को की श्रेणी में है इसलिए नियम के मुताबिक पर जयपुर की चार दिवारी के 5 मी. के दायरे में कोई भी निर्माण कार्य नहीं हो सकता इसलिए यह निर्माण कार्य पूरी तरह से अवैध है इसके बाद किशनपोल से कांग्रेस पार्टी के विधायक अमीन कागजी मौके पर पहुंचे थे और अमीन कागजी ने कहा कि यह निर्माण कार्य नगर निगम की स्वीकृति से हो रहा है एक अन्य कांग्रेस पार्टी के विधायक रफीक खान ने भी कहा कि यह निर्माण कार्य पूरी तरह से नगर निगम की स्वीकृति से हो रहा है फिर इस पर ऐतराज़ क्यों इसी बात को लेकर बाल मुकुंद आचार्य और कांग्रेस पार्टी के इन दोनों विधायकों के समर्थक बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए थे बाद में पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे और दोनों पक्षों के लोगों को समझा बूझकर शांत किया था लेकिन यह मामला काफी विवादित बन गया प्रशासन और पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी नियुक्त किया फिलहाल सोमवार को दरगाह पर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं दरगाह की छत के निर्माण के कार्य में ठेकेदार की ओर से चूक हुई है अगर ठेकेदार कोर्ट के आदेश के अनुसार वहां पर निर्माण कार्य आरंभ करता तो शायद बात नहीं बिगड़ी कोर्ट ने परकोटे से एक निश्चित जगह छोड़कर निर्माण कार्य करने की बात कही थी लेकिन ठेकेदार ने कोर्ट के आदेश के अनुसार निर्माण कार्य शुरू नहीं किया इसलिए इस मामले में कहीं ना कहीं ठेकेदार की लापरवाही भी सामने आई है अब यह मामला विवादित बन गया है क्योंकि कांग्रेस पार्टी के दोनों विधायक अमीन कागजी और रफीक खान इस मामले को चालू विधानसभा के बजट सत्र में भी जोरदार तरीके से उठा सकते हैं तो दूसरी तरफ भाजपा विधायक बाल मुकुंद आचार्य भी इस मामले को छोड़ने वाले नहीं है आचार्य भी चार दिवारी क्षेत्र के यूनेस्को से जुड़े होने का हवाला देकर प्रभावित और से अपनी बात कह सकते हैं इसलिए यह विवाद एक बार फिर से जयपुर की शांति और कानून व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बन गया है ।

## फिर भांकरोटा में केमिकल से भरे टैंकर में आग लगने से इलाके में दहशत फैली, पुलिस बनी फायर फाइटर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** अजमेर जयपुर सड़क मार्ग पर सोमवार तड़के एक बार फिर भांकरोटा थाना इलाके में रामचंद्र पुलिया के पास अजमेर से जयपुर की ओर आ रहे केमिकल से भरे टैंकर में आग लगने से रोड पर गुजर रहे वाहन चालकों और आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीरें छा गई रोड से गुजर रहे वाहन चालकों ने टैंकर के चालक को आग लगने के बारे में जानकारी दी । जिसके बाद टैंकर के चालक ने तुरंत टैंकर को रोड के किनारे सुनसान इलाके पर खड़ा करके खुद टैंकर से कूद गया इस बीच सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ही पुलिस ने खुद फायरफाइटर की भूमिका निभाते हुए आग बुझाने की कोशिश की जिसमें पुलिस को काफी सफलता भी मिली बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई हालांकि इस आगजनी की घटना में जनहानि नहीं हुई है लेकिन जब तक टैंकर से अग्नि की लपट और धुआं उठता रहा तब तक आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर छाई रही और इस घटना को लेकर इलाके के लोग पहले से ही काफी अलर्ट हो गए क्योंकि भांकरोटा में इससे पहले भी गैस सिलेंडर से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई थी जिसकी वजह से भारी मात्रा मे नुकसान हुआ था और लोगों की जान भी चली गई थी उस हादसे को लोग अब तक नहीं भूले हैं प्रत्यक्ष दर्शनों के अनुसार अजमेर से जयपुर की ओर आ रहे केमिकल से भरे टैंकर के पीछे के टायर में चिंगारी उठने से टैंकर के पिछले हिस्से में आग लग गई इसके बाद टैंकर के पिछले हिस्से में धुआ और अग्नि की लपटे उठने लगी चालक को इसकी जानकारी



जल्दी नहीं मिल पाई लेकिन रोड से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने जब टैंकर में धुआ और अग्नि की लपटे उठती देखी तो वह घबरा गए और उन्होंने तुरंत टैंकर के चालक को इसके बारे में जानकारी दी जिसके बाद चालक ने रोड के किनारे सुनसान जगह पर टैंकर को खड़ा किया और खुद टैंकर से नीचे कूद गया इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य वाहन जो वहां खड़े हुए थे वह भी अपने वाहन छोड़कर दूसरी जगह पर चले गए सूचना के बाद भांकरोटा थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ही मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने आग बुझाने के युद्ध स्तर पर प्रयास शुरू किया पुलिस कर्मियों के इस प्रयास कि वहां मौजूद लोगों ने भी खूब प्रशंसा की है क्योंकि पुलिस यह जानती थी कि अगर फायर ब्रिगेड की गाड़ी का इंतजार किया जाएगा तो यह आग और विकराल रूप धारण कर लेगी जिसकी वजह से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के लिए काफी खतरा पैदा हो सकता है इसलिए पुलिस ने फायर ब्रिगेड की गाड़ी आने से पहले ही टैंकर में लगी आग को काफी हद तक कंट्रोल में कर लिया था ।

## रोडवेज बस ने स्कूटी सवार तीन महिलाओं को कुचल डाला, दो की मौत और एक गंभीर रूप से घायल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के श्रीगंगानगर जिले में नेशनल हाईवे संख्या 911 पर अनूपगढ़ मार्ग पर 42 एनपी बस स्टैंड पर बेकाबू रोडवेज बस ने स्कूटी सवार तीन महिलाओं को कुचल डाला जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई है तथा एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में एडमिट करवाया गया है । इस घटना के बाद बस का चालक बस को मौके पर ही खड़ी करके फरार हो गया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना को लेकर लोगों में गहरा आक्रोश छाया हुआ है यह हादसा इतना दर्दनाक था कि मृतक दोनों महिलाओं का शरीर कई टुकड़ों में बट गया मौके पर गए पुलिस अधिकारियों की आंखें भी महिलाओं के शव की हालत को देखकर नम हो गई खबर लिखे जाने तक महिलाओं के नाम पते मालूम करने का प्रयास कर रही थी पुलिस स्कूटी के नंबर के आधार पर भी महिलाओं की पहचान करने का प्रयास कर रही है जिस घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है उस महिला की हालत भी काफी गंभीर बताई जा रही है पुलिस का कहना है कि फिलहाल घायल महिला को बेटर उपचार दिलवाना प्राथमिकता है हालांकि पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में कर लिया है और बस के चालक को चिन्हित करने का प्रयास करके उसकेखिलाफ आवश्यक कार्रवाई करने की तैयारी में है इसी तरह से प्रदेश में सूरतगढ़ में बिजली का करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई युवक की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि कस्बे में बिजली के तार कई जगहों पर नंगे पड़े हुए हैं बिजली विभाग के अधिकारियों को इसके बारे में शिकायत भी भेजी जाती है लेकिन कार्रवाई नहीं की जाती इसलिए इस तरह के हाथ से होते हैं लोगों ने बिजली विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की की है इसके अलावा मृतक के परिजनों को 25 लाख रुपए का आर्थिक मुआवजा देने की बात भी कही है प्रदर्शनकारी लोगों का कहना है कि मृतक युवक काफी गरीब है इसलिए सरकार की ओर से उसे मुआवजा दिया जाना चाहिए ताकि मृतक युवक के घर का खर्चा ठीक तरह से चल पाए ।

## प्रदेश कांग्रेस के जिला अध्यक्षों को राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़के सिखाएंगे गुरु मंत्र, आज दिल्ली में वर्कशॉप का आयोजन

### सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली भी होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के और पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल राजस्थान कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को आज आवश्यक टिप्स और सुझाव देंगे। इसके लिए आज दिल्ली में इंदिरा गांधी भवन में राजस्थान कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को बुलाया गया है यह विशेष वर्कशॉप पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित की गई है जिसमें पार्टी के जिला अध्यक्षों को पार्टी के संगठन को मजबूत करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश और टिप्स दिए जाएंगे इसके अलावा सोशल



मीडिया, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस, आईटी के संबंध में भी बारीकी से जानकारी उपलब्ध कराकर यह बताया जाएगा कि कैसे और किस तरह से इन आधुनिक संचार माध्यमों का उपयोग करके पार्टी के संगठन को गति दी जा सकती है। कांग्रेस पार्टी के इस जिला अध्यक्षों की वर्कशॉप में राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंद्र सिंह रंधावा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी शामिल होंगे इस वर्कशॉप में कुछ एक्सपर्ट्स को भी बुलाया गया है जो पार्टी के जिला अध्यक्षों को लीडरशिप डेवलपमेंट संगठन विस्तार के बारे में आवश्यक प्रशिक्षण और टिप्स देंगे जिनके माध्यम से जिला अध्यक्षों को पार्टी के संगठन को गति और दिशा देने में निपुण हो सके जिला अध्यक्षों की इस वर्कशॉप को राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी संबोधित करेंगे कांग्रेस पार्टी के यह दोनों ही नेता जिला अध्यक्षों को संगठन की मजबूती और विस्तार के बारे में तो आवश्यक टिप्स और सुझाव देंगे ही इसके अलावा कैसे और किस तरह से पार्टी के साथ नए लोगों को जोड़ा जाए पार्टी की विचारधारा को प्रभावी तरीके से लोगों को बढ़ाकर उन्हें पार्टी से जोड़ा जाए पार्टी के पुराने गौरवान्वित इतिहास को तथा पार्टी के पुराने महान नेताओं के देश के बलिदान होने की बातों का उल्लेख करके नए लोगों को पार्टी से जोड़ने के बारे में बताया जाएगा उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान को लेकर शुरू से ही काफी गंभीर और अलर्ट नजर आ रहे हैं राहुल गांधी ने इस बार कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्षों के चयन में भी किसी भी तरह की सिफारिश के दबाव में नहीं आने के लिए पार्टी के सभी पर्यवेक्षकों को साफ कह दिया था राहुल गांधी ने राजस्थान में जिलेवार पर्यवेक्षक की नियुक्ति करके उन्हें जिला अध्यक्षों का पैनल तैयार करने को कहा था और कहा था कि इस कार्य में वह किसी के भी दबाव में नहीं आए और स्वतंत्र रूप से जिलों में जाकर यह पता लगाने कि अमुक व्यक्ति पार्टी के संगठन को मजबूती दे सकता है इस तरह से प्रत्येक जिले में टॉप 5 नाम चिन्हित करके उनका पैनल तैयार करके दिल्ली भेजें इसलिए इस बार जिला अध्यक्षों की नियुक्ति में किसी भी बड़े नेता की सिफारिश नहीं मानी गई है अब जिला अध्यक्षों को पूरी तरह से पारंगत और ट्रेनिंग देकर पार्टी के संगठन को और विस्तार को गति देने का प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में आज दिल्ली में जिला अध्यक्षों की एक दिन की ट्रेनिंग है अब देखने वाली बात यह है कि इस ट्रेनिंग में जिला अध्यक्ष कितना कुछ सीख पाते हैं और कितना कुछ कांग्रेस पार्टी को मजबूत कर पाते हैं क्योंकि कुछ ही महीना बाद प्रदेश में पंचायत राज के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में अगर कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहता है तो निश्चित रूप से जिला अध्यक्षों का सम्मान पार्टी में और बढ़ सकता है और उनके पॉलीटिकल करियर को गति भी मिल सकती है वैसे भी गोविंद सिंह डोटासरा ने साफ कहा है कि अब चुनाव में मेहनत करने वाले नेताओं को ही टिकट मिलेगा उन नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा जो चुनाव के दौरान ही सक्रिय होते हैं ।



## कहानी

# राष्ट्राभिमानी नेताजी सुभाषचंद्र बोस

आप जानते ही हैं कि 1947 के पहले हमारा देश भारत पराधीन था अर्थात हमारे भारत देशपर अंग्रेज शासन करते थे । भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अनेक क्रांतिकारियों ने अपना बलिदान दिया है । उन्हीं क्रांतिकारियों में से एक क्रांतिकारी थे नेताजी सुभाषचंद्र बोस । बालक सुभाष बचपन से ही राष्ट्राभिमानी थे । उन्होंने भारत को स्वतंत्र कराने के लिए देश के युवकों को आवाहन कर नारा दिया था कि, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा ।' उन्होंने 'आजाद हिन्द सेना' की स्थापना भी की थी । एक बार की बात है कि, शरद ऋतु के समय मूसलाधार वर्षा हो रही थी । आधी रात में मां प्रभावतीदेवी की नींद खुली, तो उनको सुभाष अपने बिस्तर पर दिखाई नहीं दिए, तब उन्हें सुभाष की चिंता होने लगी । उन्होंने सुभाषचंद्र के कक्ष में जाकर देखा, तो किशोर सुभाष पलंग छोडकर भूमिपर दरी बिछा कर सो रहे थे । यह देखकर उन्हें बडा दुःख हुआ । उन्होंने सुभाष को जगाया और पूछा बेटा, तुम भूमि पर क्यों सो रहे हो ? इस प्रकार भूमिपर सोने से तुमको सर्दी लगेगी और तुम बीमार पड जाओगे ।

सुभाष बोले मां, मैं कष्ट सहने का अभ्यास कर रहा हूं । मुझे बडा होकर बडा कार्य करना है । तब मां ने कहा कि : बेटा, क्या बडा काम करने के लिए भूमिपर सोना एवं कष्ट सहना आवश्यक है ? सुभाष ने उत्तर दिया, हां मां, सुख-सुविधा में जीनेवाले बडे काम नहीं कर पाते । हमारे ऋषि-मुनि वनों में आश्रम बनाकर रहते थे तथा भूमिपर सोते थे । इसलिए वे महान ग्रंथों की रचना कर पाए । आपने ही मुझे राम एवं कृष्ण के संबंध में बताया है कि, वे विश?वामित्र एवं सांदीपनी ऋषियों के आश्रमों में किस प्रकार अपना देवत्व भुलाकर कठोर जीवन-यापन किया करते थे । सुभाष बाबू के जीवनपर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बेनीप्रसाद माधव का बडा प्रभाव पडा । श्री. बेनीप्रसाद माधव अत्यंत उदार तथा एक सच्चे देशभक्त थे । जब सुभाष बाबू श्री. बेनीप्रसाद माधव के संपर्क में आए तब उनकी आयु केवल 11 वर्ष थी । स्वयं बेनीप्रसाद माधव भी बालक सुभाष की कुशाग्र बुद्धि तथा परिश्रमी वृत्ति से बहुत प्रभावित थे । उन्होंने सुभाष से कहा - 'तुम जब भी कुछ मुझसे पूछना चाहो, तो मेरे पास किसी भी समय निःसंकोच आ सकते हो ।' सुभाष तो यही चाहते थे; क्योंकि उनके मन में समाज की दुरव्यवस्था अर्थात समाज की दयनीय स्थिति के विषय में अनेक प्रश?न थे । वह साथियों से प्रश?न करते थे, परंतु उनका उचित समाधान नहीं हो पाता था । एक दिन सुभाषजी ने अपने प्रधानाचार्यजी से प्रश?न किया कि, हम अंग्रेजों के दास क्यों हैं ? क्या हम सदैव ही इनके दास बने रहेंगे और हम कभी स्वतंत्र नहीं थे क्या?

बाबूजी बोले 'बेटा, भारत पहले से ऐसा देश नहीं है । हम तो संसार में सबसे पराक्रमी और महान थे । हमारे देश में इतना धन था कि दूसरे देशों के लोग इसे सोने की चिडिया कहते थे । रोम, चीन, जापान आदि देशों के लोग यहां ज्ञान प्राप्त करने के लिए आया करते थे । हमारा भारत देश प्राचीन काल में विश?वगुरु कहलाता था । सुभाष ने पूछा कि फिर हमारा देश पराधीन क्यों हुआ ? तब बाबूजी ने उत्तर दिया हमारा देश आपसी फूट के कारण पराधीन हुआ है । दुष्ट विदेशियों ने हमारी सरलता और फूट का लाभ उठाया और हमें पराधीन बना दिया । तब सुभाष बोले कि, 'मैं इस दास्यता की बेडियों को काटकर फेंक देना चाहता हूं ।' बाबूजी बालक सुभाष का यह विचार सुनकर चकित हो गए तथा बोले तुम्हारा यह विचार बहुत ही श्रेष्ठ है; परंतु अभी तुम छोटे हो । पहले तुम पढ-लिखकर बडे तथा योग्य बन जाओ तत्पश?चात यह प्रयास अवश्य करना । सुभाष बोले बाबूजी, मैं भारत माता को पराधीनता से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की बाजी तक लगा सकता हूं । तब से सुभाष ने अनेक रातें देश को अंग्रेजों की दासता से मुक्त कराने के लिए उसके उपाय सोचने में व्यतीत कर दीं । उन्होंने इतिहास तथा संस्कृत का अध्ययन किया तथा अनेक संस्कृत सुभाषित भाष्य कंठस्थ किए । आगे चलकर, उनके गुरु और बाबूजी की प्रेरणा ने उन्हें बालक सुभाष से भारत का गौरवशाली पुरुष - नेताजी सुभाष चंद्र बोस बना दिया । ' नेताजी सुभाषचंद्र बोस इंग्लैंड में 'आय.सी.एस.' की परीक्षा देकर भारत लौट आए । उसके बाद उन्हें एक लिखित परीक्षा देनी पडी ।

# राजनीतिक कटुता की बंधक संसद

*इसके जरिये राहुल गांधी ने यही दावा किया कि गलवन में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के समय सेनाध्यक्ष को यह कहकर कि 'जो उचित समझो, वह करो।' सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। राहुल गांधी कांग्रेस के नेता ही नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर भी आसीन हैं। एक बार नाकाम कोशिश से अपनी मंशा का संदेश देने के बाद वे अभिभाषण के अन्य बिंदुओं पर अपना भाषण केंद्रित करने की समझदारी दिखाते हुए जनरल नरवणे की पुस्तक से संबंधित विवाद से जुड़ी बात को सदन के बाहर भी कर सकते थे। यह सवाल भी अनुत्तरित है कि क्या ऐसा मध्यमार्ग निकालने की पहल लोकसभा अध्यक्ष या सत्तापक्ष की ओर से की गई? अतीत का अनुभव बताता है कि संवेदनशील और तल्ख मुद्दों पर दोनों पक्षों द्वारा लचीला रुख अपना कर ही सदन सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। लोकसभा में राहुल गांधी को पुस्तक के अंश पढ़ने से रोकने के लिए तर्क दिया गया कि जो पुस्तक अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका हवाला संसदीय चर्चा में नहीं दिया जा सकता। अगले दिन धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री द्वारा शाम पांच बजे के लिए तय जवाब बिना ही हंगामे के बीच सदन स्थगित हो गया। इस दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कुछ पुस्तकों के हवाले से जिस तरह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का चरित्र हनन करते हुए नेहरू परिवार*



नेताओं का तो पता नहीं, मगर संसद के बजट सत्र में जारी हंगामा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र को शर्मसार करने वाला है। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी नहीं बोल पाए तो विपक्ष के जवाबी हंगामे के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी चर्चा का जवाब नहीं दे सके। हंगामे के दौरान आसन पर कागज फाड़ कर फेंकने के आरोप में विपक्षी दलों के आठ सांसदों को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जो संसद परिसर में धरने पर बैठ गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आंकड़े दिए हैं कि 28 जनवरी को राष्ट्रपति के अभिभाषण से शुरू संसद के बजट सत्र में अभी तक हंगामे के चलते 19 घंटे, 13 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।

जाहिर है कि इस सबके लिए कोई अपनी जिम्मेदारी नहीं स्वीकारेगा। किसी एक पक्ष को जिम्मेदार ठहराने से बात बनेगी भी नहीं। दरअसल इसके मूल में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच की राजनीतिक कटुता ही है। बढ़ती कटुता के लिए दोनों पक्षों के पास अपने-अपने कारण हो सकते हैं, लेकिन संसद ही उसकी बंधक बनती नजर आए तो कुछ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना ही ध्वनिमत से पारित होने की नौबत सामान्य घटना नहीं है। बेशक 2004 में भी ऐसा ही हुआ था, मगर गलतियां दोहराने के लिए नहीं, बल्कि सबक सीखने के लिए भी होती हैं। दोनों ही परिस्थितियां गलत हैं, जिनसे बचने का रास्ता निकालने की जिम्मेदारी लोकसभा अध्यक्ष की भी बनती है। आखिर वे सदन के संरक्षक हैं।

इस टकराव की शुरुआत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित पुस्तक का संदर्भ प्रस्तुत करने से हुई। इसके जरिये राहुल गांधी ने यही दावा किया कि गलवन में चीनी सैनिकों की घुसपैठ के समय सेनाध्यक्ष को यह कहकर कि 'जो उचित समझो, वह करो।' सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। राहुल गांधी कांग्रेस के नेता ही नहीं, बल्कि नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर भी आसीन हैं। एक बार नाकाम कोशिश से अपनी मंशा का संदेश देने के बाद वे अभिभाषण के अन्य बिंदुओं पर अपना भाषण केंद्रित करने की समझदारी दिखाते हुए जनरल नरवणे की पुस्तक से संबंधित विवाद से जुड़ी बात को सदन के बाहर भी कर सकते थे। यह सवाल भी अनुत्तरित है कि क्या ऐसा मध्यमार्ग निकालने की पहल लोकसभा अध्यक्ष या सत्तापक्ष की ओर से की गई? अतीत का अनुभव बताता है कि संवेदनशील और तल्ख मुद्दों पर दोनों पक्षों द्वारा लचीला रुख अपना कर ही सदन सुचारु रूप से चलाया जा सकता है। लोकसभा में राहुल गांधी को पुस्तक के अंश पढ़ने से रोकने के लिए तर्क दिया गया कि जो पुस्तक अभी तक प्रकाशित ही नहीं हुई, उसका हवाला संसदीय चर्चा में नहीं दिया जा सकता। अगले दिन धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का प्रधानमंत्री द्वारा शाम पांच बजे के लिए तय जवाब बिना ही हंगामे के बीच सदन स्थगित हो गया। इस दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कुछ पुस्तकों के हवाले से जिस तरह देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का चरित्र हनन करते हुए नेहरू परिवार पर प्रहार किए, उससे भी सत्तापक्ष और विपक्ष में तल्खी बढ़ी। लोकसभा अध्यक्ष का यह रहस्योद्घाटन तो और भी गंभीर है कि उनकी सलाह पर ही प्रधानमंत्री सदन में नहीं आए, क्योंकि उनके साथ कुछ अनहोनी हो सकती थी। यह सवाल भी अनुत्तरित है कि राज्यसभा के सभापति को आगाह करने समेत अनहोनी की साजिश रचने वाले सांसदों के विरुद्ध लोकसभा अध्यक्ष ने इस मामले में क्या कार्रवाई की? ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का अगले ही दिन जवाब दिया। ओम बिरला लोकसभा में जिस साजिश की बात कह रहे हैं, वह राज्यसभा में भी तो रची जा सकती थी? प्रधानमंत्री के जवाब का फोकस अभिभाषण के बिंदुओं तथा विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों से ज्यादा कांग्रेस और नेहरू परिवार की आलोचना पर केंद्रित रहना भी सवाल खड़े करता है। राजनीति में हिसाब बराबर करने की प्रवृत्ति पुरानी है, लेकिन आरोप-प्रत्यारोप का खेल संसद के बाहर खेला जाना चाहिए, उसके लिए संसदीय कार्यवाही को बाधित करना कतई स्वीकार्य नहीं हो सकता। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच बढ़ती कटुता के मूल में भी एक-दूसरे के प्रति सम्मान और सहकार के बजाय अपमानजनक उपेक्षा भाव की मानसिकता ही जिम्मेदार है। सत्ता पर स्वयं की स्वाभाविक दावेदारी की मानसिकता से ग्रस्त कांग्रेस इस सच से मुंह मोड़े रहना चाहती है कि नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बहुमत प्राप्त सरकार के प्रधानमंत्री हैं, जबकि उसे नेता-प्रतिपक्ष का दर्जा प्राप्त करने के लिए भी दस साल इंतजार करना पड़ा। बेशक भाजपा भी 'कांग्रेस मुक्त भारत' बनाने के अपने सोच से बाहर नहीं निकल पा रही, जबकि सच यह है कि 2014 में मात्र 44 लोकसभा सीटों पर सिमट गई कांग्रेस 2024 में 99 सीटों तक पहुंच चुकी है और तीन राज्यों में उसकी सरकार भी है।

राजग को शासक तो आइएनडीआइए को विपक्ष की भूमिका जनता ने ही सौंपी है, जिसे लोकतंत्र में जनार्दन कहा जाता है। बेशक ये भूमिकाएं स्थायी नहीं हैं। इसलिए जिस लोकतंत्र की दुहाई देते हुए दोनों पक्ष एक-दूसरे को कोसते हैं, उसका भी तकाजा है कि वे अपनी राजनीतिक कटुता में संसद को बंधक बनाने के बजाय परस्पर संवाद के जरिये देश हित में समन्वय से काम करने का सोच और कार्यशैली विकसित करें। दोनों ही पक्ष अगर राजनीतिक कटुता से मुक्त नहीं हो सकते

## सम्पादकीय

# रूस से तेल या अमेरिका से व्यापार की राह



पिछले करीब एक वर्ष से गहन विचार-विमर्श के बाद भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आखिरकार द्विपक्षीय सहमति बन गई है। दोनों देशों की ओर से शनिवार को इसका एलान किया गया। समझौते के नियम-शर्तों के तहत अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को घटाकर अठारह फीसद करेगा। वहीं, भारत की ओर से अमेरिका की सभी औद्योगिक वस्तुओं और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर आयात शुल्क समाप्त या कम किया जाएगा। निश्चित रूप से यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा, लेकिन नफा-नुकसान का पलड़ा किस ओर भारी रहेगा, इसको लेकर अलग-अलग विश्लेषण सामने आए हैं। ऐसे में कुछ आशंकाएं और सवाल भी उठ रहे हैं कि इस समझौते को आकार देने में अड़चन कहां थी और अब ऐसा क्या हुआ कि दोनों पक्ष इसके लिए राजी हो गए। हालांकि, इस मामले में भारतीय सत्तापक्ष की ओर से स्थिति स्पष्ट करने की कोशिश की गई है, लेकिन विपक्ष इससे सहमत नहीं है। भारत और अमेरिका ने पिछले वर्ष फरवरी में प्रस्तावित व्यापार समझौते पर पहले चरण की बातचीत शुरू की थी। कई दौर की वार्ता के बाद भी दोनों पक्षों के बीच कुछ मसलों पर आम सहमति नहीं बन पाई, जिनमें भारतीय कृषि और डेयरी बाजार में अमेरिका की पहुंच को विस्तार देने का मुद्दा भी शामिल था। दरअसल, अमेरिका शुरू से यह मांग करता रहा है कि भारतीय कृषि एवं डेयरी बाजार को उसके लिए पूरी तरह खोल दिया जाए। जबकि भारत इस मांग को खारिज करता रहा है। अब इस समझौते की जिस रूपरेखा पर सहमति बनी है, उसके मुताबिक अमेरिकी खाद्य एवं कृषि उत्पादों पर भारत आयात शुल्क समाप्त या कम करेगा। इससे प्रथम दृष्टया यही प्रतीत होता है कि भारत ने इस मसले पर उदार रुख अपनाकर अपने कदम आगे बढ़ाए हैं। माना जा रहा है कि समझौते के लागू होने से भारतीय बाजार में अमेरिका के कृषि उत्पादों की आवक बढ़ेगी, जिसका असर देश के किसानों पर पड़ सकता है। हालांकि, सरकार का दावा है कि देश के किसानों के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं और इस समझौते से उन्हें भी लाभ होगा। व्यापार समझौते की शर्तों में यह बात भी शामिल है कि भारत अगले पांच वर्ष में 500 अरब डालर के अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद, विमान एवं उसके कलपुर्जे, कीमती धातु, प्रौद्योगिकी उत्पाद और कोयला खरीदेगा। साथ ही रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल खरीद बंद करनी होगी। यानी समझौते का प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत इन शर्तों को पूरा कर पाता है या नहीं। इसमें दोराय नहीं कि भारतीय वस्तुओं का निर्यात, जो अमेरिकी शुल्क की वजह से प्रभावित हुआ था, वह फिर से पटरी लौट आएगा। सरकार का कहना है कि इससे तीस हजार अरब अमेरिकी डालर का बाजार खुलेगा

# वैश्विक आकर्षण का केंद्र बनता भारत

*यह समझौता भारत के टेक्सटाइल एवं परिधान, चमड़ा एवं फुटवियर, प्लास्टिक एवं रबर उत्पाद, आर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और चुनिंदा मशीनरी जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बड़े अवसर देगा। इसके अलावा जेनेरिक दवाओं, रत्न-हीरे और एयरक्राफ्ट पार्ट्स सहित कई उत्पादों के निर्यात को गति मिलेगी। विशेष रूप से एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए 30 ट्रिलियन डालर के अमेरिकी बाजार के द्वार खुलेंगे। निर्यात बढ़ने से महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार बढ़ेगे। इस समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों की बड़ी श्रृंखला पर टैरिफ घटाएगा या समाप्त करेगा तथा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डालर के ऊर्जा उत्पाद, एयरक्राफ्ट एवं पार्ट्स, कीमती धातुएं, टेक्नोलाजी उत्पाद और कोकिंग कोल खरीदने की दिशा*



हाल में भारत और अमेरिका के बीच हुए अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के तहत अमेरिका ने भारतीय उत्पादों पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया। टैरिफ में यह बड़ी कमी भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकती है। इस समझौते से जहां कई क्षेत्रों में भारत से अमेरिका को निर्यात बढ़ेगा, वहीं भारत में अमेरिकी निवेश में भी वृद्धि होगी। साथ ही दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई दिशा मिलेगी। वैश्विक कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत में निवेश बढ़ाएंगी और भारत का निर्यात तेजी से बढ़ेगा। इससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिकी बनने की दिशा में और तेजी से बढ़ेगा। गत दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा भी कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ हुए व्यापार समझौते भारत की बढ़ती आर्थिक अहमियत के प्रतीक हैं। नई वैश्विक व्यवस्था भारत की ओर झुकती दिखाई दे रही है। पहले कहा जाता था कि भारत अवसर गंवा देता है, लेकिन अब दुनिया का मानना है कि यदि वे तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था से नहीं जुड़े, तो महत्वपूर्ण अवसर खो देंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और महंगाई पर नियंत्रण एक दुर्लभ संयोजन है। मजबूत बुनियादी ढांचा, विशाल घरेलू बाजार, मध्यवर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति, एमएसएमई की गति, ऊर्जा विकास, युवा शक्ति, डिजिटल प्रगति तथा मैन्यूफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र की ताकत ने भारत को दुनिया के लिए आकर्षक बना दिया है। इसी कारण विकसित देश भारत से द्विपक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) कर रहे हैं। भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के फ्रेमवर्क के अनुसार भारत मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, इथेनाल, तंबाकू, कुछ सब्जियों और मांस जैसे संवेदनशील कृषि एवं डेरी उत्पादों के मामले में पूरी तरह सुरक्षित है। यह समझौता भारत के टेक्सटाइल एवं परिधान, चमड़ा एवं फुटवियर, प्लास्टिक एवं रबर उत्पाद, आर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और चुनिंदा मशीनरी जैसे क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में बड़े अवसर देगा। इसके अलावा जेनेरिक दवाओं, रत्न-हीरे और एयरक्राफ्ट पार्ट्स सहित कई उत्पादों के निर्यात को गति मिलेगी। विशेष रूप से एमएसएमई, किसानों और मछुआरों के लिए 30 ट्रिलियन डालर के अमेरिकी बाजार के द्वार खुलेंगे। निर्यात बढ़ने से महिलाओं और युवाओं के लिए रोजगार बढ़ेगे। इस समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों की बड़ी श्रृंखला पर टैरिफ घटाएगा या समाप्त करेगा तथा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डालर के ऊर्जा उत्पाद, एयरक्राफ्ट एवं पार्ट्स, कीमती धातुएं, टेक्नोलाजी उत्पाद और कोकिंग कोल खरीदने की दिशा में आगे बढ़ेगा। अमेरिका भारत के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण बाजार है। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच 131.84 अरब डालर का व्यापार हुआ, जिसमें भारत का निर्यात 86.51 अरब डालर और आयात 45.33 अरब डालर रहा। वित्त वर्ष 2025-26 में अप्रैल से दिसंबर के बीच भारत ने अमेरिका को 65.88 अरब डालर का निर्यात किया। 18 प्रतिशत टैरिफ भारत को चीन-प्लस-वन रणनीति के स्वाभाविक विकल्प के रूप में और मजबूत करता है। वर्तमान में अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत, चीन पर 34 प्रतिशत, वियतनाम और बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत तथा मलेशिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान और थाइलैंड पर 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ है। ऐसे में भारत-अमेरिका समझौता वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगा।

# बंगाल में एसआईआर

पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआइआर की प्रक्रिया के तहत जारी मसौदा सूची से 58 लाख नाम कटने के बाद जिस तरह करीब पांच लाख लोग सुनवाई प्रक्रिया में नहीं पहुंचे, उससे यह लगता है कि नाम कटने वालों का आंकड़ा 63 लाख तक पहुंच सकता है। चूंकि एसआइआर से जुड़े दावों और आपत्तियों पर सुनवाई की समयसीमा बढ़ा दी गई है, इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए पर्याप्त अवसर नहीं दिया जा रहा है। जिस तरह बंगाल में लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से कटे हैं, उसी तरह कुछ अन्य राज्यों में भी ऐसा ही हुआ है। आम तौर पर ये वे लोग हैं, जो अन्यत्र चले गए अथवा अपने पते-ठिकाने पर नहीं रह रहे या फिर जिनका निधन हो गया है। इसकी अनदेखी




नहीं की जा सकती कि बिहार में भी इसी कारण अच्छी खासी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए थे। अब यदि बंगाल में भी ऐसा होने जा रहा है तो ऐसे किसी नतीजे पर पहुंचने का कोई मतलब नहीं कि जानबूझकर लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं, लेकिन ममता बनर्जी ने अपने इसी आरोप के साथ पहले तो धरने-प्रदर्शन की राजनीति की, फिर अपना पक्ष रखने वकील की हैसियत से स्वयं सुप्रीम कोर्ट पहुंच गईं इसका उद्देश्य यह संदेश देना था कि चुनाव आयोग बंगाल के लोगों के साथ अन्याय कर रहा है, लेकिन इसमें वे नाकाम रहीं। आखिर जब सुप्रीम कोर्ट एसआइआर से जुड़ी विसंगतियों पर निगाह रख रहा है और इस संदर्भ में आवश्यक आदेश-निर्देश भी दे रहा है, तब फिर मतदाता सूचियों को शुद्ध करने की इस प्रक्रिया के विरोध का कोई औचित्य नहीं। यह विचित्र ही है कि ममता बनर्जी एसआइआर में विसंगतियों को इंगित करने के बजाय यह चाह रही हैं कि यह प्रक्रिया हो ही ना। चुनाव आयोग को समय-समय पर एसआइआर की प्रक्रिया करनी ही चाहिए, क्योंकि इसी से मतदाता सूचियां दुरुस्त होंगी और दुरुस्त मतदाता सूचियां निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव की बुनियाद हैं। बंगाल में एसआइआर का विरोध इसलिए हो रहा है, क्योंकि इससे अवैध बांग्लादेशियों के नाम कट सकते हैं। पता नहीं ऐसा होगा या नहीं, लेकिन भारत सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि एसआइआर के जरिये बांग्लादेशी घुसपैठिये चिह्नित हों तो उन्हें निष्कासित करने का काम हर हाल में किया जाए।

यह ठीक नहीं कि भारत सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की बातें तो बार-बार करती है, लेकिन इसके लिए कोई प्रभावी अभियान नही चलाती। समझना कठिन है कि मतदाता सूचियों में संशोधन-परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर अर्थात एनआरसी को क्यों नहीं शुरू किया जा रहा है?

## सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा इलाके के ग्राम पंचायत बापुगांव में सोमवार को कलशयात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बालाजी महाराज के मंदिर परिसर से महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली। वही कलश यात्रा तिवाड़ी की ढाणी स्थित कथा स्थल तक पहुँची। कलशयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी श्रद्धा व उत्साह के साथ शामिल हुए। जानकारी के अनुसार बताया कि कथा व्यास पं. मुरलीधर शास्त्री आकोड़िया ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा का श्रवण मात्र से ही प्राणी सभी पापों से मुक्त हो जाता है। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## गौरक्षा श्याम महायज्ञ का पोस्टर विमोचन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** हाडोता बाईपास पर बालाजी बिहार श्याम मन्दिर पर 18 तारिख से होने वाला महाराज गजानंद देवी उपासक रिसाणी के सानिध्य में गौरक्षा श्याम महायज्ञ का पोस्टर विमोचन किया गया। इस आयोजन में रोज रामधुनि कथा होगी। इस मौके पर छत्रेश्वर महादेव पुजारी, राकेश महाराज, सीताराम कुमावत, मन्दिर पुजारी पुखराज सिह, जीतु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## डॉ. जितेंद्र कुमावत बने राजस्थान (कुम्हार) कुमावत महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

जयपुर टाइम्स



**चौमूं(निस)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा (रजि.) की ओर से समाज हित में किए जा रहे कार्यों को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से संगठन का विस्तार किया गया है। महासभा ने डॉ. जितेंद्र कुमावत को सर्वसम्मति से प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। डॉ. कुमावत विगत 22 वर्षों से तकनीकी शिक्षा से जुड़े हुए हैं तथा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक अनुभवी आईटी विशेषज्ञ के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। इसके साथ ही वे भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान के प्रदेश डिजिटल मीडिया प्रभारी के दायित्व का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। डॉ. कुमावत की पत्नी अर्चना कुमावत भी समाजसेवा से जुडी हुई हैं। वे चौमूं नगरपालिका के अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुकी हैं और वर्तमान में भाजपा जयपुर देहात उत्तर की जिला उपाध्यक्ष हैं। यह नियुक्ति महासभा के पदाधिकारियों की ओर से डॉ. कुमावत की समाज सेवा के प्रति निष्ठा, संगठनात्मक अनुभव व कर्तव्यनिष्ठा को ध्यान में रखते हुए की गई है। नियुक्ति पत्र जारी करते हुए महासभा ने उनसे अपेक्षा जताई है कि वे अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से करते हुए समाज को संगठित करने व जनकल्याण के कार्यों को नई दिशा देंगे। डॉ. जितेंद्र कुमावत की नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों व संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दीं।

## जगन्नाथपुरा में सड़क पर कचरे का अंबार: बदबू से लोग परेशान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के गांव जगन्नाथपुरा मे ग्राम पंचायत मुख्यालय से मात्र 100 मीटर की दूरी पर कचरे का अंबार लगा हुआ है। इस गंदगी और बदबू के कारण आसपास का माहौल दूषित हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगतपुरा जोन 17 नगर निगम की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। चिंताजनक बात यह है कि इस सड़े-गले कचरे को निराश्रित गायें खा रही हैं। इसके चलते कई गायें बीमार हो चुकी हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ रहा है। स्थानीय निवासी महेश मेहता ने इस संबंध मे बताया कि नगर निगम की गाड़ी नियमित नहीं आने से ऐसे में गांव की मुख्य सड़क पर कचरे का अंबार लगा रहता है। कई बार शिकायतें की हैं, पंचायत मुख्यालय के पास फैली यह गंदगी 'स्वच्छ भारत' अभियान के दावों पर सवाल खड़े करती है।

# मकराना में सीवरेज लाइन बनी मुसीबत: रेलवे स्टेशन, पुलिस चौकी, अस्पताल और कोर्ट तक फैल रही गंदगी

जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** मकराना शहर में सीवरेज व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। रेलवे स्टेशन क्षेत्र से लेकर पुलिस चौकी, सरकारी अस्पताल, स्कूल, कार्यालय और न्यायालय परिसर तक जगह-जगह सीवरेज लाइन लीक और जाम होने से हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। गंदा पानी सड़कों पर बहने से आमजन, मरीजों, विद्यार्थियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन के पास स्थित पुलिस चौकी चौक में सीवरेज लाइन जाम होना वर्षों पुरानी समस्या बन चुकी है। यहां सीवरेज का गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे दुर्गंध के साथ आवागमन मुश्किल हो जाता है। विशेषकर पानी की सप्लाई के दौरान हालात और बिगड़ जाते हैं, जब गंदा पानी तेजी से सड़कों पर फैलने लगता है।



### 2019 से बनी हुई है समस्या:

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या वर्ष 2019 से चली आ रही है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। नगर परिषद की ओर से अस्थायी सफाई कर दी जाती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। शहर के कई अन्य इलाकों में भी सीवर ओवरफ्लो की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं।

### स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा:

सीवरेज का गंदा पानी सड़कों पर बहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। सरकारी अस्पताल और स्कूलों के आसपास इस तरह की गंदगी से मरीजों और बच्चों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है।

### नगर परिषद पर उठे सवाल:

स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से जरा-सी रुकावट में ही सड़कें जाम हो जाती हैं। लोगों ने मांग की है कि सीवरेज लाइन की तकनीकी जांच कर स्थायी समाधान किया जाए, ताकि शहरवासियों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके। अब देखने वाली बात यह है कि नगर परिषद और प्रशासन इस ओर कब तक ठोस कदम उठाता है या मकराना के लोग इसी तरह गंदगी और बदबू में जीवन बिताने को मजबूर रहेंगे।

## चौमूं में यूआईटी सब ऑफिस की मांग, विधायक को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं विधानसभा क्षेत्र के सुनियोजित, संतुलित व दीर्घकालिक शहरी विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सोमवार को शहर के कचोलिया रोड स्थित विधायक कार्यालय पर पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक डॉ. शिखा मील बराला से भेंटकर चौमूं में यूआईटी सब ऑफिस / अर्बन प्लानिंग अथॉरिटी की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि चौमूं क्षेत्र वर्तमान में जयपुर महानगर के उत्तरी विस्तार के रूप में तीव्र गति से विकसित हो रहा है। लगातार बढ़ती जनसंख्या, नई आवासीय कॉलोनियों का विस्तार, शैक्षणिक संस्थानों व व्यावसायिक गतिविधियों के कारण यदि समय रहते समुचित शहरी नियोजन व्यवस्था लागू नहीं की गई, तो भविष्य में अव्यवस्था, ट्रैफिक जाम, जलभराव व आधारभूत सुविधाओं की कमी जैसी गंभीर समस्याएँ स्थायी रूप ले सकती हैं। वर्मा ने कहा कि यूआईटी सब ऑफिस / अर्बन प्लानिंग अथॉरिटी की स्थापना से कॉलोनी विकास, सड़क, सीवरेज, ड्रेनेज, पार्क व अन्य सार्वजनिक सुविधाओं की पूर्व योजना सुनिश्चित हो सकेगी। साथ ही आम नागरिकों को पट्टा, नक्शा स्वीकृति व भूमि रूपांतरण जैसे आवश्यक कार्यों के लिए जयपुर कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, जिससे



समय, धन और प्रशासनिक बोझ तीनों में कमी आएगी। अंत में पूर्व पार्षद राजेश कुमार वर्मा ने विधायक डॉ. बराला से मांग की कि चौमूं तेजी से बढ़ते शहरी स्वरूप और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार स्तर पर यूआईटी सब-ऑफिस / अर्बन प्लानिंग अथॉरिटी की स्थापना के लिए ठोस व समयबद्ध पहल की जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग किसी अतिरिक्त कार्यालय की नहीं, बल्कि चौमूं को अव्यवस्थित होने से बचाकर एक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं टिकाऊ शहर के रूप में विकसित करने की जनहितकारी आवश्यकता है। इस मौके पर जाट महासभा चौमूं तहसील अध्यक्ष लालचंद गोरा, छीतरमल बबेरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष भानु प्रसाद सैनी, मुन्ना भाई पठान व अर्जुन लाल चौधरी उपस्थित रहे।

## ताले तोड़कर घर साफ करने वाले गिरोह पर फुलेरा पुलिस का शिकंजा

### फरार आरोपी गिरफ्तार, वारदात की बाइक जब्त

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** फुलेरा थाना पुलिस ने नकबजनी के एक सनसनीखेज मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए फरार चल रहे शातिर आरोपी गिरीराज उर्फ मुकेश कुम्हार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बजाज सीटी-100 मोटरसाइकिल भी जब्त की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नकबजनी गिरोह की कमर टूट गई है। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी (आईपीएस) ने बताया कि इस मामले में पहले ही एक अन्य आरोपी घनश्याम उर्फ भालू को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा चुका है, जबकि गिरोह से जुड़े तीन अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

### ताले तोड़कर की थी नकबजनी

पुलिस के अनुसार 21 दिसंबर 2025 को परिवादी किशनलाल जाट निवासी सामलपुरा, हाल अनु विहार कॉलोनी फुलेरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि 18 दिसंबर को जब वह घर लौटा तो मकान के ताले टूटे हुए थे। कमरों का सारा सामान बिखरा पड़ा था और एलईडी टीवी, चांदी के आभूषण, घरेलू सामान तथा करीब 5 हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने तुरंत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और नकबजनी करने वाले गिरोह की तलाश तेज कर दी।

### तकनीकी ट्रैकिंग और मुखबिर तंत्र से गिरफ्तारी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार दबिश, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र के जरिए 8 फरवरी 2026 को फरार आरोपी गिरीराज उर्फ मुकेश कुम्हार को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने नकबजनी की वारदातों में शामिल होना स्वीकार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस अब वारदात में प्रयुक्त लोहे का सरिया बरामद करने और गिरोह के अन्य फरार सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है।

### पुलिस टीम को मिली सफलता

इस कार्रवाई में थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक धुडसिंह तथा कांस्टेबल सरदार सिंह और अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि गिरोह के बाकी सदस्यों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फुलेरा पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

## बंवली घाटी धाम में विराट हिंदू सम्मेलन, कलश यात्रा व आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** नावां खंड के मीठड़ी उपखंड अंतर्गत खारड़िया मंडल के राजस्व ग्राम बंवली गुढ़ा स्थित पावन बाबा जीवनपुरी जी महाराज बंवली घाटी धाम प्रांगण में भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। सम्मेलन में गुढ़ा राजावता, बंवली गुढ़ा व उलाना सहित आसपास के क्षेत्रों से सर्व समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। सम्मेलन में सुसज्जित रघुनाथ जी महाराज, भगवान देवनारायण महाराज व रामदेव जी महाराज की झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। भक्तों ने भजनों, जयकारों और धार्मिक वातावरण के बीच आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री 1008 महंत श्री हीरापुरी जी महाराज (थानापति), जूना अखाड़ा डूंगरी कला पधारे। उनके साथ श्री 108 गोपाल पुरी जी महाराज (महंत, बाबा जीवनपुरी धाम बंवली




घाटी), संत भागीरथ दास जी (बालाजी बगीची, गुढ़ा राजावता), विनोद बागड़ा (खंड संघचालक, परबतसर), नेमीचंद (विभाग पर्यावरण संयोजक) तथा राजू मिठड़ी सहित संघ के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महावीर सिंह राजावत ने पधारे सभी संत-महात्माओं का आभार व्यक्त किया। पूरे आयोजन ने क्षेत्र में धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया।

## प्रतिभा सम्मान व कृषि उद्यमिता विषयक संगोष्ठी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह व कृषि उद्यमिता और चुनौतियां विषय पर प्रेरक वार्ता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय भामाशाहों और उद्योग जगत से जुड़े अतिथियों ने विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में रोजगार, व्यवसाय और नवाचार की संभावनाओं से अवगत कराया। उद्योगपति गोपाल मोर, राजेश गोयल और प्रधान प्रतिनिधि एडवोकेट राजेश गुर्जर ने कहा कि आज कृषि केवल पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे आधुनिक तकनीक, मूल्य संवर्धन और विपणन से जोड़कर उद्योग की तरह विकसित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को एग्री-बिजनेस, डेयरी, जैविक खेती, फूड प्रोसेसिंग और एग्री-स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में भविष्य की अपार संभावनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। भामाशाह पवन शाह और अल्पना अग्रवाल ने भी अपने विचार साझा करते हुए विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। समारोह के दौरान



प्रतिभावान विद्यार्थियों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों व एसडीएमसी सदस्यों कौशल्या छिपा, भगवती गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की ओर से सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण नवाचार के रूप में बाल वाटिका के नन्हे बच्चों का मंच पर स्वागत- सत्कार रहा, जहां उन्हें सम्मानपूर्वक मिठाई खिलाई गई।

## प्रभारी सचिव ने ली जिला स्तरीय समीक्षा बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया जोर

### प्रभारी सचिव डॉ समित शर्मा ने इंदौखा में किया ग्राम उत्थान शिविर का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** पशुपालन, मत्स्य व गोपालन विभाग के सचिव और जिले के प्रभारी सचिव डॉ. समित शर्मा सोमावर को डीडवाना जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान प्रभारी सचिव ने नावा उपखण्ड कार्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए, उसके बाद भूणी ग्राम में मनरेगा कार्य का अवलोकन किया। फिर इंदोखा में ग्रामोत्थान शिविर का अवलोकन किया और वहां अधिकारियों को सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उचित दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कुचामन नगर परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं और जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव बनने के बाद पहली बार डीडवाना-कुचामन जिले के दौरे पर आए डॉक्टर समित शर्मा एक्शन मूड में नजर आए और उन्होंने अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। अपने कार्यकाल में ईमानदार अधिकारी की छवि रखने वाले डॉक्टर समित शर्मा पूर्व में नागौर के जिला कलेक्टर भी रह चुके हैं






और उस दौरान उनकी कार्य प्रणाली काफी चर्चा में रही थी। आज एक बार फिर वह जब प्रभारी सचिव के रूप में अपनी दूसरी पारी में डीडवाना - कुचामन जिले के दौरे पर आए तो उनका लहजा कमोबेश वैसा ही नजर आया। पहले से होमवर्क करके आए और प्रभारी सचिव डॉक्टर समित शर्मा ने अधिकारियों से रूबरू होकर विभाग से जुड़ी जानकारियां लेनी शुरू की। इस दौरान कई अधिकारियों को जहां लताड़ मिली तो कई अधिकारियों को उन्होंने फटकार भी लगाई। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पाबंद किया कि अस्पताल में सुविधाएं ऐसी हो कि प्रसव और अन्य ऑपरेशन के लिए लोग सरकारी अस्पतालों का ही रुख करें। इस दौरान उन्होंने निजी क्लिनिक चलाने वाले सरकारी डॉक्टरों के लिए भी सख्त निर्देश जारी किए। जिला परिवहन अधिकारी को उन्होंने कहा कि परिवहन कार्यालय के बाहर एजेंटों के पास लोग नहीं जाए, बल्कि परिवहन कार्यालय में ही अपने कार्य के लिए आए, इसकी सुनिश्चितता की जाए। कुचामन सिटी में सीवरेज और जल प्रदाय योजना के कार्य में आरयूआईडीपी की ओर से लापरवाही और आम जन की शिकायतों की जानकारी मिलने पर उन्होंने एसई को जल्द से जल्द शिकायतों का निवारण करने और टूटी सड़कों के जल्द निर्माण के निर्देश दिए। सभी विभागों के अधिकारियों को प्रभारी सचिव ने समय पर कार्यालय आने के लिए सख्त निर्देश दिए। गौरतलब है कि कुछ दिनों पर जयपुर से आई टीम ने डीडवाना में सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया था। उस निरीक्षण में लगभग सभी कार्यालयों में अधिकारी कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए थे। उस निरीक्षण को लेकर भी प्रभारी सचिव ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए भी कार्यालय समय पर पहुंचने के लिए सहमति ली। खनन विभाग के अधिकारियों ने अवैध खनन पर कार्रवाई नहीं करने और वसूली करने के आरोपों पर जिला प्रभारी सचिव डॉ समित शर्मा ने खनन अभियंता ललित मंगल को जमकर फटकारा और आगे से नियमानुसार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। जिले में सफाई व्यवस्था और डंपिंग यार्ड के बारे में भी प्रभारी सचिव ने जानकारी ली और सुधार के निर्देश दिए। कृषि और पशुपालन विभाग से भी उन्होंने विभाग की और से चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने अपने कार्यकाल में शुरू किए गए विभिन्न नवाचारों सैफ आई सैफ हाइवे, सैफ आई सैफ फ्यूचर सहित राजकीय विद्यालयों, अस्पतालों और अन्य कार्यालयों के पट्टे बनाने की जानकारी दी तो इसकी प्रभारी सचिव डॉ समित शर्मा ने काफी सराहना की।



# लंबे वर्किंग आवर्स पर अर्जुन बिजलानी का खुलासा

टीवी की दुनिया बाहर से जितनी चमकदार और रंगीन दिखाई देती है, अंदर से उतनी ही दबाव से भरी होती है। दर्शक रोज अपने पसंदीदा कलाकारों को टीवी स्क्रीन पर देखते हैं, लेकिन उनकी मेहनत, थकान और मानसिक तनाव से अनजान रहते हैं। घंटों शूटिंग, लगातार काम का दबाव और निजी जीवन के लिए कम समय, ये सब टीवी कलाकारों की रोजमर्रा जिंदगी का हिस्सा है। इसी मुद्दे पर छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता अर्जुन बिजलानी ने बताया कि टीवी इंडस्ट्री में काम करना कितना कठिन होता है। अर्जुन बिजलानी ने टीवी इंडस्ट्री के लंबे वर्किंग आवर्स को बेहद मुश्किल बताया। उन्होंने कहा, 'कागज पर भले ही 12 घंटे की शिफ्ट लिखी जाती हो, लेकिन असल में कलाकारों का पूरा दिन काम में ही निकल जाता है। शूटिंग के अलावा सेट तक आने-जाने का समय, मेकअप, और कई बार ओवरटाइम भी इसमें जुड़ जाता है, जिससे काम के घंटे और बढ़ जाते हैं।'

अर्जुन ने उदाहरण देते हुए कहा, ''अगर किसी कलाकार की शूटिंग सुबह 9 बजे से शुरू होती है, तो उसे सुबह 7 बजे उठना पड़ता है। 8 बजे तक घर से निकलना जरूरी होता है ताकि समय पर सेट पहुंचा जा सके। खासकर महिला कलाकारों को कई बार और भी जल्दी बुलाया जाता है, क्योंकि उन्हें मेकअप और तैयार होने में ज्यादा समय लगता है। इस वजह से उनका दिन और भी लंबा हो जाता है।'' उन्होंने कहा, ''शूटिंग अक्सर रात 9 बजे तक चलती है और कई बार इससे भी देर हो जाती है। शूट खत्म होने के बाद भी कलाकारों को मेकअप उतारने और कपड़े बदलने में समय लगता है। इसके बाद ट्रैफिक में घर लौटना एक अलग चुनौती होती है। कई बार कलाकार रात के काफी देर से घर पहुंचते हैं, जब शरीर पूरी तरह थक चुका होता है।''

जब उनसे पूछा कि क्या टीवी इंडस्ट्री में 8 घंटे की शिफ्ट होनी चाहिए, तो अर्जुन बिजलानी ने कहा, ''तकनीकी रूप से यह संभव नहीं है। जब कोई शो हफ्ते में सातों दिन टेलीकास्ट होता है, तो इतने कम समय में काम पूरा करना मुश्किल हो जाता है।''

अर्जुन ने कहा, ''अगर काम के घंटे घटाकर 8 कर दिए जाएं, तो शो की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है। दर्शकों तक अच्छी क्वालिटी का कंटेंट पहुंचाने के लिए कलाकारों और पूरी टीम को 12 घंटे तक काम करना पड़ता है। काम और सेहत के बीच संतुलन बनाना बेहद जरूरी है।''



# पर्दे पर 'हाउसवाइफ' का किरदार निभाएंगी आलिया भट्ट

## राजकुमार राव के साथ बनेगी जोड़ी!

**आलिया भट्ट बीते कुछ समय से बड़े पर्दे पर नजर नहीं आई हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'जिगरा' थी, जो अक्तूबर 2024 में रिलीज हुई थी। पूरे 2025 में आलिया की एक भी फिल्म रिलीज नहीं हुई। इस बीच अब आलिया भट्ट की आगामी फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक कर सकते हैं।**

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया भट्ट आगामी फिल्म 'हाउसवाइफ' में लीड रोल में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक करेंगे, जिन्होंने इससे पहले 'दृश्यम 2' जैसी हिट फिल्म बनाई थी। अगर आलिया इस फिल्म में काम करती हैं, तो वे एक शादीशुदा महिला का किरदार निभाएंगी। कहानी घर-परिवार से जुड़े मुद्दों पर आधारित होगी। यह पहली बार होगा जब आलिया इस तरह के किरदार में नजर आएंगी।

### मेल लीड निभाएंगे राजकुमार!

रिपोर्ट के मुताबिक, आलिया के साथ इस फिल्म में राजकुमार राव प्रमुख भूमिका में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी कुछ फाइनल नहीं हुआ है। अगर ऐसा होता है तो आलिया और राजकुमार पहली बार बड़े पर्दे पर साथ नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग अगस्त या सितंबर 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। अभिषेक पाठक 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी करने के बाद इस फिल्म को शुरू कर सकते हैं।

### आलिया-राजकुमार के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

आलिया भट्ट आखिरी बार 'जिगरा' में नजर आई थीं। उनकी आगामी फिल्मों में यशराज के स्पाई-यूनिवर्स की एक्शन फिल्म 'अल्फा' है। इसमें उनके साथ में शरवरी वाघ और बॉबी देओल प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा, वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में पति रणबीर कपूर और विक्की कौशल के साथ काम कर रही हैं। वहीं, राजकुमार राव जल्द ही नेटफ्लिक्स की कॉमेडी फिल्म 'टोस्टर' में दिखाई देंगे। साथ ही वो एक बायोपिक ड्रामा में नजर आएंगे। जिसमें वे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्ज्वल निकम का किरदार निभाएंगे।





# सात साल बाद अभिनय में वापसी पर क्या बोलीं रिया चक्रवर्ती?

एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती अपकमिंग सीरीज 'फैमिली बिजनेस' से स्क्रीन पर सात साल बाद वापसी कर रही हैं। इस प्रोजेक्ट के एलान के बाद एक्ट्रेस ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने अपने काम पर लौटने के लंबे सफर के बारे में बताया। उन्होंने पर्दे पर वापसी के लिए आभार जताया है।

### एक्टिंग में दोबारा आने पर बोली रिया?

हाल ही में रिया ने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह तैयार हो रही हैं। एक्टिंग में दोबारा वापसी करने पर उन्होंने कहा कि उन्होंने आखिरी बार 2019 में 'चेहरे' के लिए शूटिंग की थी। रिया ने कहा, '7 साल। यह सच में बहुत अजीब है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं फिर से एक्टिंग करूंगी। यह अविश्वसनीय है क्योंकि यह एक सपने जैसा है। जब मैं 17 साल की थी, तब यह मेरा सपना था। फिर वह सब हुआ। इसके बाद मुझे काम मिलना बंद हो गया। फिर मैं वापस आ गई। हालांकि अब मैं बहुत बदल गई हूं। अब मेरा एक अलग करियर है। अब कई मायनों में यह मायने नहीं रखता। कई मायनों में यह अभी भी पहले से कहीं ज्यादा मायने रखता है।'




### कौन सा सपना लेकर आई थीं रिया?

पोस्ट के कैप्शन में रिया ने लिखा 'सेट पर गए हुए 7 साल हो गए हैं। हालांकि मैं आज भी वही लड़की हूं जो 17 साल की उम्र में एक्ट्रेस बनने का सपना लेकर मुंबई आई थी। मेरा एक हिस्सा आगे बढ़ गया, लेकिन एक हिस्सा वहीं रुका रहा और इंतजार करता रहा।

### 'फैमिली बिजनेस' की स्टारकास्ट

सीरीज 'फैमिली बिजनेस' में रिया के अलावा विजय वर्मा, अनिल कपूर, ध्रुव सहगल, नेहा धूपिया, राइमा सेन, आकाश खुराना, अपरा मेहता, नंदीश संधू, अनंत नाग, रोहन विनोद मेहरा, टीना देसाई, कंवलजीत सिंह, मधु और इनायत सूद प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



# वीर दास ने कंगना को बताया 'पीढ़ी में एक बार आने वाली एक्ट्रेस'



बालीवुड एक्टर और कॉमेडियन वीर दास अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। वे 'लव आज कल', 'बदमाश कंपनी', 'देली बेली' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उन्होंने कंगना रनौत के साथ भी 'रिवॉल्वर रानी' फिल्म में काम किया है। हाल ही में वीरदास ने एक इंटरव्यू में कंगना के साथ किए काम का अनुभव शेयर किया। फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' से अपनी और कंगना की एक तस्वीर पर रिएक्ट करते हुए वीर दास ने उनके साथ काम करने के अनुभव शेयर किया। वीर दास ने साथ बातचीत में कहा, 'इस फिल्म में हम दोनों ज्यादातर समय एक-दूसरे से लड़ते नजर आते हैं। यह एक डार्क और थोड़ी अलग तरह की ब्लैक कॉमेडी है। कंगना एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जो पीढ़ियों में एक बार पैदा होती हैं। उनके साथ काम करके मुझे बहुत मजा आया।

### फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' के बारे में

फिल्म 'रिवॉल्वर रानी' में कंगना रनौत ने रिवॉल्वर रानी का लीड किरदार निभाया है। वहीं वीर दास ने रोहन मेहरा का रोल किया, जो एक उभरते हुए बॉलीवुड अभिनेता हैं और जिनसे कंगना का किरदार प्यार करने लगता है। कहानी में कुछ लोग रोहन को अगवा कर लेते हैं। इसके बाद उन्हें मारने का प्लान बनाते हैं। तब कंगना बंदूक उठाकर दुश्मनों से भिड़ जाती हैं और उनकी जान बचाती हैं। इस फिल्म का निर्देशन साई कबीर श्रीवास्तव ने किया था। फिल्म में पीयूष मिश्रा, जकिर हुसैन और जेशान कादरी भी अहम रोल में नजर आए थे।

### वीर दास के हालिया प्रोजेक्ट्स

वीर दास हाल ही में फिल्म 'हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस' में नजर आए थे। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस में बनी थी। इसमें मिथिला पालकर और मोना सिंह भी अहम किरदारों में थीं। वहीं इमरान खान और आमिर खान ने भी इस फिल्म में खास कैमियो किया था। इस फिल्म को क्रिटिक्स से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। अब वीर दास कॉमेडी वर्ल्ड टूर 'हे स्ट्रेंजर' करने वाले हैं। यह टूर 27 फरवरी से शिकागो में शुरू होगा और 23 मई को मलेशिया में खत्म होगा।



# हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है

**इन दिनों अभिनेत्री मृणाल ठाकुर अपनी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक को लेकर लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम अभिनेता धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। यही नहीं यहां तक कहा जा रहा है कि मृणाल और धनुष वैलेंटाइन डे के मौके पर 14 फरवरी को शादी करने वाले हैं। अब धनुष के साथ शादी की खबरों पर मृणाल ठाकुर की ओर से प्रतिक्रिया आई है।**

सोशल मीडिया पर मृणाल ठाकुर का एक लंबा-चौड़ा स्टेटमेंट वायरल हो रहा है। इसको अभिनेत्री के फैन पेज पर शेयर किया गया, इसके बाद ये वायरल है। इस स्टेटमेंट में मृणाल ठाकुर के हवाले से कहा गया है, 'मैंने हमेशा यही माना है कि मेरा काम मेरी पहचान बने, न कि गपशप। फिर भी आज मैं खुद को ऐसी कहानियों से जुड़ा हुआ पाती हूं जो मैंने कभी नहीं लिखीं, ऐसी बातचीत जो मैंने कभी नहीं की और ऐसे फैसले जो मैंने कभी नहीं लिए। हाल ही में, एक तथाकथित शादी को लेकर कंट्रोवर्सी चर्चा में है। मैं यह स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि धनुष हमेशा से मेरे लिए भाई समान रहे हैं। हमारा रिश्ता सिर्फ आपसी सम्मान और प्रोफेशनल है। इससे ज्यादा कुछ नहीं। फिर भी मुझे आश्चर्य होता है कि लोग किसी महिला के निजी जीवन के बारे में कहानियां गढ़ने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं, बजाय इसके कि उसके जीवन के सफर को समझें।'

### अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं

अभिनेत्री की ओर से इस स्टेटमेंट में आगे कहा गया, 'मैं चुप रहना इसलिए नहीं चुनती क्योंकि मुझे कुछ छिपाना है। बल्कि इसलिए कि मेरा मानना है कि मेरे निजी जीवन को सार्वजनिक मंजूरी की जरूरत नहीं है। मैंने ऑडिशन, अस्वीकृति, लंबी रातों और अटूट आत्मविश्वास के दम पर आज इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की है। उस सफर को अफवाह तक सीमित करना गलत है। सोशल मीडिया हर किसी को अपनी बात कहने का मौका देता है, लेकिन यह जिम्मेदारी भी मांगता है। कुछ क्लिक, लाइक और शेयर भले ही नुकसान न पहुंचाएं, लेकिन वे ऐसी कहानियां गढ़ते हैं जो असल लोगों को प्रभावित करती हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं, इन अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है।' सोशल मीडिया पर वायरल मृणाल ठाकुर का ये स्टेटमेंट उनके किसी ऑफिशियल पेज पर नहीं है। न तो इंस्टाग्राम पर मौजूद है और न ही एक्स पर। यही नहीं इस बयान को लेकर मृणाल ठाकुर की टीम की ओर से भी ये स्पष्ट किया गया कि अभिनेत्री ने ऐसा कोई स्टेटमेंट नहीं दिया है। ये पूरी तरह से फेक है। जिससे ये स्पष्ट होता है कि धनुष को भाई बताने वाला मृणाल का ये बयान असली नहीं है, बल्कि सिर्फ फेक है। ये बयान मृणाल या उनकी टीम की ओर से नहीं दिया गया है।

### शादी की खबरों को खारिज कर चुकी हैं मृणाल

हालांकि, मृणाल ठाकुर 14 फरवरी को अपनी शादी की खबरों को कई बार खारिज कर चुकी हैं। वो कई बार इन खबरों को सिर्फ अफवाह बता चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में भी जब मृणाल से धनुष के साथ शादी की खबरों को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि अरे मुझे तो इनवाइट ही नहीं किया गया। एक्ट्रेस ने कहा कि सोशल मीडिया पर वेडिंग डेट भी आ गई है। वो कहती हैं कि आ गई? मुझे किसी ने इनवाइट ही नहीं किया। मुझे भी बुला लेते।

### 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल

वर्कफ्रंट की बात करें तो मृणाल ठाकुर जल्द ही आगामी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ सिद्धांत चतुर्वेदी प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा मृणाल की पाइपलाइन में 'डकैत' भी है, इसमें उनके साथ आदिवी शेष प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे।



# राजाखेड़ा अदालत कर्मचारी पर कथित हमला !

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा उपखंड के दिघी गांव व इलाके के स्थानीय दबंगों का बढ़ता दुस्साहस अब अदालत के कर्मचारियों पर हमला करने तक पहुंच गया है। ऐसे ही एक मामले में, दिघी गांव में सम्मन तामील करने गए एक राजाखेड़ा अदालत के चतुर्थी कर्मचारी पर दबंगो ने हमला कर दिया। पीड़ित चतुर्थी कर्मचारी किसी तरह अपनी जान बचाकर राजाखेड़ा पहुंचा, जहां उसने राजाखेड़ा पुलिस थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि वह अमरफल, रामेश्वर मीना का पुत्र है और राजखेड़ा स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में चतुर्थ श्रेणी का कर्मचारी है। 7 फरवरी को दोपहर 3:15 बजे, वह सविता गुप्ता बनाम मोहन प्रकाश और अन्य के मामले में सम्मन तामील करने के लिए दिघी गांव में आरोपी राजकुमार उर्फ राज्जो के घर पहुंचा। उसी समय, दिघी निवासी बाबूलाल कोली के पुत्र बेताल सिंह ठाकुर और राजकुमार उर्फ राज्जो वहां पहुंचे और उन्हें गालियां देते हुए कहा कि वे सम्मन देने के लिए इसी तरह आते रहते हैं। उन्होंने जबरदस्ती उसके हाथों से सम्मन और दावों की प्रतियां छीन लीं और उन्हें फाड़ दिया, और उसे लात-घूंसे मारपीट शुरू कर दिया। जब पीड़ित ने खुद को सरकारी कर्मचारी बताया, तो दोनों आरोपियों ने उसे और पीटा और कहा कि वे सरकारी कर्मचारियों के साथ इसी तरह व्यवहार करते हैं, और वहां 7-8 अन्य लोग भी मौजूद रहे। वह बड़ी मुश्किल से बच निकला। राजाखेड़ा पुलिस थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने कहा कि प्राथमिकता दृश्य रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामला गंभीर है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। किसी को भी सरकारी कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने का अधिकार नहीं है। उनकी जांच की जाएगी और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### तखतगढ़: नगरपालिका की कमान प्रशासन के हाथ

# एसडीएम कालूराम कुम्हार बने प्रशासक, विकास कार्यों में तेजी के संकेत



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** तखतगढ़ नगरपालिका में प्रशासनिक बदलाव के तहत सोमवार को सुमेरपुर के एसडीएम कालूराम कुम्हार ने नगरपालिका प्रशासक का कार्यभार संभाल लिया है। निवर्तमान अध्यक्ष ललित रांकावत का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद अब नगर की जिम्मेदारी सीधे प्रशासन के हाथों में आ गई है। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष ललित रांकावत एवं अधिशासी अधिकारी मगराज चौधरी ने एसडीएम कुम्हार का माला पहनाकर बहुमान किया। इस दौरान नगर के लंबित विकास कार्यों, अधूरे प्रोजेक्ट्स और प्रशासनिक प्राथमिकताओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। एसडीएम कुम्हार ने स्पष्ट संकेत दिए कि रुके हुए विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। प्रशासक का कार्यभार संभालने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों में नई उम्मीद जगी है। किसान मोर्चा अध्यक्ष सुधीर सिंह, पूर्व पार्षद शेषमल कुमावत, मुकेश सुधार व रतनलाल सहित कई गणमान्य लोगों ने एसडीएम कुम्हार का मुंह मीठा करवाकर शुभकामनाएं दीं। नगरवासियों की निगाहें अब प्रशासनिक नेतृत्व पर टिकी हैं कि तखतगढ़ में रुके विकास कार्यों को कितनी तेजी और पारदर्शिता के साथ आगे बढ़ाया जाता है।

# तारबंदी योजना से किसान रामलखन गुर्जर को मिली राहत, बढ़ी फसल की पैदावार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ग्राम पंचायत बिजौली के ग्राम जनपुरा निवासी किसान रामलखन गुर्जर पुत्र रामसिंह गुर्जर को राज्य सरकार की कृषि विभाग की ओर से संचालित तारबंदी योजना से बड़ी राहत मिली है। वर्षों से उनके खेतों में आवारा पशुओं के कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा था जिससे उन्हें आर्थिक हानि का सामना करना पड़ता था। इस समस्या के समाधान के लिए उनकी मुलाकात स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक संत कुमार मीणा से हुई। कृषि पर्यवेक्षक की ओर से तारबंदी योजना की जानकारी दिए जाने के बाद किसान रामलखन गुर्जर ने योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया। आवेदन के पश्चात विभाग की ओर से प्री. वेरिफिकेशन किया गया और स्वीकृति मिलने पर किसान ने अपने खेत में तारबंदी का कार्य प्रारंभ कर समय पर पूर्ण किया। कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक की ओर से पोस्ट.वेरिफिकेशन भी सम्पन्न किया गया। सभी प्रक्रियाएँ पूरी होने के 7 दिवस के भीतरए वित्तीय वर्ष 2022.23 में कृषि विभाग की ओर से 48 हजार की अनुदान राशि क्विज् के माध्यम से किसान के खाते में स्थानांतरित की गई। तारबंदी होने के बाद अब किसान के खेतों में आवारा पशुओं से होने वाला नुकसान पूरी तरह बंद हो गया है। फसल सुरक्षित होने से पैदावार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई हैए जिससे किसान की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आया है।किसान रामलखन गुर्जर ने बताया कि तारबंदी योजना ने उनकी वर्षों पुरानी समस्या का स्थायी समाधान किया है। उन्होंने अन्य किसानों से भी इस योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए राज्य सरकार व कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, बीकानेर**

क्रमांकः- अअ/ वि. खण्ड/बी./निविदा/2025-26/1543 दिनांक :-29.01.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 42 / वर्ष 2025-26 (NIB Code No PWD2526A5400)**

निम्न हस्ताक्षर कर्ता द्वारा राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विद्युतीकरण कार्यों के लिए मोहरबन्द निविदाएं सा.नि.वि., राज में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्रों की प्रति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की दिनांक 30.01.2026 से 19.02.2026 तक सांय 6.00 बजे तक जमा कराई जा सकती है। तकनीकी निविदा दिनांक 20.02.2026 को प्रात 11.00 बजे खोली जायेंगी। प्री-बिड मिटिंग की दिनांक 04.02.2026 दोपहर 01.00 बजे है। निविदा की अन्य शर्ते एवं स्वीकृत तकमीना आदि का विवरण किसी भी कार्य दिवस के दौरान इस कार्यालय में उपस्थित होकर देखा जा सकता है। अन्य शर्ते व विवरण इस कार्यालय में व डीपीआर की वेबसाईट www.dipronline.org, http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। कुल कार्यों की संख्या 04 कुल लागत 569.04 लाख ।

UBN No. 1 PWD2526WSOB21969
2. PWD2526WSOB21970
3. PWD2526WSOB21971
4. PWD2526WSOB21972

भवदीय
(मनोज कुमार रावत)
अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. विद्युत खण्ड, बीकानेर

DIPR/C/2090/2026


### बिजली विभाग की अनदेखी या मिलीभगत?

# पोयणा में मकान की दीवार में चुनाया गया बिजली का खंभा, मालिक को नोटिस

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर के निकटवर्ती पोयणा गांव में बिजली व्यवस्था से जुड़ा एक गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक निजी मकान की दीवार में ही बिजली का खंभा चुनवा दिया गया, जो नियमों और सुरक्षा मानकों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों की शिकायत और समाचार पत्रों में मामला उजागर होने के बाद विद्युत विभाग हरकत में आया और मकान मालिक लीला भारती को नोटिस जारी कर सात दिन में जवाब तलब किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार बिना किसी विभागीय अनुमति के बिजली का खंभा मकान की दीवार में चुनवाया गया है, जबकि उसी दीवार में ऊपर- नीचे बाथरूम बने हुए हैं। यह स्थिति न केवल विद्युत नियमों के खिलाफ है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी बड़ा खतरा बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते शिकायत नहीं होती तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता था।





जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
कार्यालय सहायक अभियन्ता (पवस),सुमेरपुर

:: नोटिस ::

प्रेषित :
श्री लीला भारती पुत्र श्री बीमा भारती,
रावला गली, गांव – पोयणा, ग्रा.प. बामनेरा, तह. सुमेरपुर जिला –पाली (राज.)

विषय– विद्युत तंत्र को क्षतिग्रस्त करने/ राजस्व संपति पर कब्जा करते बाबत विद्युत अधिनियम 2003 धारा 139 अंतर्गत नोटिस।

संदर्भ– श्री विक्रम, श्री दिनेश कुमार, श्री लंकेश भारती वगैराह निवासी पोयणा द्वारा प्रस्तुत शिकायत, समाचार पत्र मरुधर न्यूज, नवज्योति, टाईम्स न्यूज आदि मे प्रकाशित विद्युत पोल पर अतिक्रमण के संबंध मे प्रकाशित समाचार एवं मौका जाँच रिपोर्ट।

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित प्रकाशित समाचार एवं शिकायतकर्ताओ द्वारा अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत शिकायत अनुसार एवं आप द्वारा अपने मकान निर्माण द्वारा पूर्व मे स्थापित विद्युत पोल पर अतिक्रमण कर दिया गया एवं पोल को अपने मकान की दीवार मे चुनवा दिया गया है। दीवार से निकली पोल की एंगल का सत्यापन मौका रिपोर्ट से भी किया जा चुका है। आप द्वारा पूर्व स्थापित विद्युत लाईन से अनावश्यक छेड़-छाड़ करते हुये इस कृत्य द्वारा विद्युत अधिनियम धारा 139 का उल्लंघन किया गया है एवं इससे विद्युत दुर्घटना को भी अंदेशा है।

इस नोटिस के जरिये आपको यह सूचित किया जाता है कि आप इस कार्यालय मे नोटिस प्रेषण तिथि के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत होकर आप द्वारा विद्युत तंत्र को हुई की क्षतिपूर्ति हेतु आवश्यक उपयुक्त स्थान पर विद्युत पोल लगवाने एवं आपकी दिवार के हटाकर उसपर लाईन स्थानांतरित कराने की कार्यवाही करावे, अन्यथा बादमियाद आपके विरुद्ध विद्युत अधिनियम के प्रावधानो के अंतर्गत विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी। सूचित रहे।

सहायक अभियंता (पवस)
जोधपुर डिस्कॉम, सुमेरपुर




### खबर प्रकाशित हुई तो विभागीय टीम ने किया मौका निरीक्षण:

ग्रामीणों की लगातार शिकायतों और मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद विद्युत विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध पाए जाने पर विभाग ने 5 फरवरी को लीला भारती को नोटिस जारी कर पूछा कि किसकी अनुमति से और किन परिस्थितियों में विद्युत पोल को मकान की दीवार में चुनवाया गया। विद्युत अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार का निर्माण पूरी तरह नियम विरुद्ध है। यदि जवाब संतोषजनक नहीं मिला तो पोल को हटाकर नियमानुसार स्थानांतरित किया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म

मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि इतना बड़ा निर्माण कार्य लंबे समय तक कैसे चलता रहा और किसके इशारों पर किया गया। आरोप है कि गली और बिजली पोल पर अतिक्रमण से गलीवासियों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मचारियों की मिलीभगत से बिना अनुमति एंगल व इंसुलेटर लगाकर गली के सभी कनेक्शन जोड़ दिए गए, लेकिन विभाग की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी।

### विद्युत अधिनियम के तहत जारी किया गया नोटिस:

विद्युत विभाग की ओर से लीला भारती पुत्र बीमा भारती, निवासी रावला गली को विद्युत तंत्र को क्षतिग्रस्त करने एवं राजस्व संपत्ति पर अतिक्रमण के मामले में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 139 के तहत नोटिस जारी किया गया है। विभागीय जांच में सामने आया कि मकान निर्माण के दौरान पूर्व में स्थापित विद्युत पोल को दीवार में चुनवाया गया तथा विद्युत लाइन से अनधिकृत छेड़छाड़ की गई, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नोटिस में निर्देश दिए गए हैं कि निर्धारित समय सीमा में कार्यालय में उपस्थित होकर विद्युत तंत्र को हुई क्षति की भरपाई करें, उपयुक्त स्थान पर नया पोल लगवाएं और दीवार हटाकर विद्युत लाइन को नियमानुसार स्थानांतरित कराएं। ऐसा नहीं करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में सहायक अभियंता ने ग्राम पंचायत बामनेरा के ग्राम विकास अधिकारी को पत्र भेजकर मकान प्लॉट की सीमा ज्ञान सहित वस्तुस्थिति रिपोर्ट मांगी है, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

# व्यापक स्क्रीनिंग, आधुनिक जांच और पोषण सहयोग से धौलपुर ने टीबी उन्मूलन में बनाई मजबूत पहचान

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत धौलपुर जिले ने सघन जांच, समयबद्ध उपचार और सामाजिक सहयोग के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से अपनाई गई योजनाबद्ध रणनीति और फील्ड स्तर पर सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले में टीबी नियंत्रण की दिशा में ठोस प्रगति दर्ज की गई है। मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने बताया कि गत वर्ष से अब तक जिले में 2 लाख 99 हजार 315 व्यक्तियों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। इस दौरान 1 लाख 33 हजार 359 एक्स-रे, तथा 22 हजार 795 नॉट (छ।।ज) टेस्ट के साथ 4,140 माइक्रोस्कोप एएफबी जांच कराई गई हैं। इन प्रयासों से टीबी के संदिग्ध व सक्रिय मामलों की शीघ्र पहचान संभव हुई है, जिससे समय पर उपचार शुरू कर संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सका है। डॉ. मीणा ने बताया कि टीबी मरीजों के उपचार के साथ-साथ उनके पोषण और सामाजिक सहयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। जिले में टीबी मरीजों को उचित पोषण उपलब्ध करवाने के लिए 1हजार 311 निक्षय मित्रों को जोड़ा गया है, जिनके माध्यम से 7हजार 328 टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा 1 हजार 584 मरीजों को निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई है, जिससे उपचार के दौरान मरीजों की निरंतरता और रिकवरी दर में सुधार हुआ है।डॉ. मीणा ने बताया कि हाई




रिस्क आबादी की पहचान कर विशेष रणनीति अपनाई गई है। आधुनिक जांच तकनीकों के उपयोग, मोबाइल टीमों की तैनाती और फील्ड स्तर पर आशा, एएनएम, सीएचओ एवं स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भूमिका ने अभियान को मजबूत आधार प्रदान किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गोविंद सिंह मीणा ने बताया कि टीबी मुक्त धौलपुर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए आगे की कार्ययोजना में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स-रे मशीन के माध्यम से सघन जांच, नॉट टेस्ट की ओर से त्वरित पुष्टि तथा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि किसी भी संभावित मामले को प्रारंभिक स्तर पर ही चिन्हित किया जा सके। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति में दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, वजन कम होना, रात में पसीना आना या कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में जांच कराएं। टीबी पूरी तरह से उपचार योग्य बीमारी है और समय पर जांच व पूरा उपचार ही इसके उन्मूलन का सबसे प्रभावी उपाय है।

# पशु तस्करी पर धौलपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 3 ट्रक जब्त, 58 भैंसें मुक्त, 6 आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** धौलपुर पुलिस ने पशु तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रकों को जब्त कर 58 भैंसों को मुक्त कराया है। इस दौरान भैंसों की अवैध तस्करी में लिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा (आरपीएस) तथा वृत्ताधिकारी मनियां खलील अहमद (आरपीएस) के सुपरविजन में की गई। थानाधिकारी मनियां नीरज शर्मा (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित टीम ने 8 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर थाना मनियां के सामने एनएच-44 पर नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान धौलपुर की ओर से आ रहे तीन वाहनों–दो ट्रक और एक आयशर कैन्ट्रा–को पुलिस जाप्ते की मदद से रुकवाया गया।

### ठूंस-ठूंसकर भरी मिलीं भैंसें:

पुलिस ने जब वाहनों की तलाशी ली तो ट्रक नंबर RJ11-GC-6986 में 19 भैंसें, आयशर कैन्ट्रा नंबर MP06-GA-3476 में 20 भैंसें तथा ट्रक में 19 भैंसें अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंसकर भरी हुई मिलीं। वाहनों में चालक के साथ एक-एक हेल्पर भी सवार था। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि सभी भैंसों को व्यापारिक उद्देश्य से



कट्टीघर (बूचड़खाना) ले जाया जा रहा था। भैंसों के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके।

### 6 आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

पुलिस ने मौके से चंदाखांन, मोहम्मद शफी, निजामुद्दीन उर्फ पप्पू, शमशेर, सोनू और गब्बर कुरैशी को गिरफ्तार किया। सभी आरोपी राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के अलग-अलग जिलों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने तीनों वाहन जब्त कर 58 भैंसों को अस्थाई सुपुर्दगी में सुरक्षित कराया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान जारी है। धौलपुर पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करी में लिप्त गिरोहों में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने आगे भी ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखने की बात ।

# अधिवक्ता खेलों में बेहतर प्रदर्शन करें: सत्येंद्र सिंह जादौन

जयपुर टाइम्स

**(निस).**धौलपुर अभिभाषक संघ धौलपुर की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत महिला अधिवक्ताओं की केरम प्रतियोगिता का आयोजन बाड़ी अभिभाषक संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह जादौन के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सत्येंद्र सिंह जादौन ने कहा कि अधिवक्ता जिस प्रकार न्यायालय में पुरजोर तरीके से पैरवी करते हैं। उसी प्रकार खेलों में भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर स्थान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से अधिवक्ताओं के मानसिक विकास के लिए जो प्रतियोगिताएं कराई जा रही है । वह काबिले तारीफ है। इस प्रकार के आयोजन प्रतिवर्ष होते रहने चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धौलपुर अभिभाषक संघ के अध्यक्ष हरिओम शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास सभी वर्ग के अधिवक्ताओं के लिए खेल प्रतियोगिताएं करना है। सभी अधिवक्ता इसमें बढ़ चलकर अपनी भागीदारी निभाएं और इस आयोजन को सफल बनाएं। कैरम प्रतियोगिता में कुमारी इंद्रा शर्मा विजेता व कुमारी प्रतिमा उपविजेता रही।

# हिंदू सम्मेलन की सफलता पर गौ-माता को लापसी खिलाई

जयपुर टाइम्स

**नावांशहर(निस)।** नावां की श्रीराम बस्ती में 7 फरवरी को आयोजित हिंदू सम्मेलन की अपार सफलता के उपरांत सोमवार को हाईवे पर स्थित राधा कृष्ण गौ-चिकित्सालय में गौमाता को लापसी खिलाई गई। हिंदू सम्मेलन के कार्यकर्ता ओमप्रकाश सोनी ने बताया कि हमारे यहां हिंदू धर्म में कोई भी मांगलिक कार्यक्रम करने के पश्चात गौमाता के निमित्त दान-पुण्य करने की परम्परा चली आ रही है, इसलिए हिंदू सम्मेलन के पश्चात बस्ती के लोगों ने मिलकर गौमाता को लापसी खिलाई। संयोजक प्रीतम जोशी ने बताया कि श्रीराम बस्ती के लोगों ने सनातन परम्परा को निभाते हुए गौमाता के निमित दिल खोलकर अन्न संग्रहण करवाया, जिसके तहत गौ-चिकित्सलय में पांच क्विंटल गेहूं, डेढ़ क्विटंल आटा, दो पीपा तेल, 30 किलो चीणी, चावल, नमक, आलू , प्याज व मिर्च-मसाले भेंट किए गए। सम्पर्क प्रमुख प्रदीप गौतम ने बताया कि सामाजिक समरसता के प्रतीक इस हिंदू सम्मेलन में लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और जात-पांत से ऊपर उठकर व्यास कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी व रामलक्ष्मण कॉलोनी के लोगों ने एक ही जाजम पर बैठकर सपरिवार भोजन ग्रहण किया। मीडिया प्रभारी तुलसीराम राजस्थानी के अनुसार इस अवसर पर हरिराम जांगिड़, गोपाल शर्मा, गोरधन कुमावत, कन्हैयालाल शर्मा, गजानंद खटीक, श्रीराम सुकरिया, दिलीप नायक, गौ-चिकित्साल्य अध्यक्ष बाबूलाल कुमावत, ओमप्रकाश कुमावत, डॉक्टर रमेशचंद, डॉक्टर पवनसिंह, जगदीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सुमेरपुर की सड़कों पर सिस्टम फेल, गड्ढों में दफन विकास के दावे

### जवाई बांध रोड से लेकर गली-मोहल्लों तक बदहाली, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** सुमेरपुर शहर में विकास के दावों की हकीकत अब सड़कों पर साफ दिखाई देने लगी है। जवाई बांध रोड सहित शहर की कई प्रमुख और व्यस्त सड़कें इस कदर जर्जर हो चुकी हैं कि वे सड़क कम और गड्ढों का मैदान ज्यादा नजर आ रही हैं। जगह-जगह फैला कीचड़,पानी से भरे गहरे गड्ढे और उखड़ी डामर की परतें शहर की बदहाल तस्वीर पेश कर रही हैं। शहर की मुख्य सड़कों से लेकर अंदरूनी इलाकों तक हालात एक जैसे हैं। वाहन चालकों को हर कदम पर जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। रोजाना दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर रहे हैं,वहीं स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के लिए सड़कों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है।



### बारिश ने खोली सड़कों की पोल:

स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के बाद सड़कों की असलियत पूरी तरह उजागर हो गई है। गड्ढों में भरा पानी खतरे को और बढ़ा रहा है। कई स्थानों पर गड्ढों की गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही किसी प्रकार की अस्थायी मरम्मत कराई गई है।

### प्रशासन-जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर सवाल:

शहरवासियों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने आंखें मूंदे रखीं। लोगों का कहना है कि चुनावों के समय सड़कें प्राथमिकता में रहती हैं, लेकिन बाद में इन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। करोड़ों रुपए के सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों के बावजूद सड़कों की यह हालत भ्रष्टाचार और लापरवाही की ओर इशारा कर रही है।

### व्यापार पर भी पड़ रहा असर:

जवाई बांध रोड और अन्य प्रमुख सड़कों की बदहाली का सीधा असर व्यापार पर भी पड़ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि खराब सड़कों के कारण ग्राहक आने से कतराने लगे हैं। माल ढुलाई में परेशानी हो रही है और वाहनों को नुकसान झेलना पड़ रहा है। इससे आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं। हादसे का इंतजार कर रहा प्रशासन? शहरवासियों में रोष इस बात को लेकर है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई तो कोई बड़ा हादसा होना तय है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की होगी।

### तुरंत कार्रवाई की मांग:

शहर की मुख्य सड़क पर सोमवार को कीचड़ और गड्ढों भरा देखने को मिला। शहर की सबसे व्यस्ततम जवाई बांध रोड एक निजी अस्पताल के सामने स्थिति बहुत निंदनीय देखने को मिली। इसी तरह भैरू चौक से गांधी मूर्ति, जूना जाखोड़ा रोड पर बड़े-बड़े गड्ढों से आमजन सफर करने को मजबूर हैं। नागरिकों और व्यापारिक संगठनों ने मांग की है कि जवाई बांध रोड सहित सभी जर्जर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, गड्ढों को भरकर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए,खराब निर्माण और मरम्मत कार्यों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए। अब सवाल यह है कि सुमेरपुर की सड़कों की इस बदहाली पर प्रशासन और जनप्रतिनिधि कब तक चुप रहेंगे। जनता की निगाहें अब इस बात पर टिकी हैं कि क्या जिम्मेदार जागेंगे या फिर शहर यूं ही गड्ढों में डूबता रहेगा। इस समस्या को लेकर प्रशासन का कई बार ध्यान आकर्षित किया गया,लेकिन कुंभकरण की नींद में सोया हुआ है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
10 फरवरी, 2026

## पिंजरापोल गौशाला की नवीन कार्यकारिणी घोषित

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पिंजरापोल गौशाला समिति लक्ष्मणगढ़ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। कोलकाता स्थित पिंजरापोल गौशाला कमेटी के मंत्री विष्णु लोहिया ने व्यवसायी विमल चिरानिया को लक्ष्मणगढ़ पिंजरापोल गौशाला समिति के अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। समिति के उपाध्यक्ष पद पर पवन बुटोलिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मंत्री पद पर सुशील कुमार जोशी, सहमंत्री पद पर संदीप पंसारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर हरीश सर्राफ को मनोनीत किया गया है।नई कार्यकारिणी के गठन पर गौशाला से जुड़े सदस्यों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर गौसेवा, संरक्षण व गौशाला के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# चूरू में पीडब्ल्यूडी ऑफिस की चलसंपत्ति कुर्की के आदेश के बाद मची अफरा-तफरी

### अधीक्षण अभियंता ने हाथ जोड़कर मांगी मोहल्लत

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** मैसर्स लक्ष्मीनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बकाया भुगतान को लेकर बीकानेर के वाणिज्य कोर्ट के आदेश पर सोमवार को कुर्की और वसूली वारंट के साथ कोर्ट की टीम पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंची। जानकारी के अनुसार सोमवार को न्यायालय के अधिकारी-कर्मचारी पीडब्ल्यूडी कार्यालय की चल संपत्ति कुर्क करने पहुंचे। न्यायालय ने दिसंबर 2024 के मामले में कुल 46 लाख 89024 रुपए की वसूली के आदेश दिए हैं। भुगतान नहीं होने पर अदालत ने पीडब्ल्यूडी ऑफिस में मौजूद चल संपत्ति जैसे फर्नीचर, एसी, पंखे, वाहन, कंप्यूटर और अन्य सामान कुर्क कर वसूली करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट के आदेश के बाद जब टीम पीडब्ल्यूडी ऑफिस पहुंची तो वहां अफरा- तफरी मच गई। इस दौरान पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता पंकज यादव टीम के सामने हाथ जोड़कर भुगतान के लिए मोहलत मांगते नजर आए। कुर्की की कार्यवाही वाणिज्यिक न्यायालय बीकानेर के आदेश पर की जा रही है। टीम के अधिकारियां ने बताया कि जब तक पूरी राशि जमा नहीं होती है, तब तक कुर्की की कार्रवाई जारी रहेगी। इस मामले में आगामी तारीख 19 फरवरी दी गई है। मैसर्स लक्ष्मीनाथ इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के महेंद्र शर्मा ने बताया कि साल 2014 में सड़क निर्माण कार्य करवाया गया था, लेकिन पीडब्ल्यूडी की ओर से आज तक इसका भुगतान नहीं किया गया। अभी भी ये केवल मोहल्लत ही मांग रहे हैं। शर्मा ने बताया कि विभाग के हम 2014 से चक्कर लगा रहे हैं, फिर भी इनकी आंखें नहीं खुल रही हैं। हमें मजबूरन ये कदम उठाना पड़ा।

## प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

### विजेता विद्यार्थियों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के श्री भारतीय आदर्श विद्यापीठ शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में साहित्यिक गतिविधियों का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों में साहित्य के प्रति रूचि बढ़ाना और उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करना है। साहित्यिक प्रतियोगिता सप्ताह के प्रथम दिवस पर कहानी, संस्मरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णायक की भूमिका में उमा भारती जांगिड़, लोकेश सैन और सुमन चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने की। जिन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को साहित्य के विभिन्न पहलुओं से परिचित करवाते हुए साहित्यक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान शिवनाथ और रितिक, द्वितीय स्थान देवेश और राजेश तथा तृतीय स्थान मोनिका मेघवाल और सुरभि पारीक ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्रशिक्षणार्थी राजेश और शिवनाथ ने किया।

## गोपालपुरा में 5 बड़े विकास कार्यों का विधायक ने किया लोकार्पण

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोपालपुरा में विधायक कोष के 25 लाख की लागत से बने सामुदायिक भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि अपने क्षेत्र के अनवरत विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। मेघवाल ने कहा कि सत्ता एवं जनता का हाथ पूर्णतया मिलने से विकास जीवंत हो जाता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रशासक सविता राठी ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग विधायक मनोज मेघवाल ने तुरंत पूरी की, जिसमें मोहल्लेवासियों ने अपना भरपूर सहयोग किया। कार्यक्रम के दौरान उप प्रशासक गणपत दास स्वामी, पंच देदाराम, पंच बुधा देवी, पूर्व पंच रेखा राम, गोपालाराम, बालाराम, पंच विक्रम, चतराराम, दीपचंद गिलड़ा, गंगासिंह राठौड आदि मंचासीन रहे। भूमि प्रदाता रामेश्वर मेघवाल, जगदीश मेघवाल का सम्मान साफा, माला पहनाकर विधायक ने किया। अतिथियों का स्वागत पूर्व पंच कैलाश, देबूराम, पृथ्वीराम, धर्माराम, प्रेमाराम, नेमाराम, श्रवणराम ने साफा शाल, माला पहनाकर किया। विकास कार्य करवाने पर विधायक मनोज मेघवाल को ग्रामीणें ने फलों से तोलकर नागरिक अभिनंदन किया। वहीं महिलाओं ने मंगल गीत गाए। इसी प्रकार राजकीय बेगराज राठी उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधायक कोष के 15 लाख की लागत से बनाए गए टीन शेड का भी उद्घाटन विधायक ने किया। इसी प्रकार विधायक ने गोपालपुरा से लाडनू की ओर 3 किलोमीटर सड़क, गोपालपुरा सूरवास के रास्ते पर 1.2 किलोमीटर, गोपालपुरा से चाड़वास के रास्ते की सड़कों का लोकार्पण भी विधायक मनोज मेघवाल ने किया।

## वार्षिकोत्सव में थिरके कदम, प्रतिभावान विद्यार्थियों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स




**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ रणवीर व स्कूल की निर्देशक डॉ कविता लाटा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। अतिथि व अभिभावकों को विद्यार्थियों की ओर से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा व संस्कार जीवन को एक नया रूप देती हैं। शिक्षा एक इंसान के जीवन मे बहुत अहमियत रखती है। शिक्षा से ही मनुष्य के जीवन का सर्वांगीण विकास होता है। इसलिए जीवन मे अगर कुछ बनना है तो उसके लिए शिक्षा जरूरी है। समारोह में विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक खेलकूद वह कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 150 छात्र-छात्रा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने श्याम बाबा का फाल्गुन मेला आया एजुकेशन थीम आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लक्षिता पारीक, कार्तिक, नारायण, तनुज पारीक, अलवीरा, चिराग दिशा, वंश, मोनिका, राघव, परिधि, पल्लवी, राधिका, काव्या, राघव, आस्था हिमांशी, सिद्धार्थ, हार्दिक, अर्श, दिव्या, भाग्यश्री, विराट, अवंतिका, नैतिक, रितिका, आर्या, रितिका आदि बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम में भाग लिया। समारोह में स्कूल की निदेशक डॉ कविता लाटा द्वारा स्कूल का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और आए हुए अतिथि और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। समारोह में अशोक धौलपुरिया, कानसिंह, अंजू पारीक, ममता पारीक, महमूद खिलजी, संजय पारीक, हंसराज नैन, प्रकाश सैनी, पूजा पारीक, माया सैनी, सोनिया वर्मा, कंचन शर्मा, अंबिका, श्यामा शर्मा, नीलम, कोमल पारीक, शालू प्रजापत अनेक लोग उपस्थित रहें।

## मेहनत विकल्प नहीं, सफलता पाने की प्रकिया है: सुरेंद्र नामदेव

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आजकल युवाओं और आम लोगों के दिलो दिमाग में यही ही सवाल है कि वर्तमान के जटिल और कठिन समय को कैसे सुधारा जाए। मोबाईल रील्स के इस युग में प्रत्येक व्यक्ति के मन में यह प्रश्न अवश्य उठता है कि मैं अपने वर्तमान के जटिल, तनावपूर्ण और कठिन समय को कैसे सुधारूँ। इस बारे में ज्योतिषाचार्य सुरेंद्र नामदेव से बात करने पर उन्होंने बताया कि अब युग तेजी से बदल रहा है। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएँ, आर्थिक दबाव, रिश्तों में उलझन और मानसिक अशांति सभी जीवन को कठिन बना देती हैं। ऐसे में मनुष्य अक्सर निराश हो जाता है, परंतु यही समय आत्मचिंतन और परिवर्तन का भी होता है। नामदेव ने बताया कि हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कठिन समय स्थायी नहीं होता। जीवन में उतार-चढ़ाव उसी प्रकार आते हैं जैसे दिन और रात। जो व्यक्ति यह स्वीकार कर लेता है कि संघर्ष भी जीवन का एक भाग है, वही आगे बढ़ने की शक्ति प्राप्त करता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू है स्वयं के भीतर झाँकना। अक्सर हम परिस्थितियों के लिए दूसरों को दोष देते हैं, जबकि समाधान हमारे व्यवहार, सोच और निर्णयों में छिपा होता है। यदि हम अपनी गलतियों को स्वीकार कर सुधारने का प्रयास करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो जाती है। इसके बाद उपाय है - सकारात्मक सोच। नकारात्मक विचार मन को कमजोर बनाते हैं, जबकि सकारात्मक दृष्टिकोण कठिन से कठिन स्थिति में भी रास्ता दिखाता है। यह आवश्यक नहीं कि हर परिस्थिति तुरंत बदले, पर हमारी सोच बदलते ही परिस्थिति का प्रभाव कम हो जाता है। अनुशासन और धैर्य सफलता की बड़ी कुंजी है। नामदेव ने बताया कि जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अक्सर नुकसान पहुँचाता है। नियमित दिनचर्या, समय का सही उपयोग और निरंतर प्रयास धीरे-धीरे जीवन की दिशा बदल देते हैं। धैर्य रखने वाला व्यक्ति ही कठिन समय से सीख लेकर आगे बढ़ता है। आज के युवाओं को यह समझना आवश्यक है कि मेहनत कोई विकल्प नहीं है, बल्कि मेहनत तो सफल होने की प्रक्रिया है, जिससे गुजरना ही पड़ता है। इसी प्रकार ईश्वर में और अपने कर्मों में आस्था और आत्मविश्वास होने से मनुष्य आगे बढ़ सकता है। आत्म विश्वास मनुष्य के बुरे वक्त का सच्चा साथी है। नामदेव ने बताया कि जो व्यक्ति संघर्ष को गुरू मान लेता है, उसे सफल होने से कोई नहीं रोक सकता। दूसरों के सुखों से दु:खी होने के कारण आज हर व्यक्ति ईर्ष्या से भर गया है, जो दु:खों का बड़ा कारण बनता जा रहा है। ऐसे में अनुशासन और परमात्मा के प्रति धन्यवाद का भाव हम लोगों में होना आवश्यक है, क्योंकि इसी से व्यक्ति बनावटी दुखों का शिकार नहीं होता।

## नि:शुल्क अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर कल, कलक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी परिसर में राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हो रहे अंतरंग क्षारसुत्र शल्य चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धतियां सुरक्षित व प्रभावी हैं। इस प्रकार के विशेष शिविरों से आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मिलेगी तथा गंभीर रोगों के उपचार में भी लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक रोगियों को शिविर का लाभ उठाने की अपील की। इसी क्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्वेता कोचर ने शिविर के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ. सत्यवीर सिंह जाट ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 11 से 20 फरवरी 2026 तक अंतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ये शिविर जिला मुख्यालय के प्रतिभा नगर स्थित राजकीय एकीकृत जिला आयुष चिकित्सालय में आयोजित किया जाएगा। शिविर में आमजन को आयुष पद्धति से संबंधित विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिविर में क्षार सूत्र विधि से पाइल्स (अर्श), भगन्दर सहित मलद्वार के रोगों का शल्य चिकित्सा की ओर से नि:शुल्क इलाज किया जाएगा तथा भोजन व आवास की व्यवस्था भी नि:शुल्क होगी। इस 10 दिवसीय शिविर में अन्य रोगों के भी विशेषज्ञ चिकित्सकों की ओर से इलाज किया जाएगा और पंचकर्म, अग्निकर्म, स्त्री रोग तथा सामान्य चिकित्सा से भी लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक डॉ. राधेश्याम, सहायक निदेशक डॉ. मनीष शर्मा, शिविर प्रभारी डॉ. रामकृष्ण शर्मा, डॉ. मनीराम शर्मा, डॉ. ओमप्रकाश चॉयल, डॉ. नीतू, डॉ. अजय कौशिक योगेन्द्र शर्मा सहित अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाई पास सड़क चालू करने की मांग को लेकर सांकेतिक धरना



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में बाई पास सड़क को चालू किए जाने की मांग को लेकर अजीत जानू के नेतृत्व ग्रामीणों ने सांकेतिक धरना दिया और नारेबाजी करते हुए ओवरलोड वाहनों से मुक्ति दिलाये जाने की मांग की। वहीं धरना दे रहे लोगों से विधायक मनोज मेघवाल भी मिले और उनकी समस्या की जानकारी ली। धरने के बाद सभी ग्रामीण तहसीलदार कार्यालय पहुँचे और तहसीलदार को ज्ञापन सोंप कर समस्या के समाधान करने की मांग की। धरने के दौरान ओम प्रकाश प्रजापत, सुखा राम खीचड़, बाबूलाल पंवार, जीवण सिंह, पवन कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश जानू, बाबूलाल डार, हनुमान नाई, अन्नाराम जाखड, जीत मल प्रजापत, रूप सिंह, खेताराम गोदारा, प्रकाश सारण, भागीरथ बांसूड़ा, नेमीचंद जानू, कालू सोनी, सुनील नाई, राजू भाटी, सहीराम जानू, रामू प्रजापत, बाबूलाल जाखड़, राम निवास जाखड़, हरखा राम जाखड़, मनोज प्रजापत, विष्णु सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## विधायक मनोज मेघवाल ने मेलादास महाराज को दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा रोड स्थित दयाल आश्रम में सोमवार को सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने पहुंचकर दादूपंथी श्री 1008 मेलादास महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने संत के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके आध्यात्मिक योगदान को स्मरण किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद विधायक मनोज मेघवाल ने मेलादास महाराज के शिष्य तपस्वी दास महाराज से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर तपस्वी दास महाराज ने विधायक को 10 और 11 फरवरी को आयोजित होने वाले संत सम्मेलन व भंडारे में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान बीदासर कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जवाहर सिंह राठौड़, निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष गोपाल गुर्जर, गोपाल गोदारा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सरदारशहर भाजपा का मजबूत चेहरा बन रहें हैं मधुसूदन राजपुरोहित

### ग्रामीण क्षेत्र में राजपुरोहित के विकास कार्यों की रफ्तार देख भाजपा खेल सकती है बड़ा सियासी दांव

### मधुसूदन राजपुरोहित की कार्यशैली से युवा व ग्रामीण हो रहे हैं प्रभावित

जयपुर टाइम्स





**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र की राजनीति ने विधानसभा को कई बड़े नाम दिए हैं। भंवरलाल शर्मा, चंदनमल बैद, नरेंद्र बुडानिया जैसे दिग्गज नेता इस धरती से निकले और प्रदेश की राजनीति में अपनी मजबूत पहचान बनाई। लेकिन पिछले कुछ समय से भारतीय जनता पार्टी सरदारशहर से ऐसा दमदार चेहरा सामने नहीं ला पाई थी जो जन-जन से जुड़ा हो और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बन सके। ऐसे समय में भाजपा ने सरदारशहर की राजनीति में जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित के रूप में एक मजबूत, भरोसेमंद और विकासवादी नेतृत्व को आगे बढ़ाया है। पंचायत समिति में निर्वतमान प्रधान प्रतिनिधि रह चुके मधुसूदन राजपुरोहित वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और विकास के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि प्रदेश भाजपा के कद्दावर नेता राजेंद्र राठौड़ ने भी मधुसूदन राजपुरोहित की कार्यशैली, जनसमर्पण और दूरदर्शी सोच को परखा है। यही कारण है कि आने वाले पंचायत चुनावों को लेकर भाजपा सरदारशहर में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। लंबे समय से भाजपा की पकड़ से दूर रहे इस क्षेत्र में संगठन को मजबूती देने की जिम्मेदारी मधुसूदन राजपुरोहित जैसे जननेता के कंधों पर दिखाई दे रही है।

### कार्यकाल के दौरान ग्रामीण अंचल में विकास की नई कहानी:

मधुसूदन राजपुरोहित के कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की रफ्तार साफ दिखाई देती है। राजपुरोहित की ओर से किए गए सड़क, बिजली, पानी और जनसुविधाओं के कार्यों ने गांव-गांव में उम्मीद की किरण जगाई। विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं का मजबूत नेटवर्क भी बनता हुआ नजर आ रहा हैं जो उनके विकास कार्यों का जीवंत प्रमाण है। संघर्ष के दिनों में साथ निभाने वाले साथियों को सम्मान देना और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना यही उनकी कार्यशैली है। यही कारण है कि जिले के कई भाजपा नेता भी उनकी कार्यशैली के मुरीद नजर आते हैं।

### जनसेवा ही राजनीति का ध्येय:

मधुसूदन राजपुरोहित ऐसे नेता हैं जिन्होंने राजनीति को सत्ता का साधन नहीं बल्कि जनसेवा का माध्यम बनाया और ग्रामीण क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य करवाकर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों के दिलों में जगह बनाई है। आरामदायक कमरों की राजनीति छोड़कर वह धूप-गर्मी की परवाह किए बिना सड़कों पर उतरे और आमजन की पीड़ा को समझा। खराब रास्तों और बुनियादी समस्याओं को प्राथमिकता देकर उन्होंने विकास को अपने एजेंडे का केंद्र बनाया। युवा वर्ग के लिए वह प्रेरणा स्रोत बने हैं। नई सोच, नए विचार और संस्कारों के साथ उन्होंने युवाओं को राजनीति के सही मायने सिखाएं हैं।

### ना द्वेष, ना गुरूर-सिर्फ जनसेवा का शुरूर:

दिन की शुरुआत से लेकर देर रात तक विकास कार्यों की समीक्षा करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है। न किसी से द्वेष, न बदले की भावना–स्वच्छ राजनीति और शालीनता व्यवहार उनकी सबसे बड़ी ताकत है। विरोधी भी उनके विकास कार्यों और सौम्य स्वभाव के कायल हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आने वाले समय में मधुसूदन राजपुरोहित को भाजपा संगठन में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। क्योंकि उनकी छवि में जनता के प्रति समर्पण, कार्यकुशलता और सर्वसमाज में सम्मान के लोग कायल हो गए हैं।

मधुसूदन राजपुरोहित ऐसे जनसेवक हैं जिनका सम्मान सर्वसमाज में है। नफरत की राजनीति से दूर रहकर सबको साथ लेकर चलने की उनकी सोच उन्हें भीड़ से अलग करती है। संघर्ष के साथियों को कभी न भूलना और विकास को प्राथमिकता देना यही उनके नेतृत्व की पहचान है। बहरहाल सरदारशहर की राजनीति में मधुसूदन राजपुरोहित का कद लगातार बढ़ रहा है और यह तय माना जा रहा है कि भाजपा उनके भरोसे भविष्य की मजबूत सियासी इबारत लिखने की तैयारी में है।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# शिव आराधना कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** पुरानी विधानसभा के सामने श्रीराम मन्दिर में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भक्तों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया जिसमें शिव आराधना का कार्यक्रम किया गया इसमें साध्वी लोकेशा भारती ने आदि शंकराचार्य की ओर से रचितगुरु अष्टम के ऊपर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि सब कुछ प्राप्त होने के पश्चात भी प्रभु के चरणों में प्रेम नहीं तो सब कुछ व्यर्थ है। समापन के पश्चात विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।



# इटली के दूल्हे ने मंडावा में वैदिक रीति से की शादी

## हर मंत्र का हुआ अंग्रेजी अनुवाद

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** मंडावा स्थित हेरिटेज होटल में इटली निवासी मार्को और मुंबई की जुई का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों से संपन्न हुआ। विवाह समारोह में नौ ब्राह्मणों ने संस्कृत मंत्रों के साथ फेरे कराए, जिनका साथ-साथ अंग्रेजी में अनुवाद भी किया गया, ताकि विदेशी मेहमान भारतीय परंपराओं को समझ सकें। इस विवाह में इटली सहित 13 देशों से आए करीब 200 मेहमान शामिल हुए। दोपहर में अग्नि के सात फेरे पूरे हुए, जबकि रात में पारंपरिक रिसेप्शन की बजाय ब्रज परंपरा के अनुसार फूलों की होली खेली गई। ताजे फूलों की पंखुड़ियों से होली खेलते हुए राधा-कृष्ण से जुड़े नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसे विदेशी मेहमानों ने उत्साह के साथ देखा और अपनाया। तीन दिन तक चले विवाह समारोह में 6 फरवरी को सगाई व हल्दहाथ, 7 फरवरी को महिला संगीत और रविवार को मुख्य विवाह कार्यक्रम आयोजित हुए। भोजन में भारतीय-राजस्थानी व्यंजनों के साथ इटैलियन स्वाद का मेल देखने को मिला। इस अंतरराष्ट्रीय विवाह ने सनातन परंपराओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया और मंडावा के लिए यह आयोजन एक यादगार अवसर बना।



# आरोह फाउंडेशन ने बैंकिंग, साइबर फ्रॉड पर दी जानकारी

## एफएल वीक में अनजान लिंक से बचने के उपाय बताए



जयपुर टाइम्स

**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत दूधवालों का बास के बामनवास में एफएल वीक का आयोजन किया गया। आरोह फाउंडेशन ने इस दौरान बैंकिंग योजनाओं और साइबर फ्रॉड से बचाव पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार नैतिक कुमार ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और प्रशिक्षुता लड़कियों को संबोधित किया। उन्होंने पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, एसएसवाई, पीएमजेडीवाई, एपीवाई जैसी विभिन्न बैंक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इसके अतिरिक्त, सीकेवाईसी, केवाईसी, साइबर फ्रॉड और अनजान लिंक से बचने के तरीकों पर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय सुरक्षा और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस कार्यक्रम में खंडेला से आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ममता देवी, खटून्दरा की कार्यकर्ता मूली देवी, बामनवास की सहायिका कमला देवी और सुशीला देवी उपस्थित रहीं। आशा सहयोगिनी सुमित्रा देवी के साथ खंडेला ब्लॉक की सभी आंगनवाड़ी सहायिकाएं, इंटर्नशिप कैंडिडेट शीतल और अन्य प्रशिक्षुता उम्मीदवार भी मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य ओर मानव कल्याण का नया आधार

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों व आमजन की समस्याओं का गांव स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिले की मंडावा पंचायत समिति गिरदावर सर्किल मंडावा में एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविर पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया गया। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहते हुए ग्रामीणों की समस्याएं से रूबरू होकर मौके पर ही समाधान किए। नोडल अधिकारी मनमोहन सिंह ने बताया कि शिविरों में राजस्व, कृषि, पशुपालन, सामाजिक सुरक्षा, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी भी देकर पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की गई। इस मौके पर तहसीलदार डॉ सुरेन्द्र भास्कर ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से आयोजित ग्रामीण उत्थान शिविर आमजन को त्वरित राहत व समाधान प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में कृषि विभाग की ओर से अपनी योजना के तहत 15 किसानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है। डॉ भास्कर ने किसानों को बताया कि प्रकृति से साथ तालमेल बनाकर की गई खेती ही स्थाई है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में प्राकृतिक खेती को एक जन आंदोलन बनाने का लक्ष्य रखा गया है जिससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित ओर स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। इस अवसर पर शिविर सह प्रभारी राजेंद्र सिंह महला ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना, फॉर्मर रजिस्ट्री, सहमति खाता विभाजन सहित कृषक अपनी गिरदावरी स्वयं करने की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। ग्राम उत्थान शिविर में सहायक विकास अधिकारी राकेश जानू, आशीष कुमार , विजेंद्र सिंह, इंदिरा खीचड़, हंसू कंवर, अविनाश महला, विजय सिंह, विजय सिंह, पुनीत कुमार सहित अन्य विभिन्न विभागों की ओर से आमजन की समस्याओं से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया। इस अवसर नोडल अधिकारी मनमोहन सिंह ने बताया कि आज के इस दौर में बढ़ते रासायनिक उर्वरकों कीटनाशकों के दुष्परिणाम, गिरते हुए भू जल स्तर,ओर ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्राकृतिक खेती की मांग सबसे बड़ी बनकर उभर रही है।

## आबूसर में प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# 125 किसानों ने सीखे जैविक खाद और कीटनाशक बनाने के गुर



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** कृषि विज्ञान केंद्र, आबूसर में सोमवार को 'प्राकृतिक खेती' विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आबूसर, दुर्जनपुरा, सिरियासर कलां और अणगासर क्षेत्र के कुल 125 किसानों ने भाग लेकर प्राकृतिक खेती की बारीकियों को समझा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक कृषि अधिकारी अरविंद सिहाग ने रासायनिक खेती से मिट्टी और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया और प्राकृतिक खेती को भविष्य की जरूरत बताया। शिविर के दौरान तकनीकी सत्र में वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेन्द्र नागर ने किसानों को जैविक खेती के मुख्य आधार– जीवामृत, बीजामृत, अग्निअस्त्र और निमास्त्र बनाने की विधि और उनके सही इस्तेमाल की जानकारी दी। साथ ही, कृषि अधिकारी सुनील कुमार ने खेती की लागत कम करने और बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में प्राकृतिक खेती के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर कृषि पर्यवेक्षक जगदीश सहित कई प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने किसानों का आह्वान किया कि वे पर्यावरण और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए धीरे-धीरे रासायनिक मुक्त खेती की ओर बढ़ें।

# एडवोकेट कृष्ण सैनी बने नवलगढ़ नगर मंत्री



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला झुंझनू की नगर इकाई नवलगढ़ की घोषणा सोमवार दोपहर 11:00 बजे नवलगढ़ में की गई। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झुंझनू जिले के जिला संगठन मंत्री भवानी सिंह का प्रवास रहा भवानी सिंह ने कहा विद्यार्थी परिषद देश का ही नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है यह 24*7 छात्र/छात्राओं के लिए कार्य करता हैं, कॉलेज में आ रही छात्र छात्राओं की समस्याओं के लिए काम करता हैं। विद्यार्थी परिषद की स्थापना 9 जुलाई 1949 को होती है उस समय विद्यार्थी परिषद में 5/7 कार्यकर्ताओं के साथ शुरुआत होती है और आज विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन के रूप में जाना जाता है ,यह कार्यकर्ताओं का निरंतर कार्य करने की शैली से हुआ हैं आज विद्यार्थी परिषद की सदस्यता 7900000 के आंकड़े को छू कर एक नया आयाम स्थापित कर रही हैं। पूर्व जिला कार्यकारिणी सदस्य विशाल सोलंकी ने विधार्थी परिषद के बारे में बताते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद युवाओं को फोन से दूरी बनाने के लिए स्क्रीन टाइम टू ग्रीन टाईम जैसा अभियान पूरे देश भर में चला रही हैं जिससे युवाओं को फोन से दूरी बनाते हुए प्रकृति से प्रेम करना सिखा रही हैं। जिला संगठन मंत्री ने नगर कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए नगर मंत्री एडवोकेट कृष्ण सैनी, नगर सहमंत्री नैंसी सुरोलिया, नगर सह मंत्री दिग्विजय सिंह, नगर सह मंत्री नीतेश खेदड़, संयोजक योगीराज सिंह, एसपीएफ संयोजक मोनू चौधरी, सह संयोजक निशांत, संयोजक शुभम कुमावत, खेलो भारत प्रमुख एजाज कायमखानी, सह प्रमुख आर्यन शर्मा, छात्रावास सर्वेक्षण अभियान संयोजक उमेश कुमार, नगर एनएसएस संयोजक सचिन तुनगरिया को बनाया गया। इस अवसर पर अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जैविक खेती से समृद्ध हुए गोवला के किसान विजय सिंह

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** ग्राम गोवला तहसील चिड़ावा के किसान विजय सिंह ने अपनी 2.7 हेक्टेयर भूमि में से 0.40 हेक्टेयर पर जैविक खेती अपनाकर क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश की है। वे रबी, खरीफ और जायद तीनों मौसमों में फसल चक्र का पालन करते हुए गेहूँ, बाजरा, प्याज और विभिन्न सब्जियों का शुद्ध उत्पादन ले रहे हैं। सिंह ने अपने 10 पशुओं की सहायता और परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत मिली मदद से स्वयं की केचुआ खाद यूनिट स्थापित की है, जिससे वे रासायनिक मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक फसलें उगा रहे हैं। उनके इस प्रयास से न केवल उनके परिवार का स्वास्थ्य बेहतर हुआ है, बल्कि उनके भोजन का स्वाद भी बढ़ा है। जैविक खेती के प्रति उनके इस समर्पण के लिए कृषि विभाग ने उन्हें 10,000 रुपये के पुरस्कार और 12,500 रुपये के अनुदान से सम्मानित किया है।

# नालों का निर्माण करने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ (नि.सं.)।** वार्ड न. 35 के निवर्तमान पार्षद पुरूषोतम शर्मा ने उपखंड अधिकारी व नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर वार्ड न. 35 व अन्य वार्डों का जोड़ता हुआ टोडूजी की चक्की से लेकर दुलिया तलाई तक, चुंगी नाका से दुलिया तलाई तक नए नालों का निर्माण करवाये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि इन नालों के निर्माण से आम जनता, बच्चों, वार्डवासियों, राहगीरों, वाहन चालकों सभी को गंदे कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। अतः जल्द से जल्द इन नालों का निर्माण करवाकर जन समस्या का समाधानक करने की मांग की गई है।


**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

e-mail: sephedchuru@gmail.com secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in

S.NO/TA/Churu/2025-26/ 4889-4917 Dated 30.01.26

**E-NOTICE INVITING BID 33-34/2025-26**

Bids for 02 nos. works of total Rs. 200.00 lacs at Churu district are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 12.02.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN-PHE2526WSRC12411
UBN-PHE2526WSRC12412

**Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER PUBLIC HEALTH ENGINEERING DEPARTMENT CIRCLE CHURU**

secircle.chu.phed@rajasthan.gov.in e-mail: sephedchuru@gmail.com

S.NO/TA/Churu/2025-26/4850-4879 Dated 28.01.2026

**E-NOTICE INVITING BID (21-26/2025-2026)**

Bids for 06 nos. works of Total Rs. 485.00 lacs at Churu are invited from interested bidders upto 06.00 PM on date 11.02.2026, other particulars of the bid may be visited on the procurement portal https://sppp.rajasthan.gov.in of the state and eproc.rajasthan.gov.in.

UBN PHE2526WSRC11758
UBN PHE2526WSRC11772
UBN PHE2526WSRC11807
UBN PHE2526WSRC11821
UBN PHE2526WSRC11828
UBN PHE2526WSRC11832

**Superintending Engineer, PHED, Circle Churu.**

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं पदेन परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**
**जिला परिषद परिसर, चूरू-331001**
E-mail:- sewdsc.churu@rajasthan.gov.in, Phone: 01562-254494

क्रमांक :- एफ1 ()/अ.अ/डब्ल्यूसीडीसी/लेखा/2025-26/2703 दिनांक :- 02/02/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या-18/2025-26**

राजस्थान राज्यपाल महोदय की ओर से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के तहत स्वीकृत परियोजना क्षेत्र में करवाये जाने वाले विभिन्न कार्य हेतु जिला चूरू में स्वीकृत कार्यों हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसरण में राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा. एवं अभि. विभाग, सिंचित क्षेत्र विकास एवं केन्द्रीय सरकार के अभियांत्रिकी विभाग में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा दिनांक 13.02.2026 को सांय 05.00 बजे तक ऑन लाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण "http://sppp.rajasthan.gov.in", "http://eproc.rajasthan.gov.in" वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

**NIB CODE :- WSC2526A1530, UBN NO :- WSC2526WSOB02667**

**अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक**
**वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, चूरू**

राज.संवाद/सी/25/19418

**Office of Executive Engineer WDSC, Sardarsahar (Churu)**

S.No. - 539 Date 28.01.2026

**NOTICE INVITING BID**
**E-NIT No 10/2025-26**

Bids for Watershed development works Churu of estimated value 52.05(S.No. 1), 44.95(S.No. 2), are invited from interested bidders up to 30.01.2026, 10:00 AM to 13.02.2026, 17:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// sppp. rajasthan.gov.in_Or http:// eproc. rajasthan. gov.in) of the state/ departmental website.

NIB Ref.No. ENIT_10_2025_26_EXEN_SARDARSAHAR
NIB Code WSC2526A1473
UBN - WSC2526WSOB02540 WSC2526WSOB02541

DIPR/C/2112/2026

**अधीशाषी अभियन्ता**
**जल ग्रहण विकास एंव भू- सरक्षण**
**पंचायत समिति सरदारशहर**


# बकाया महंगाई भत्ता देने की मांग

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** पेंशनर समाज के पूर्व सचिव नरसाराम फलवाड़िया ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव को एक ज्ञापन भेजकर कोरोनाकाल में रोके गए महंगाई भत्ते को क्रमशः जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सेवारत और सेवानिवृत राज्य कर्मचारियों व पेंशनरों का महंगाई भत्ता हर 6 माह में बढ़ाने का नियम है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड सरदारशहर 331403 (चूरू)**

E-mail-eepphedsrdr@gmail.com

क्रमांक - अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025-26 / 2406 दिनांक :- 29-01-2626

**निविदा सूचना संख्या 50-53 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों की मोहर बंद निविदायें उचित श्रेणी में पंजीबद्ध संवेदको / अनुभवी फर्मों से आमन्त्रित की जाकर निविदाएं दिनांक 09.02.2026 SPPP.rajasthan.gov.in के माध्यम से विक्रय की जाकर दिनॉक 10.02.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक इस कार्यालय में प्राप्त एवं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष दोपहर 03:30 बजे खोली जावेगी । प्रत्येक निविदा के साथ निर्धारित निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075-00-800-52-01) EMD (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-X.EN Project Div SARDARSHAHR Budget Head 8443-00 108-00-00 लोक निर्माण कार्य Bidders shall upload the copy of bank receipt of e-GRASS Challen and send by e-mail to eepphedsrdr@gmail.com से संबंधित चालान कि प्रति संलग्न प्राप्त होने की स्थिति में ही निविदा विचारणीय होगी। डाक, तार एवं शर्तों सहित निविदाये मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधोहस्ताक्षरकर्ता को पूर्ण अधिकार होगा । निविदा प्रपत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र ( लेटरपेड) के संलग्न रजिस्ट्रेशन पत्र व नवीनतम जी.एस.टी. पेड चालान कॉपी का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा, अन्यथा प्रार्थना पत्र अस्वीकार्य होगा। ये निविदाएं विभागीय वेबसाईट SPPP.rajasthan.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्रों के साथ उपरोक्त समस्त दस्तावेज संलग्न करनी होगी अन्यथा निविदाएं विचारणीय नहीं हो सकेगी। निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में सम्पादित की जावेगी

| निविदा सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | निविदा शुल्क राशि रू. में | धरोहर राशि राशि रू. में | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 23/25-26 | Supply Starter of Oil under division Sardarshahar. UBN is- PHE 2526 WSOB 12171 Date 29.01.2026 | 1.50 | 500 | 3000 | 01 Month |
| 27.10.2025 | Supply of Tap Roll & Fuse Wire under division Sardarshahar. UBN is- PHE 2526 WSOB12175 Date 29.01.2026 | 01.50 | 500 | 3000 | 01 Month |
| 27.10.2025 | Supply of Electro fusion coupler HDPE Pipe under division Sardarshahar. UBN is- PHE 2526 WSOB12176 Date 29.01.2026 | 01.50 | 500 | 3000 | 01 Month |
| 27.10.2025 | Annual Rate Contract for Supply of contract labour as per the rates approved rates under division Sardarshahar. UBN is- PHE 2526 WSOB12179 Date 29.01.2026 | 04.90 | 500 | 9800 | 12 Month |

जल ही जीवन है- बूंद बूंद संग्रहण योग्य है ।

DIPR/C/2105/2026

**अधिशाषी अभियंता (परियोजना)**
**जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**


| | राजस्थान राजपत्र विशेषांक | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary |
|---|---|---|
| सत्यमेव जयते | साधिकार प्रकाशित | Published by Authority |
| | जिल्द 27 माघ 2 गुरुवार, शाके 1947 जनवरी 22, 2026 अंक 43<br>Vol 77 Magha 2, Thursday Saka 1947-January 22, 2026 No. 43 | |

**भाग 7**
**विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।**

**नाम / उपनाम / सरनेम परिवर्तन करने का बन्ध-पत्र**
**नियम 8 राजस्थान सेवा नियम वित्त विभाग के आदेश सं.एफ.1/12/ एफ. डी.ई.आर. 187, दिनांक 10-4-57 की अनुपालना में।**

इस बन्ध-पत्र द्वारा में निम्न हस्ताक्षरकर्ता शारदा देवी जो अभी इससे पूर्व शारदा कुमारी बांगडवा कहलाती थी एवं जो तृतीय श्रेणी अध्यापक (संबंधित राज्य कर्मचारी द्वारा उस समय पारित किये गये पद का नाम) के रूप में राजकीय प्राथमिक विद्यालय झारडी जोहड, टीटनवाड, उदयपुरवाटी, झुंझुनू (स्थान जहां राज्य सरकार के विभाग में नियुक्त हो) पर नियुक्त थी, एतदद्वारा

1. स्वयं तथा मेरे पति एवं बच्चे तथा दूर के बच्चे जो पूर्णतया आश्रित हो, मेरे पूर्व नाम शारदा कुमारी बांगडया से उपनाम कुमारी बांगडवा (सिर्फ) को त्यागती हूँ तथा उसके स्थान पर उसी तारीख से नाम शारदा देवी ग्रहण करती हूँ एवं इसलिए मैं, मेरे पति, बच्चे दूर के बच्चे एतद्वारा मेरे पूर्व उपनाम शारदा कुमारी बांगडया (केवल) से न जाने जाएं ता पहचाने जाएं बल्कि मेरे द्वारा ग्रहण किये गये उपनाम शारदा देवी द्वारा जाने जाएं।
2. उक्त मेरे निश्चय की साक्ष्य के प्रयोजन के लिए घोषणा करती हूँ कि में एतद्पश्चात् समी समय, निजी या सार्वजनिक सभी अभिलेखों, बंधपत्रों, प्रलेखों एवं समस्त कार्यवाहियों, व्यवहारों एवं लेन-देनों में तथा सभी अवसरों पर अपने पूर्व नाम शारदा कुमारी बांगडवा तथा उपनाम (सिर्फ) के स्थान पर एवं उसके परिवर्तन में शारदा देवी नाम के रूप में था शारदा देवी उपनाम के रूप में प्रयुक्त करूंगी एवं हस्ताक्षर करूंगी।
3. स्पष्टतः एतद्पश्चात् तथा सभी समय, सभी व्यक्तियों को मुझे, मेरे पति मेरे बच्चे, दूर के बच्चों को तद्नुसार नये रखे नाम शारदा देवी उपनाम के नाम से सम्बोधित करने के लिए प्राधिकृत करती हूँ तथा उसके लिए निवेदन करती हूँ।

इसके साक्षी में मैंने अपने पूर्व नाम एवं नये नाम शारदा कुमारी बांगडवा तथा शारदा देवी का वर्णन किया है तथा दिनांक 02.01.2026 को हस्ताक्षर किये हैं। हस्ताक्षरित निम्नलिखित की उपस्थिति में उपर्युक्त नाम शारदा देवी द्वारा जो पूर्व में शारदा कुमारी बांगडवा कहलाती थी, हस्ताक्षर किये हैं।

**शारदा**
**हस्ताक्षर**
**नया नाम- शारदा देवी**
**पुराना नाम- शारदा कुमारी बांगडवा**

**साक्षी :-**
1. श्री रामेश्वर सिंह, प्रबोधक राजकीय प्राथमिक विद्यालय झारडी जोहडी, टीटनवाड ।
2. श्री पवन कुमार, कनि, सहा, राउमावि टीटनवाड ।

**प्रतिहस्ताक्षर**
**श्री सोमवीर सिंह पूनियां**
**प्रधानाचार्य**
**शहीद सुबेदार श्रीपाल सिंह एवं शहीद सम्पतलाल राउमावि टीटनवाड़।**
**29574**
**राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।**


**कार्यालय ग्राम पंचायत लालगढ**
**पंचायत समिति बीदासर**

क्रमांक :- दिनांक :- 09.02.2026

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत लालगढ़ में वर्ष 2025-26 विभिन्न स्वीकृत विकास कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। इस हेतु इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निविदा से संबंधित अन्य विवरण तथा समस्त निविदा शर्ते http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 05.02.2026 को खोली जायेगी।

| क्र.सं. | निविदा सूचना संख्या | NIB NO | UBN No | वि.वि. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 10/2025-26/09.02.2026 | ZCR 2526 A1498 | ZCR2526WSOB02590 | वि.वि. |

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लालगढ**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड-सुजानगढ़**

E-Mail- eesuj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः अअ / जनस्वा / निविदा / 2025-26/1881 - 1899 दिनांक : 29.01.2026

**'ई' निविदा सूचना संख्या 37 से 44 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्ल्यू.एफ. एण्ड ए. आर. पार्ट -ना अपेडिक्स दिनांक 01.07.1999 से लागू एवं समय - समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

निविदा फर्म ऑनलाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किये जा सकते है। वैब साईट पर तकनिकी बिड कॉलम संख्या 08 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 11.30 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनिकी बिड खोली जावेगी।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि ई-ग्रास के माध्यम से जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड -सुजानगढ़ (डी.डी.ओ. कोड़ 13128) के नाम देय हो एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रू0 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000/- रूपये ई-ग्रास के माध्यम से जो कि MD, RISL Payable At Jaipur के नाम से देय हो इस कार्यालय में कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि एवं समय सांय 6.00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (MSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| NIB No. | UBN No. |
|---|---|
| 37/2025-26 | PHE2526WSRC12366 |
| 38/2025-26 | PHE2526WSRC12367 |
| 39/2025-26 | PHE2526WSRC12368 |
| 40/2025-26 | PHE2526WSRC12369 |
| 41/2025-26 | PHE2526WSRC12370 |
| 42/2025-26 | PHE2526WSRC12373 |
| 43/2025-26 | PHE2526WSRC12375 |
| 44/2025-26 | PHE2526WSRC12376 |

DIPR/C/2179/2026

**(कैलाश चन्द माली)**
**अधिशाषी अभियन्ता,**
**जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड-सुजानगढ़**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
10 फरवरी, 2026

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 की तैयारीः कार्यशाला में लापरवाही पर सख्त चेतावनी

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 को लेकर नगर पालिका प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में नगर पालिका सभागार में अधिशासी अधिकारी सुनील शर्मा की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुधारने, व्यवस्थाओं में पारदर्शिता लाने और जमीनी स्तर पर प्रभावी कार्य सुनिश्चित करने को लेकर अधिकारियों व कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए गए। कार्यशाला के दौरान अधिशासी अधिकारी शर्मा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शहर की छवि और आमजन के स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने सफाई व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी देते हुए नियमित मॉनिटरिंग, वार्ड स्तर पर जिम्मेदारी तय करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही शहर में कचरा संग्रहण, डोर-टू-डोर कलेक्शन, सार्वजनिक स्थलों की साफ- सफाई और जागरूकता अभियानों को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यशाला में मौजूद कर्मचारियों से फील्ड की समस्याओं और चुनौतियों पर भी चर्चा की गई और समयबद्ध कार्य योजना बनाकर उसे धरातल पर लागू करने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने साफ कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग तभी संभव है, जब टीम भावना से काम करते हुए हर कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाए। इस अवसर पर पालिका एसआई राकेश कुमार, सहायक लेखा अधिकारी किशन कुमार यादव, एमआईएस. अभियंता कृष्णा वाधवानी सहित सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी को शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लक्ष्य के साथ अभियान को जनआंदोलन का रूप देने का आह्वान किया गया।



## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय दुलिया बास स्थित श्री ब्रजधाम राधा कृष्ण मंदिर में विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर स्वामी ओमदास महाराज के सानिध्य में निकाली गई कलश यात्रा का जगह-जगह जेसीबी लोडर से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कृषि मंडी के पीछे गणेश मंदिर से ऊंट, घोड़े, रथ, बैंड बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा में सैकड़ो महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण किया और कीर्तन करते हुए कथा स्थल मंदिर पहुंची। सांगलिया पीठाधीश्वर स्वामी ओम दास महाराज ने कहा कि सनातन के धार्मिक ग्रंथ हमें सत्य, सेवा, साधना व शिक्षा की प्रेरणा देते हैं। श्रीमद्भागवत कथा में व्यास पीठ पर विराजमान श्रीदशनाम सन्यास आश्रम गुलर धाम के श्रीमहंत स्वामी कानपुरी महाराज ने उपस्थित लोगों को श्रीमद्भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि सत्य के पथ पर चलते हुए देश, धर्म, संस्कृति, सभ्यता व गौ माता की रक्षा, सेवा व सुरक्षा में समर्पित रहना चाहिए। कथा में मुख्य यजमान भोलदास स्वामी, रणजीत सिंह राठौड़, भैरदास स्वामी, रामूराम प्रजापत, कुंद मल माली, ओमदास घासल, भागीरथ प्रजापत, रामचंद्र स्वामी, डूंगरदास स्वामी, सोहनदास स्वामी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।यक मोहम्मद जाकिर हुसैन विमल शर्मा व पूजा नरसल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## झूरिया बने सुजानगढ़ अग्रवाल समाज के अध्यक्ष

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय स्टेशन रोड़ स्थित अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के द्विवार्षिक चुनाव निर्वाचन अधिकारी कैलाशचन्द सर्राफ की देखरेख व माणकचन्द सर्राफ की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष विनोद झूरिया, उपाध्यक्ष परमानंद मंगलूनिया, सहअध्यक्ष दिनेश पंसारी, मंत्री मनोज मोदी, उपमंत्री अरविन्द जालान, सहमंत्री सुबीर तोदी, कोषाध्यक्ष कमल न्यामावाला, हिसाब निरीक्षक जगदीश जालान, समान निरीक्षक ओम प्रकाश भरतिया को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यसमिति के सदस्य के रूप में संतोष कुमार बेड़िया, मुरारी फतेहपुरिया, विजय कुमार खेतान, सुरेन्द्र मिरणका, हर्ष जालान, अजीत तोदी, धर्मेंद्र खेतान, प्रदीप मंगलूनिया, सांवरमल जालान, पवन तोदी, रामावतार ढाणीवाल, पवन बेड़िया, राजकुमार कंदोई, मुकेश अग्रवाल, राजकुमार भरतीया, विकाश अग्रवाल, महेश डीडवानिया, मनोज न्यामावाला, सजेंद्र मंगलुनिया, महावीर बगड़िया, मानक चन्द सर्राफ, दिनेश झुरिया, विवेक मोदी, मुरारी लाल सर्राफ, राज कुमार खाखोलिया, जितेंद्र सर्राफ, ताराचंद जालान, बनवारी धनावत, अजय शोभासरिया, जयदीप मोदी, शिव रामगढ़िया, मक्खन मोदी, नितेश गाड़ोदिया, विष्णु खेतान, गोविंद मोदी, गणेश मोदी को चुना गया। इस अवसर पर समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।



## विशेष अभियान ‘शिकंजा’ और एरिया डोमिनेशन में धौलपुर पुलिस की कार्रवाई

**जयपुर टाइम्स/धौलपुर(निस)।** धौलपुर जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान शिकंजा व एक दिवसीय एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत बाड़ी सदर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान चार स्थायी वारंटियों और तीन पूर्व में चालानशुदा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान (आईपीएस) के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ (बाड़ी) डॉ. कमल कुमार व वृत्ताधिकारी बाड़ी महेन्द्र मीणा के निकटतम पर्यवेक्षण में की गई। सदर थानाधिकारी मोहर सिंह मीणा (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में गठित पुलिस टीमों ने 9 फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने न्यायालय एसीजेएम क्रमांक-3 बाड़ी के प्रकरण सरकार बनाम रामनाथ में फरार स्थायी वारंटी रामकेश उर्फ दाऊ निवासी कांसौटी खेड़ा को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार न्यायालय एमजेएम बसेड़ी के प्रकरणों में स्थायी वारंटी रामविलास निवासी खिरकारी अति राजकापुरा, देवेन्द्र सिंह उर्फ लल्लू निवासी महाराज बाग कॉलोनी बाड़ी तथा न्यायालय एसीजेएम बाड़ी के प्रकरण सरकार बनाम भूरा में वारंटी भूरा निवासी निधारा को गिरफ्तार किया गया। अभियान एरिया डोमिनेशन के तहत पुलिस ने आर्म्स एक्ट में पूर्व में चालानशुदा अपराधी रनवीर निवासी मडौना, बलवीर निवासी गढ़ी जखौदा तथा रामवकील उर्फ भोला निवासी रायसिंह का पुरा को भी धारा बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार यह अभियान फरार व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से चलाया गया।

# सुमेरपुर में पान मसाला-बीड़ी की खुली लूट, प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

### जीएसटी लागू होने से पहले ही मुनाफाखोरी, स्टॉक छिपाकर मनमाने दाम वसूल रहे बड़े व्यापारी

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** शहर में इन दिनों पान मसाला, बीड़ी और सिगरेट की संगठित कालाबाजारी का गढ़ बनता जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से पान मसाला पर जीएसटी दर लागू किए जाने की प्रक्रिया शुरू होने के बाद, अभी न तो नई जीएसटी दर प्रभावी हुई है और न ही कंपनी की ओर से नई प्रिंट रेट का माल बाजार में आया है, लेकिन इससे पहले ही शहर के बड़े होलसेल व्यापारियों ने भारी मात्रा में स्टॉक जमा कर अवैध मुनाफाखोरी का खेल शुरू कर दिया है। पुराने प्रिंट रेट वाले सामान को नई दरों का हवाला देकर मनमाने और कई गुना बढ़े दामों पर बेचा जा रहा है,जो न सिर्फ उपभोक्ता संरक्षण कानून का उल्लंघन है,बल्कि सीधे तौर पर आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है।



### स्टॉक छिपाया, सप्लाई रोकी, दाम बढ़ाएः

सूत्रों के अनुसार, बड़े होलसेल व्यापारी जानबूझकर बाजार में माल की कमी दर्शा रहे हैं। छोटे दुकानदारों को या तो महंगे दामों पर माल लेने को मजबूर किया जा रहा है या फिर सप्लाई पूरी तरह रोक दी जा रही है। विरोध करने वाले दुकानदारों को खुलेआम धमकाया जा रहा है कि ‘रेट नहीं मानोगे तो माल नहीं मिलेगा।’ इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है,जिन्हें मजबूरी में बढ़ी हुई कीमतों पर पान मसाला और बीड़ी-सिगरेट खरीदनी पड़ रही है।

### सेल्स टैक्स कार्यालय मौजूद, फिर भी कार्रवाई शून्यः

सबसे गंभीर सवाल यह है कि सुमेरपुर में सेल्स टैक्स विभाग का कार्यालय मौजूद होने के बावजूद अब तक न तो स्टॉक की जांच हुई,न एमआरपी उल्लंघन पर कार्रवाई और न ही कालाबाजारी रोकने के लिए कोई छापा मारा गया। लोगों के बीच यह चर्चा आम हो चली है कि– क्या विभाग को इस अवैध स्टॉक की जानकारी नहीं है? या फिर जानकारी होने के बावजूद जानबूझकर आंखें मूंदी जा रही हैं? क्या इस लूट में किसी स्तर पर संरक्षण मिल रहा है?

### प्रशासन की चुप्पी ने बढ़ाया शकः

स्थानीय प्रशासन की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। रोजाना बाजार में खुलेआम महंगे दाम वसूले जा रहे हैं, फिर भी न तो उड़नदस्ता सक्रिय है और न ही कोई निरीक्षण अभियान। इससे व्यापारियों के हौसले और बुलंद होते जा रहे हैं।

### मार्च तक लूट जारी रखने की तैयारीः

व्यापारियों का दावा है कि नई प्रिंट रेट का माल मार्च में आएगा। तब तक पुराने स्टॉक को मनमाने दामों पर बेचकर करोड़ों का मुनाफा कमाने की पूरी योजना बनाई जा चुकी है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह लूट और भी विकराल रूप ले सकती है। आम नागरिकों और छोटे दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि तत्काल स्टॉक की जांच अवैध मूल्य वसूली पर सख्त कार्रवाई और दोषी व्यापारियों पर जुर्माना व एफआईआर नहीं की गई,तो वे संगठित होकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। क्या प्रशासन और सेल्स टैक्स विभाग सुबह होने से पहले हरकत में आएगा, या फिर सुमेरपुर की जनता को इसी तरह लुटते देखने वाला मूकदर्शक बना रहेगा?

## मालौनी खुर्द में हिंदू सम्मेलनः ‘मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता’ का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** मनसा देवी मंदिर, मालौनी खुर्द में रविवार को विराट हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले के प्रसिद्ध संत शिवानंद महाराज, रणछोड़ दास महाराज, भोले बाबा, बिहारी बाबा (उड़ीसा) व मोहन गिरी महाराज की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मालौनी खुर्द, हैदलपुर, भागना, झारपुरा, बार, बार का पुरा, रतनपुरा, विसायतीपुरा सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में सनातनी बंधुओं ने भाग लिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला संघ चालक रामख्तातार सिंह ने कहा कि सनातन संस्कृति की मूल आत्मा सामाजिक समरसता और समानता में निहित है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के सभी लोग एक-दूसरे के सहोदर हैं और कर्म के आधार पर जातियों में बंटकर बनी दूरियों को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ‘मम दीक्षा हिन्दू रक्षा, मम मंत्रः समानता का संदेश देते हुए कहा कि जब सभी हिंदू भारत माता की संतान हैं, तो आपसी भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। सामाजिक समरसता से ही सनातन संस्कृति और समाज का गौरव सुरक्षित रह सकता है। संत शिवानंद महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म में किसी भी प्रकार के भेदभाव के लिए कोई स्थान नहीं है और यही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है।




### समाज के विविध वर्गों का सम्मानः

सम्मेलन के दौरान सरल-सहज स्वभाव वाले नागरिकों, वीर प्रसूता माताओं, कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों, उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, तीन पीढ़ियों के एक साथ रहने वाले परिवारों तथा लक्ष्मीधर वाल्मीकि समाज की मातृशक्ति का शॉल, स्मृति चिन्ह और राम नाम का पटका पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शारदा आर्य, आकांक्षा भार्गव, सेवा निवृत्त तहसीलदार महावीर प्रसाद कुलश्रेष्ठ व विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री नरेंद्र सिंह त्यागी ने भी हिंदू समाज की एकता और समरसता पर अपने विचार रखे।

### 1000 से अधिक लोगों की रही सहभागिताः

विराट हिंदू सम्मेलन का संचालन आयोजन समिति अध्यक्ष विशंभर दयाल शर्मा ने किया। सम्मेलन में उपस्थित संतों, अतिथियों और सनातनी बंधुओं का आभार आयोजन समिति संरक्षक विजेंद्र सिंह त्यागी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम की रूपरेखा, संयोजन और प्रबंधन में ग्रामवासियों के साथ सेवा निवृत्त भू-अभिलेख निरीक्षक अशोक कुलश्रेष्ठ का योगदान सराहनीय रहा। सम्मेलन में मंडल व आसपास के गांवों से करीब 1000 से 1100 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

## राजाखेड़ा में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने की तैयारी तेज

### 13 फरवरी को कार्रवाई के लिए 60 पुलिसकर्मियों की मांग

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा उपखंड क्षेत्र में चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा ने 4 फरवरी 2026 को उप पुलिस अधीक्षक मनियां को पत्र लिखकर 13 फरवरी 2026 को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए 50 पुरुष पुलिसकर्मी एवं 10 महिला कांस्टेबलों का जाप्ता उपलब्ध कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार 14 जनवरी 2026 को ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच द्वारा ग्राम पंचायत बाजना के अंतर्गत ग्राम बाजना में स्थित खसरा नंबर 1449, 1652/487, 1656/631, 1658/636, 1728/624, 485, 486 एवं 630 की चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटाने के नोटिस चस्पा किए गए थे। इन खसरों की कुल चारागाह भूमि करीब 89 हेक्टेयर यानी लगभग 351 बीघा बताई जा रही है, जिस पर ग्रामीणों ने फसल बोकर कब्जा किया है।

### पहले नहीं मिल पाया था पुलिस जाप्ताः

इससे पूर्व 21 जनवरी 2026 को उप पुलिस अधीक्षक मनियां ने उपखंड कार्यालय राजाखेड़ा को पत्र भेजकर अवगत कराया था कि गणतंत्र दिवस की ड्यूटी के कारण पुलिस जाप्ता धौलपुर में तैनात है, वहीं राजाखेड़ा क्षेत्र में हत्या का एक गंभीर मामला दर्ज होने से स्थानीय पुलिस बल व्यस्त है। पत्र में 1 फरवरी 2026 के बाद जाप्ता उपलब्ध कराने की बात कही गई थी।

इसके बाद उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा ने क्रमांक/न्याय/2026/80 के तहत पुनः पत्र भेजकर 13 फरवरी को अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस जाप्ता उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।

### 53 गांवों में हजारों बीघा चारागाह भूमि पर कब्जेः

प्रशासनिक रिकॉर्ड के अनुसार राजाखेड़ा तहसील व मुरैना उपतहसील क्षेत्र में 53 गांवों के अंतर्गत करीब 1896 हेक्टेयर, यानी लगभग 7489.20 बीघा चारागाह भूमि है, जिस पर लंबे समय से अतिक्रमण होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। बाजना ग्राम की चारागाह भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए गोविंदपुत्र जसवंत सिंह की ओर से जिला कलेक्टर के समक्ष भी पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है। प्रशासन का कहना है कि नियत तिथि पर पर्याप्त पुलिस बल मिलने के बाद चारागाह भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि सार्वजनिक उपयोग की इस भूमि को सुरक्षित किया जा सके।

## जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान फ्लैगशिप योजना, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई, सड़क मरम्मत, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल व साफ-सफाई की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं व बजट घोषणाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ मिल सके। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, जिला स्तरीय जनसुनवाई व प्रतिदिन जनसुनवाई में प्राप्त लंबित परिवादों की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण किया जाए। साथ ही न्यूज पेपर कटिंग्स पर भी चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि इन प्रकरणों को अत्यंत संवेदनशीलता व प्राथमिकता से लिया जाए तथा त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।बैठक में जिले में सड़कों की मरम्मत की स्थिति, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान नगर परिषद धौलपुर क्षेत्र में जल भराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी एवं साफ-सफाई व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। उन्होंने नालों की नियमित सफाई तथा जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गत साप्ताहिक बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि निर्देशों की अनुपालना में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने की कार्रवाई

## मैकडॉनल्ड् रेस्टोरेंट पर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक खाद्य तेल में फ्रेंच फ्राइस हो रही थी तैयार

### 100 किलो दूषित सामग्री नष्ट कराई

जयपुर टाइम्स




शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉक्टर टी शुभमंगला के निर्देश पर सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय की फूड सेफ्टी टीम ने गौरव टावर स्थित दो रेस्टोरेंट पर कार्यवाही करते हुए लगभग 100 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट करवाई। सी एम एच ओ जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि टीम को मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट में निरीक्षण के दौरान जिस रिफाइंड पामोलीन खाद्य तेल में फ्रेंच फ्राइस व अन्य खाद्य पदार्थ तले जा रहे थे उसका टी पी सी निर्धारित अधिकतम मात्रा 25 से बहुत अधिक पाया गया। जिस तेल में नॉन वेज फ्राई किया जा रहा था उस का टी पी सी 28 व जिसमें वेज खाद्य तेल जा रहे थे उसका टी पी सी 31 पाया गया जो कि स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। टी पी सी एक मापदंड है जो खाद्य तेल की क्वालिटी को बताता है। इसकी मात्रा 25 से अधिक होने पर तेल एक तरह से विषाक्त हो जाता है जिसमें कैंसरकारक तत्व बन जाते हैं और ट्रांस फैट की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है जो दिल की बीमारियों का बहुत बड़ा कारण है। टीम ने पाया कि मैकडॉनल्ड्स रेस्टोरेंट में जो तेल उपयोग में लिया जा रहा था यह अत्यधिक काला और और अनुपयोगी हो चुका था फिर भी इसे लगभग 150 डिग्री सेल्सियस पर गर्म कर उसमें खाद्य पदार्थ तले जा रहे थे। इस तेल के नमूने लेकर लगभग 40 लीटर तेल को नष्ट करवाया गया इस तेल ने सुबह से रात तक फ्राइंग की जा रही थी। मौके पर उपस्थित मैनेजर संभव भारद्वाज को तुरंत प्रभाव से फ्रेश तेल उपयोग में लेने के लिए पाबंद किया गया। रेस्टोरेंट को खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया जाएगा एवं नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। कोल्ड रूम में प्लास्टिक की कैरेट में सड़े गले टमाटर रखे थे मौके पर 40 किलो टमाटर नष्ट करवाए गए। एक अन्य रेस्टोरेंट चाट का चस्का में पाई गई दूषित खाद्य सामग्री लगभग 25 किलो को नष्ट करवाया गया व खाद्य तेल का एक नमूना लिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी,राजेश नागर के साथ प्रोबेशनरी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम शामिल रही।

त्यागी छात्रावास प्रकरण मामले में बढ़ रहा आक्रोश

# मुख्य आरोपी दिनेश त्यागी की गिरफ्तारी न होने पर भड़का आक्रोश

### महासभा ने भरी प्रदेशव्यापी आंदोलन की हुंकार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा ने धौलपुर स्थित त्यागी छात्रावास में घटित निंदनीय घटना और उसके मुख्य सूत्रधारों के विरुद्ध जिला प्रशासन की ढुलमुल कार्यप्रणाली पर गहरा रोष व्यक्त किया है। महासभा ने स्पष्ट किया है कि मुख्य आरोपी दिनेश त्यागी (संस्थापक - ऋषि गालव स्कूल) की गिरफ्तारी में देरी प्रशासन की नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करती है।



**प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवालः** महासभा ने आरोप लगाया कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी मुख्य साजिशकर्ता पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रशासन की ओर से आरोपी मनोज त्यागी को बिना पूर्ण जाँच के छोड़ देना इस संदेह को पुख्ता करता है कि जाँच की दिशा को जानबूझकर मोड़ा जा रहा है। समाज में यह धारणा प्रबल हो रही है कि प्रशासन दोषियों को ‘संरक्षण’ दे रहा है।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का कड़ा संदेश**

महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कड़े शब्दों में कहा कि हमारी लड़ाई उन युवाओं से नहीं है जो भ्रमित हुए, बल्कि उस षड्यंत्रकारी से है जो समाज की नई पौध के भविष्य में ज़हर घोल रहा है। दिनेश त्यागी इस पूरे खेल का मास्टरमाइंड है। समाज की अस्मिता से खिलवाड़ करने वाला कोई भी व्यक्ति बचना नहीं चाहिए। अगर प्रशासन ने पारदर्शिता नहीं दिखाई, तो महासभा ईंट से ईंट बजा देगी।

**प्रमुख निर्णयः 21 सदस्यीय निगरानी कमेटी गठितः**

समाज की महापंचायत में यह निर्णय लिया गया है कि प्रशासन की हर गतिविधि पर नज़र रखने के लिए 21 सदस्यीय विशेष कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी सुनिश्चित करेगी कि जाँच में किसी भी स्तर पर पक्षपात न हो।

**यह महासभा की मुख्य माँगेंः**

तत्काल गिरफ्तारीः मुख्य आरोपी दिनेश त्यागी को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

षड्यंत्र का पर्दाफाशः पर्दे के पीछे से खेल खेलने वाले सभी चेहरों को बेनकाब कर कठोर कार्यवाही हो। मनोज त्यागी को किन आधारों पर छोड़ा गया, इसकी स्पष्टता के साथ समयबद्ध जाँच सुनिश्चित हो।

कठोर कार्रवाईः समाज की युवा पीढ़ी को भड़काने और षड्यंत्र रचने वालों पर रासुका जैसी धाराओं के तहत कार्यवाही हो।

जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि धौलपुर प्रशासन की भूमिका अब तक अत्यंत निराशाजनक रही है। मुख्य आरोपी को बचाने का कोई भी प्रयास समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि शीघ्र प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई, तो समाज सड़कों पर उतरकर वृहद आंदोलन के लिए मजबूर होगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।